हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## ऑपरेशन सिंदूर : पहलगाम में 26 सुहागनों का सिंदूर पोंछने वाले आतंकियों का भारतीय सेना ने नामो-निशान धरती से मिटा दिया

पहलगाम आतंकी हमले का बदला पूरा.....देश ने 'जो चाहा'...पीएम मोदी ने 'वैसा ही' कर दिखाया

बहावलपुर में धमाके

**मंगलवार रात 1.05 मिनट से 1.30 बजे तक... वे 25 मिनट**

1 लश्कर-जैश के आतंकियों के 9 ठिकाने तबाह, 4 ड्रोन, हैमर बमों व 24 स्कैल्प मिसाइलों का इस्तेमाल

2 1971 के युद्ध के बाद भारतीन सेना पाक में करीब 100 किमी भीतर तक घुसी

3 इन नौ ठिकानों में से 5 पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे

4 एनएसए डोभाल ने इस ऑपरेशन को लीड किया

# अब 'प्रहार'...होगा 'लगातार'


मुरीदके आतंकी ठिकाने पर हमला

**सेना ने कहा-** आतंकी ठिकानों पर हमले होते रहेंगे। पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवणे ने कहा- पिक्चर अभी बाकी है यानी हमलों की यह श्रंखला चलने वाली है। 21 ठिकाने और नष्ट किए जाएंगे

### 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम के पीछे मकसद क्या?

- यह नाम पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया
- यह नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनको आतंकियों ने गहरा जख्म दिया
- ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग भी दो महिला सैन्य अफसरों से कराई। यह कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह हैं
- इससे दुनिया को यह संदेश दिया कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता। आतंक सिर्फ आतंक होता है।

**विदेश सचिव** विक्रम मिसरी ने कहा- हमने पाक पर हमला नहीं किया, हमने आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया। पाक ने जब इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो हम इनको न्याय के कठघरे में लाए

**आतंकियों ने** पहलगाम हमला सिर्फ दो मकसद से किया। पहला- जम्मू-कश्मीर की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को ठप करना। दूसरा- हिंदू-मुसलमानों को आपस में लड़ाना। लेकिन, भारत की एकता अटूट है




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। इतना ही नहीं भारतीय सेना के इस कार्रवाई में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के दस लोगों की मौत हो गई। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ठिकानों समेत आतंकियों के छिपने के नौ अड्डों को तबाह कर दिया।

## पीएम मोदी ने कहा-देश के लिए यह गर्व का पल



सीसीएस के अलावा पीएम मोदी ने कैबिनेट की बैठक भी की। प्रधानमंत्री ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना भी की। मोदी ने कहा कि ये पूरे देश के लिए गर्व के पल हैं। कैबिनेट बैठक में पीएम ने तीनों सेनाओं के पराक्रम के प्रति अपना गहरा सम्मान प्रकट किया।

### राजनाथ सिंह ने किया हनुमान जी के सिद्धांत का जिक्र

### हमने सिर्फ उन्हें मारा, जिन्होंने मासूमों को मारा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि हमारी सेना ने हनुमान जी के सिद्धांतों का पालन करते हुए सिर्फ उन्हें टारगेट किया, जिन्होंने भारत के मासूम नागरिकों को निशाना बनाया था। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें ठीक समय पर तय योजना के अनुसार, सटीकता से ध्वस्त किए। किसी भी नागरिक ठिकाने, सिविलियन पॉपुलेशन को जरा भी प्रभावित न होने देने की संवेदनशीलता भी हमारी सेना ने दिखाई है।

## भारत की बेटी से कहा था...जाओ मोदी को बता देना....कहने वाले आतंकियों की बर्बादी की दास्तां भी बेटियों ने ही सुनाई


**नई दिल्ली।** बीते 22 अप्रैल को आतंकियों ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी और जब एक बेटी ने कहा कि मुझे भी मार दो तो उसे जवाब दिया जाओ मोदी को बता देना। इसके जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। इसकी पूरी कहानी भारत की दो बेटियों ने प्रेस कान्फ्रेंस कर मीडिया को बताई। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एयरस्ट्राइक की जानकारी दी।


सोफिया कुरैशी


व्योमिका सिंह

## आतंकियों ये 9 ठिकाने तबाह

### मरकज सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर



अंतरराष्ट्रीय सीमा से 100 किमी दूर है। ये जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय था। यहां पर रिक्रूटमेंट, ट्रेनिंग और इनडॉक्ट्रिनेशन सेंटर भी था। शीर्ष आतंकी अक्सर यहां आते थे।

### मरकज तैयबा मुरीदके, पाकिस्तान



ये अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18-25 किमी की दूरी पर है। 2008 के मुंबई हमले के आतंकी भी यहीं से प्रशिक्षित हुए थे। अजमल कसाब और डेविड हेडली भी यहां ट्रेंड हुए थे।

### महमूना जाया कैंप, सियालकोट



अंतरराष्ट्रीय सीम से 12-18 किमी दूर था। ये हिज्ब-उल-मुजाहिदीन का बहुत बड़ा कैंप था। ये कठुआ जम्मू क्षेत्र में आतंक फैलाने का नियंत्रण केंद्र था। पठानकोट एयरबेस पर किया गया हमला भी इसी कैंप से प्लान और डायरेक्ट किया गया था।

### सरजल कैंप सियालकोट



अंतरराष्ट्रीय सीमा से 6 किमी की दूरी पर है। सांबा कठवा के सामने। मार्च 2025 में जम्मू-कश्मीर पुलिस के 4 जवानों की जो हत्या की गई थी उन आतंकवादियों को इसी जगह पर ट्रेंड किया गया था।

### अब्बास कैंप, कोटली



लश्कर-ए-तैयबा के फिदायीन यहां तैयार होते थे। इसकी कैपेसिटी 15 टेररिस्ट को ट्रेंड करने की थी।

### बरनाला कैंप, बिंबर



ये एलओसी से 9 किलोमीटर दूर है। यहां पर हथियार, हैंडलिंग, आईईडी और जंगल सर्वाइवल का प्रशिक्षण केंद्र था।

### गुलपुर कैंप, कोटली



ये एलओसी से 30 किमी दूर था। लश्कर-ए-तैयबा का बेस था जो राजौरी, पुंछ में सक्रिय था। 20 अप्रैल 2023 को पुंछ में और 9 जून 2024 को तीर्थयात्रियों के बस हमले में यहीं से आतंकियों को ट्रेंड किया गया था।

### सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद



यह जैश-ए-मोहम्मद का स्टेजिंग एरिया एलओसी से 30 किमी दूर है। ये हथियार, विस्फोटक और जंगल सरवाइवल ट्रेनिंग का कैंप भी था।

### सवाई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद



ये पीओजेके के लाइन ऑफ कंट्रोल से 30 किमी दूर है। ये लश्कर-ए-तैयबा का एक ट्रेनिंग सेंटर था। 20 अक्टूबर 2024 सोनमर्ग , 24 अक्टूबर 2024 गुलमर्ग, 22 अप्रैल 2025 पहलगाम, इन हमलों के आतंकियों ने यहीं से प्रशिक्षण लिया था।

## भारतीय जल, थल व वायु सेना ने गजब का समन्वय बनाकर जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ट्रेनिंग कैंप उड़ा दिए, पाक में छाया मातम

**विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया-हमला क्यों किया?**

## भारत पर और हमले की तैयारी में थे आतंकी



ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई मंगलवार देर रात करने के पीछे एक वजह यह भी था कि भारत को इस बात की ठोस खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी भारत के भीतर और हमले की तैयारी में हैं। यह जानकारी विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बुधवार को सुबह आपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। मिसरी ने कहा कि भारत ने सुबह सीमा पार हमलों का जवाब देने, उनका प्रतिरोध करने व रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। यह नपी-तुली, अनुपातिक व जिम्मेदारीपूर्ण है। यह आतंक की इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने भारत में भेजे जाने वाले संभावित आतंकवादियों को अक्षम बनाने के लिए की गई है। हमारी खुफिया निगरानी ने यह संकेत दिया है कि भारत के विरुद्ध आगे भी हमले हो सकते हैं अतः इनको और उनसे निपटना बेहद आवश्यक समझा गया है।

### क्या है स्कैल्प क्रूज मिसाइल



भारत ने इस हमले में स्कैल्प क्रूज मिसाइल, हैमर बम का इस्तेमाल किया। स्कैल्प एक लॉन्ग-रेंज क्रूज मिसाइल है, जिसे भारत सरकार ने फ्रांस से राफेल डील के तहत खरीदा है। इस मिसाइल की रेंज 500 किमी से अधिक है। वजन करीब 1,300 किग्रा है। यह जमीन के ऊपर उड़ती हुई रडार से बचकर लक्ष्य को भेदती है। टारगेट पर सर्जिकल प्रिसिशन के साथ हमला करती है, यह इन्फ्रारेड और जीपीएस नेविगेशन पर काम करती है, जिससे लक्ष्यों को पूरी तरह से नष्ट कर देती है। एक मिसाइल की अनुमानित कीमत करीब 30 से 35 करोड़ रुपये है।

### क्या हैं हैमर बम



हैमर बम भी फ्रांस में ही बना है। इस बम को लड़ाकू विमानों से दागा जाता है। यह जीपीएस, इनर्शियल नेविगेशन और लेजर गाइडेंस से निशाना लगाता है। यह विध्वंसक बम 60 से 70 किमी तक की रेंज में सटीक निशाना लगाने में सक्षम है। यह बम भूमिगत बंकरों और सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने में इस्तेमाल किया जाता है। इसका वजन 125 किग्रा से 1000 किग्रा तक होता है। इस बम को चलती गाड़ियों, बंकर, बिल्डिंग्स जैसे टारगेट्स को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। कीमत की बात करें तो प्रति बम लगभग 3-5 करोड़ है।

## फूट-फूटकर रोया सरगना अजहर, कहा- मैं क्यों नहीं मर गया

हमले में पूरा परिवार साफ...



मसूद अजहर ने बयान जारी कर बताया है कि हमले में उसके परिजनों के अलावा चार करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बहावलपुर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हुए हमले में जैश ए मोहम्मद चीफ मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसके पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों की मौत हुई है। हमले में मसूद अजहर के करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। अपनों के मारे जाने पर मसूद अजहर फूट-फूटकर रोया और कहा-मैं क्यों नहीं मर गया।

## इधर, पाक सेना की गोलीबारी में पुंछ में10 नागरिकों की मौत

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी सेना ने रातभर दर्जनों अग्रिम गांवों पर गोलाबारी की, जिसमें एक महिला और दो बच्चों समेत दस लोगों की मौत हो गई और करीब 50 लोग घायल हो गए हैं। सभी सात मौतें पुंछ में हुई हैं, गोलीबारी में सबसे ज्यादा प्रभावित पुंछ ही हुआ है। पाकिस्तानी सेना ने पुंछ, राजौरी और उरी में गोलीबारी की है। गोलीबारी में घरों को भी नुकसान पहुंचा है। कई वाहन जल गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर के तंगधार में नियंत्रण रेखा के पास आम कश्मीरी नागरिकों को निशाना बनाया है। तोपखाने की गोलाबारी में एक कश्मीरी नागरिक का पूरा घर जलकर खाक हो गया।




### पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भरी मांग

**हाजीपुर।** भारतीय सेना की पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पूरे देश में जश्न है। इस ऑपरेशन से लोकतंत्र की जन्मभूमि कहे जाने वाले बिहार के वैशाली जिले की कुछ महिलाओं का भी एक अनोखा व्रत पूरा हो गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में मारे गए लोगों की विधवाओं के साथ न्याय न होने तक हाजीपुर शहर की इन महिलाओं ने अपने माथे पर सिंदूर न लगाने का संकल्प लिया था। इन्होंने 15 दिनों तक अपनी मांग में सिंदूर नहीं लगाया।मंगलवार आधी रात को जब भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक हुई, तो बुधवार सुबह 10 बजे हाजीपुर के गांधी आश्रम के मंच पर इन महिलाओं ने एक-दूसरे के माथे में सिंदूर भरकर अपना व्रत पूरा किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### पीएम मोदी मोदी जो कहते हैं वह होता है

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना भी जगत जननी मां जगदंबा नवदुर्गा के समान शक्ति संपन्न है, जो दुश्मनों से निपटने में सक्षम है। पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है, पूरा देश गौरवान्वित है। ऑपरेशन सिंदूर नाम से ही स्पष्ट है, सिंदूर पर हाथ लगाने वाले-गलत निगाह दौड़ाने वाले को भारतीय सेना ने जवाब दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वह दृश्य अपने सामने दिखाई दे रहा है जिसमें पीएम मोदी ने कहा था कि हर वह स्थान और हर वह व्यक्ति जो भारत की तरफ गलत निगाह से दिखेगा उसे मिट्टी में मिला देंगे।



## यह भी सुरक्षा और कूटनीतिक ऐहतियात....

### 200 से अधिक उड़ानें रद्द, 18 हवाईअड्डे अस्थायी रूप से बंद



सुरक्षा के चलते श्रीनगर, जम्मू सहित 18 एयरपोर्ट बंद कर दिए गए और 200 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द हो गईं। इसमें अकेले इंडिगो ने लगभग 166 फ्लाइट कैंसिल की हैं। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट से भी कई उड़ाने रद्द कर दी गई है। बंद एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से भी 35 से ज्यादा फ्लाइट्स (23 डिपार्चर, 8 अराइवल और 4 इंटरनेशनल फ्लाइट्स) रद्द कर दी गई हैं। स्पाइसजेट ने कहा कि इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी कई फ्लाइट्स कैंसिल की हैं और यात्रियों को फुल रिफंड या वैकल्पिक उड़ान का विकल्प देने की बात कही है। जबकि कतर एयरवेज ने पाकिस्तानी एयरस्पेस बंद होने के कारण पाकिस्तान के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से रोक दी हैं।

### एनएसए डोभाल ने 8 देशों के समकक्षों से की बात



भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और यूएई जैसे आठ बड़े देशों से बात कर भारत के हमले की जानकारी दी। डोभाल ने सबसे पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एवं विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल से बातचीत कर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। डोभाल ने सऊदी अरब के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुसैद अल ऐबन से भी बातचीत की। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचएच शेख तहनून से भी फोन पर बातचीत कर डोभाल ने भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात की जानकारी दी। उन्होंने यूएई की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासचिव अली अल शम्सी से भी संपर्क किया। डोभाल ने जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मासाताका ओकानो से भी बातचीत की। भारत के एनएसए ने रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सेर्गेई शोइगु से भी संपर्क साधा। अजीत डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी से संपर्क किया। डोभाल ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इमैनुएल बॉन से भी बात की।

### पीएम मोदी की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा स्थगित

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा स्थगित कर दी गई है। मोदी 13 से 17 मई तक क्रोएशिया, नॉर्वे और नीदरलैंड की यात्रा करने वाले थे। प्रधानमंत्री को नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नॉर्वे जाना था। संबंधित देशों को इस निर्णय के बारे में सूचित कर दिया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपना रूस दौरा भी स्थगित कर दिया था। प्रधानमंत्री 9 मई को मॉस्को में होने वाली विजय दिवस परेड में शामिल होने वाले थे।*

# भारत ने अपने दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया 'ऑपरेशन सिंदूर' व जय हिंद के नारों की दहाड़ के साथ बदला लिया



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत की सैन्य कार्रवाई पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने बुधवार को कहा कि देश अपने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। भारत अपने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। भारत के दुश्मन चाहे कहीं भी हों, उन्हें उनके घर में घुसकर मारा जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार देर रात 'ऑपरेशन सिंदूर' का एक पोस्टर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें लिखा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माकूल जवाब दिया है और भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। इससे पहले शर्मा ने 'जय हिंद' के नारे के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' का एक पोस्टर पोस्ट करते हुए पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों पर की पहुंची भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई की प्रशंसा की थी।

*केंद्र सरकार ने पहलगाम हमले के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सत्तापक्ष के साथ विपक्ष ने भी इसका समर्थन किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए भारतीय सेना की तारीफ की है। उन्होंने लिखा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद!*

## राजनेताओं, विपक्षी दलों समेत सेलेब्स ने भी भारत की कार्रवाई की प्रशंसा की



नई दिल्ली। भारतीय सेना ने आतंकी कैंप ध्वस्त कर दिया।


### उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बोले

### 'शौर्य तेजः संयमश्च, यत्र भारतसैनिकाः। विजयं तेषु नित्यं स्यात, जयतु भारतमाता॥

देहरादून। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमलों के लिए भारतीय सेना को बुधवार को बधाई दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में धामी ने पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए कहा कि यह भारत की ओर से 'आतंकिस्तान' के खिलाफ जवाबी कार्रवाई है। एक अन्य पोस्ट में संस्कृत के श्लोक से शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा, 'शौर्य तेजः संयमश्च, यत्र भारतसैनिकाः। विजयं तेषु नित्यं स्यात, जयतु भारतमाता॥ उन्होंने इसका हिंदी में अनुवाद करते हुए लिखा, ''जहां भारत की सेना है, वहां शौर्य, तेज और अनुशासन है। उन्हें सदा विजय प्राप्त हो-भारत माता की जय।

### पूर्व मुख्यमंत्री चंपई भी दिखे खुश

## भारत हमले बर्दाश्त नहीं करेगा



जमशेदपुर। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओकेमें आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई के लिए बुधवार को भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। एक्स में लिखा, 'पहलगाम का बदला ले लिया गया है और आतंकवादियों की रीढ़ तोड़ दी गई है। हर भारतीय को हमारे सशस्त्र बलों पर गर्व है और देश के दुश्मनों को अकल्पनीय सजा देने कापीएम मोदी द्वारा किया गया वादा पूरा हुआ है। आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि भारत अपनी धरती पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### नीतीश ने पीएम मोदी के लिए कहा

## पीएम मोदी के नेतृत्व पर सभी को अटूट विश्वास और गर्व



पटना। पाकिस्तान के अंदर 100 किलोमीटर घुसकर आतंकवादियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त करने की भारत की तीनों सेना की संयुक्त कार्रवाई पर बिहार में खास से लेकर आम तक खुशी का इजहार कर रहा है। आम लोगों ने सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना और पीएम मोदी को लेकर गौरवपूर्ण बातें लिखीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने एक्स पर अपनी बातें शेयर कर लिखा, भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। आदरणीय पीएम मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है।

### शरद ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की

## हमले के बाद कोई मूकदर्शक नहीं रहेगा



मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना करते हुए बुधवार को कहा कि आतंकी हमले के बाद कोई भी देश मूकदर्शक नहीं बना रह सकता और अब दुनिया में यह संदेश गया है कि 'भारत आक्रामक है।' पवार ने एक पोस्ट में यह भी कहा कि उन्होंने इस 'ऑपरेशन' के बारे में पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की तथा इस कठिन समय में सरकार को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। पवार ने कहा कि इन आतंकवादी हमलों का जवाब देते समय सावधानी से कदम उठाना जरूरी था। इन हवाई हमलों के बाद दुनिया में यह संदेश गया है कि भारत आक्रामक है।

### सीएम फडणवीस ने कहा


## अब तो सबूत मांगने की कोई गुंजाइश नहीं



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और पीएम मोदी की बुधवार को सराहना की और कहा कि मिसाइल हमलों के वीडियो फुटेज सामने आने के बाद संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। फडणवीस ने एक वीडियो संदेश में कहा हम भारतीय सशस्त्र बलों और पीएममोदी को इस हमले के लिए बधाई देते हैं। यह एक सटीक हमला था जिसमें नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। इस बार हवाई हमले का वीडियो फुटेज उपलब्ध है, जिससे किसी के लिए भी इसका सबूत मांगने की कोई गुंजाइश नहीं है।

### आंध्र के मुख्यमंत्री ने कहा


## हमारा देश दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ रहा



अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी शिविरों पर सफल हमले के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। नायडू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए मैं भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर योद्धाओं को गर्व के साथ सलाम करता हूं। अपनी बहादुरी और सटीकता के साथ उन्होंने एक बार फिर दिखा दिया है कि हमारा देश अपनी रक्षा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ करेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व ने भारत की ताकत और दृढ़ संकल्प को देखा है। उन्होने 'एक्स' पर किए गए पोस्ट को साझा करते हुए जय हिंदलिखा। उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए प्रधानमंत्री मोदी और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उनके साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री मोदी को भी सेना के साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद।

### *विपक्षी दलों ने भी कार्रवाई को सही कदम बताया*

## हम सरकार और सेना के साथ हर कदम का समर्थनः कांग्रेस



इस सैन्य कार्रवाई पर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की तरफ से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया आई है। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी सरकार और सेना के साथ है और उनके हर कदम का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की हर कार्रवाई का समर्थन करती है। खरगे ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई भेदभाव नहीं है, सब एकजुट होकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना और उसके शौर्य व पराक्रम पर हमें गर्व है। कांग्रेस पार्टी देश के वीर जवानों के साथ है। खरगे ने कहा कि कार्य समिति की बैठक में पार्टी ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर से उत्पन्न आतंकवाद के विरुद्ध भारत की स्पष्ट और अडिग राष्ट्रीय नीति का समर्थन किया और भारतीय शस्त्र बलों के साहस को सलाम किया।

### तेजस्वी बोले

## हमें अपने वीर जवानों और भारतीय सेना पर गर्व



पटना। पहलगाम हमले के बाद आतंकी ठिकानों पर भारत की सटीक कार्रवाई पर आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा, जय हिंद, भारत माता की जय। न आतंक रहे न अलगाववाद। हमें अपने वीर जवानों और भारतीय सेना पर गर्व है।

## भारतीय सेना के साहसिक कदम सराहनीय, जय हिंद...!

पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर देश भर में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस



अभियान पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अपनी अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक संक्षिप्त संदेश देते हुए लिखा—"जय हिंद! जय इंडिया!" इस एक पंक्ति के संदेश में उन्होंने न केवल भारतीय सेना के साहसिक कदम की सराहना की, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए इस निर्णायक कदम को भी अप्रत्यक्ष समर्थन दिया।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह वक्तव्य ऐसे समय पर आया है जब केंद्र सरकार की ओर से भी 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को लेकर आधिकारिक पुष्टि की गई है। देश के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि भारत ने बीती रात एक पूर्व-नियोजित और सटीक सैन्य अभियान चलाया, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचों को पूरी तरह नष्ट किया गया।


माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश

महत्वपूर्ण सूचना - द्वितीय परीक्षा

वर्ष 2025 की हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा देने अथवा अंक सुधार के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अब तक आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों अथवा अंक सुधारने के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।
- द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे।
- द्वितीय परीक्षा में छात्र को अनुत्तीर्ण विषयों का चयन अनिवार्य है परन्तु उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक है।
- द्वितीय परीक्षा की अंक सूची मुख्य परीक्षा की भांति जारी की जायेगी।
- मंडल द्वारा जारी अंक सूची का अधिभार सर्वमान्य है।
- वर्ष 2025 की हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा दिनांक 17 जून 2025 से 26 जून 2025 तक एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा दिनांक 17 जून 2025 से 05 जुलाई 2025 तक प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
- अंतिम तिथि 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 07 मई 2025 से 21 मई 2025 की रात्रि 12:00 बजे तक आवेदन-पत्र भरे जा सकेंगे।


विस्तृत जानकारी एवं परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/119979/2025


## पीएम मोदी ने कहा-भारत के स्पेस मिशन का नया दौर शुरू

# स्टार्टअप्स की एंट्री से अब मिल रही नई उड़ान 2040 तक चांद पर हमारे एस्ट्रॉनॉट छोड़ेंगे 'निशान'

### ग्लोबल कांफ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन को किया संबोधित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल कांफ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भारत की अब तक की स्पेस जर्नी और आने वाले मिशनों को लेकर कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष सिर्फ एक मंजिल नहीं, बल्कि जिज्ञासा, हिम्मत और सामूहिक तरक्की की पहचान है। पीएम मोदी ने बताया कि जल्द ही एक भारतीय एस्ट्रॉनॉट इसरो- नासा के जॉइंट मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा करेगा। यह भारत की पहली ह्यूमन स्पेस फ्लाइट 'गगनयान' का अगला कदम है, जो देश की तकनीकी क्षमताओं और आत्मविश्वास को दर्शाता है। मोदी ने कहा कि भारत का लक्ष्य 2040 तक चांद पर अपने एस्ट्रॉनॉट्स के फुटप्रिंट छोड़ना है। इसके अलावा मंगल और शुक्र जैसे ग्रह भी भारत की अगली स्पेस प्लानिंग में शामिल हैं। 2035 तक भारत का खुद का 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' तैयार करने का प्लान है।

*'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' करेंगे तैयार*

**पीएम मोदी ने बताया भविष्य का रोडमैप**




### महिलाएं बन रहीं हैं स्पेस मिशन की लीडर

पीएम मोदी ने बताया कि भारत के कई अहम स्पेस मिशन की अगुवाई महिला साइंटिस्ट कर रही हैं। यह बदलाव न सिर्फ वैज्ञानिक विकास बल्कि सामाजिक बदलाव की भी तस्वीर दिखाता है। उन्होंने बताया कि भारत में अब 250 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप्स हैं जो सैटेलाइट टेक्नोलॉजी, इमेजिंग, प्रोपल्शन सिस्टम जैसे सेक्टर में काम कर रहे हैं। इससे इनोवेशन को बढ़ावा मिल रहा है और देश को नई टेक्नोलॉजी मिल रही है।

### भारत की बड़ी उड़ान... चंद्रयान से मंगल तक

पीएम ने भारत की पिछली उपलब्धियों पर भी बात की, जैसे चंद्रयान-1 से चांद पर पानी की खोज, चंद्रयान-2 से हाई-रेजोलूशन इमेज और चंद्रयान-3 के जरिए साउथ पोल पर लैंडिंग। इसके साथ ही 2014 में भारत ने पहले ही प्रयास में मंगल तक पहुंच कर इतिहास रचा था।

### 'वसुधैव कुटुंबकम' से जुड़ा भारत का स्पेस विजन

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का स्पेस मिशन सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के भले के लिए है। 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच के साथ भारत बाकी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहता है। उन्होंने जी 20 सैटेलाइट मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि यह ग्लोबल साउथ के लिए भारत की बड़ी देन होगी। भारत अब सिर्फ स्पेस में उड़ान नहीं भर रहा, बल्कि वहां अपनी छाप छोड़ रहा है। मोदी का यह संदेश दुनिया को भारत की स्पेस ताकत और उसकी भविष्य के रोडमैप दोनों को दिखाता है।

### आमजन को भी फायदा

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि स्पेस टेक्नोलॉजी का फायदा देश की आम जनता तक पहुंच रहा है। जैसे फिशरमैन को अलर्ट देना, मौसम की सटीक जानकारी, रेलवे की सुरक्षा और गतीशक्ति जैसी सरकारी योजनाओं में सैटेलाइट का इस्तेमाल हो रहा है।

जबलपुर
गुरुवार, 8 मई 2025
■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष-12
■ वर्ष : 20, अंक : 8
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 00
न्यून. 00
haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

04 आतंक के आकाओं को सिखाया

मैट्रो
14 एयर स्ट्राइक के बाद हर मुश्किल .....

• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक
पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111

मलबे से लोगों को बचाने का किया अभ्यास

### मप्र के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में मॉक ड्रिल

# ब्लैक आउट का सायरन, मॉल में आग बुझाने की एक्सरसाइज


जश्न का माहौल, ठाणे

• पुलिस, एयर फोर्स, एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ ने मिलकर रेस्क्यू सिखाया। टीम ने लोगों को बताया कि आगजनी या हमले के वक्त कैसे सुरक्षित रहें और दूसरों की मदद भी करें।


आईजीआई दिल्ली में अभ्यास

शाम 4 बजे से शुरू हुई मॉक ड्रिल को अलग-अलग लेवल पर बांटा गया

शाम 7.30 बजे से 12 मिनट के लिए ब्लैक आउट भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में मॉक ड्रिल की गई। शाम 4 बजे से शुरू हुई मॉक ड्रिल को अलग-अलग लेवल पर बांटा गया।

शाम 7.30 बजे से 12 मिनट के लिए ब्लैक आउट भी हुआ। जबलपुर के एक-एक मॉल और इंदौर के डेंटल कॉलेज में आग लगने का सीन क्रिएट किया गया। पुलिस, एयर फोर्स, एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ ने मिलकर रेस्क्यू सिखाया।

टीम ने लोगों को बताया कि आगजनी या हमले के वक्त कैसे सुरक्षित रहें और दूसरों की मदद भी करें। जबलपुर के मॉल में अचानक धुआं उठा। रेस्क्यू टीम तेजी से मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। इंदौर के मेडिकल कॉलेज में फंसे लोगों को रेस्क्यू किया गया।

### इंदौर: डेंटल कॉलेज और रेसीडेंसी कोठी में बचाव कार्य

यहां पर एक बिल्डिंग में हमले की आशंका का सीन क्रिएट किया गया। लोगों को बाहर निकालकर रेसीडेंसी कोठी के बंकर में सुरक्षित पहुंचाया गया है। एक डेंटल कॉलेज में आगजनी के दौरान लोगों को रेस्क्यू करने और सुरक्षित जगहों व अस्पताल ले जाने का अभ्यास किया गया। महू में भी मॉक ड्रिल की गई। इंदौर में ब्लैक आउट से पहले पुलिस की गाड़ी अनाउंस करते हुए निकली और कई सिटी बसें आकर खड़ी हो गईं। 10 मिनट पहले ही सारी लाइट बंद हो गईं। सिर्फ गिने-चुने वाहन चलते रहे।



### जबलपुर: बम गिराए

समदड़िया मॉल में प्रतीकात्मक तौर पर दो बम गिरे। मॉल की ऊपरी मंजिल पर आग लग गई। मॉल के प्रथम तल पर स्मोक बम भी आ गिरा और चारों तरफ धुआं ही धुआं हो गया। सायरन बज उठे। पुलिस, एंबुलेंस, फायर फाइटर के वाहन घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को रेस्क्यू किया।



### ग्वालियर



#### मलबे में फंसे लोगों को रेस्क्यू करना सिखाया

सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल के दौरान प्रतीकात्मक हवाई हमले में बिल्डिंग ध्वस्त हुई। रेलवे स्टेशन पर मलबे में फंसने का सीन क्रिएट किया गया। मलबे में कई लोग दबे। जिसके बाद घायलों को सुरक्षित मलबे से बाहर निकाला गया।

### कटनी



#### सायरन बजते ही फायर ब्रिगेड पहुंची

साधु राम स्कूल में सायरन बजते ही जवान अलर्ट हो गए। स्कूल की छत पर प्रतीकात्मक बम फेंका गया। इसके बाद जवान छत पर चढ़े। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं। आग बुझाने और यहां फंसे लोगों को बाहर निकालने की प्रैक्टिस की गई।

### डबरा

#### आग से बच्चों को बचाया गया

डबरा में कैंब्रिज स्कूल में मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान लगी आग से बच्चों को बचाने के लिए तत्काल स्कूल को खाली कराया गया। फायर इक्विपमेंट के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी बुलाया गया।

### इंदौर और ग्वालियर की सभी फ्लाइट कैंसिल




ग्वालियर के राजमाता एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। इंदौर से जम्मू और जोधपुर जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई है। दोनो विमानों की टिकट बुकिंग कराने वाले यात्रियों को सुबह उड़ान निरस्त होने वाले मैसेज आए। इंदौर से दिल्ली होते हुए श्रीनगर के लिए भी उड़ान जाती है। श्रीनगर तक जाने के लिए जिन यात्रियों ने टिकट खरीदे थे। वे दिल्ली एयरपोर्ट पर ही फंसे रहे। यह विमान रात को दिल्ली एयरपोर्ट पर जाता है और वहां से सुबह पांच बजे श्रीनगर के लिए उड़ान भरता है। श्रीनगर, जम्मू के अलावा लेह, चंडीगढ़,बीकानेर, जोधपुर, अमृतसर भुज और जामनगर की उड़ानें भी निरस्त हुई है,क्योंकि यह शहर पाकिस्तान के सीमा के करीबी शहरों में शामिल है।

## देशभर में कई जगहों पर युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए की तैयारी


मुंबई में रेस्क्यू का अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के आदेश पर बुधवार को देशभर में मॉक ड्रिल (आपातकालीन अभ्यास) आयोजित किया गया। इस कड़ी में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के टर्मिनल 3 पर भी एक बड़ी मॉक ड्रिल की गई। ड्रिल के दौरान सुरक्षा एजेंसियों और एयरपोर्ट स्टाफ ने मिलकर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया और यात्रियों को दिशा-निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए और क्या नहीं। दिल्ली, राजस्थान और हैदराबाद समेत देशभर में कई जगहों पर मॉक ड्रिल की गई।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पंजाब दिल्ली
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### प्रोपेन गैस से भरा टैंकर नेशनल हाईवे पर पलटा

**गुना।** गुना में नेशनल हाईवे पर प्रोपेन गैस से भरा टैंकर पलट गया। इसमें भारी मात्रा में गैस भरी हुई थी। हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। प्रशासन की टीम ने लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद तीन क्रेनों की मदद से उसे सीधा किया। दो फायर ब्रिगेड भी बुलाई गई थीं। टैंकर क्रमांक केए 01 एएम 2364 ने गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, विजयपुर से टैंकर में गैस भरी।

### भाई को बचाने कुए में कूदी बहन, 2 की मौत

**शहडोल।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम भाई-बहन की मौत हो गई। बनसुकली गांव में खेलते समय रितेश बैगा (8) कुए में गिर गया। बचाने के लिए बड़ी बहन मंजू बैगा (16) कूद गई। दोनों की डूबने से मौत हो गई। इस बीच, छोटी बहन गोमती बैगा (11) को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाल लिया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सीमावर्ती राज्यों में हाई अलर्ट जारी किया गया

# शाह ने सीमावर्ती 9 राज्यों के सीएम से की बैठक, अर्धसैनिक बलों की छुट्टियां रद्द

*वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, साथ ही लद्दाख के उपराज्यपाल शामिल हुए।*

**शाह ने कहा-** पाक व आतंकियों की हर हरकत पर पैनी नजर रखें

भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पाकिस्तान और नेपाल से सटी सीमाओं वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मुख्य सचिवों और डीजीपी की एक तत्काल बैठक बुलाई। यह बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए हमलों के मद्देनजर बुलाई गई।

चारधाम यात्रा व राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाई जाए

#### शाह ने सख्त निगरानी के दिए निर्देश

*गृह मंत्री ने पहले ही सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रमुखों को निर्देश दिया है कि वे अपने उन कर्मियों को वापस बुलाएं जो छुट्टी पर हैं। शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को सतर्क रहने और सख्त निगरानी रखने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत और इसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए दृढ़ संकल्पित है और भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।*

## अर्धसैनिक बलों के सभी डीजीपी से बात की

भारतीय सेना का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। इसका मतलब साफ है कि भारत आगे भी पाकिस्तान पर कार्रवाई कर सकता है। वहीं, इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अर्धसैनिक बलों के सभी डीजीपी से बात की। उन्होंने तत्काल प्रभाव से अर्धसैनिक बलों के सैनिकों की छुट्टियों को निरस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही अर्धसैनिक बलों के सैनिकों को तुरंत काम पर लौटने का निर्देश दिया।

#### शाह संग बैठक के बाद सीएम धामी एक्टिव

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की परिस्थितियों को देखते हुए चारधाम यात्रा, उत्तराखंड में स्थित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और बांधों और ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतेजाम किये जाएं। उन्होंने शासन, प्रशासन और पुलिस को भी अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करने के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे राज्य के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए जाएं, सीमांत क्षेत्रों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए।

### 25 मई 2023 को बने थे सीबीआई डायरेक्टर

## प्रवीण सूद बने रहेंगे सीबीआई के निदेशक, दिया सेवा विस्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई 2023 को दो साल के कार्यकाल के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था।

■ कर्नाटक के डीजीपी भी रह चुके हैं सूद

अधिकारियों ने बताया कि उनका कार्यकाल बढ़ाने का फैसला सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक में लिया गया।

#### न्यूयॉर्क से भी हासिल की डिग्री

उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु और न्यूयॉर्क में सिरैक्यूज़ विश्वविद्यालय के मैक्सवेल स्कूल ऑफ़ गवर्नेंस से स्नातकोत्तर की डिग्री भी प्राप्त की है।

### सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

## ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष के साथ होगी चर्चा, एकजुट देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सभी राजनीतिक दलों की एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक गुरुवार सुबह 11 बजे संसद भवन परिसर में आयोजित होगी। सरकार का उद्देश्य विपक्षी दलों को ऑपरेशन के विवरण और आगे की रणनीति से अवगत कराना है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट कर ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय नेताओं की यह बैठक संसद पुस्तकालय भवन के समिति कक्ष जी-074 में होगी। भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मई की तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए। **सर्वदलीय बैठक का महत्व:** सर्वदलीय बैठक का आयोजन आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय एकजुटता प्रदर्शित करने और ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति पर चर्चा करने के लिए किया जा रहा है।

### अस्पताल ले जाते समय भागने का प्रयास किया

हिंदू लड़कियों को टारगेट कर अश्लील फोटो-वीडियो बनाए

## उज्जैन में लव जिहाद के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

भोपाल के बाद अब उज्जैन में भी लव जिहाद का मामला सामने आया है। शहर से 35 किलोमीटर दूर बिछड़ोद में हिंदू लड़कियों को टारगेट कर अश्लील फोटो-वीडियो बनाए गए। इन्हें वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया गया। अब तक 4 पीड़ित लड़कियों का पता चला है।

इनमें 2 नाबालिगों में से एक को ईद के दिन जबरन गले लगाकर फोटो-वीडियो बनाए गए। फिर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया गया। मामला तब उजागर हुआ, जब एक लड़की का अश्लील वीडियो गांव में वायरल हो गया।



वीडियो के आधार पर ग्रामीणों ने मंगलवार को गांव के ही फरमान मंसूरी (19) सहित एक अन्य लड़के को दबोच लिया। उज्जैन लाते वक्त फरमान ने पुलिस से रायफल छीनकर भागने की कोशिश की। शॉर्ट एनकाउंटर में उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे उज्जैन जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक, फरमान ने रात में सीने में दर्द का बहाना बनाया था। जिस पर पुलिस इलाज के लिए उसे उज्जैन ला रही थी। इसी दौरान निपानिया के पास आरोपी ने भागने का प्रयास किया। पेशाब जाने के बहाने आरक्षक से राइफल छीनकर पुलिस पर दो फायर किए।

### पीथमपुर के डायपर फैक्ट्री में आग

## 7 घंटे बाद आग पर पाया जा सका काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पीथमपुर

औद्योगिक क्षेत्र में श्रीनिवास पुलिफैब्रिक्स पैकविल प्राइवेट लिमिटेड में बुधवार सुबह करीब 6 बजे लगी भीषण आग पर करीब 7 घंटे बाद काबू पा लिया है। यह कंपनी डायपर का निर्माण करती है। आग लगने की सूचना पर सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र को खाली करवाया।

■ चार शहरों की फायर ब्रिगेड की टीम जुटी

4 शहरों धार, देपालपुर, महू और इंदौर और प्राइवेट कंपनियों के फायर फाइटर ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग कंपनी के काफी बड़े हिस्से में फैली थी। फैक्ट्री मैनेजर अजय ढोली ने बताया, कंपनी में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। नगर पालिका के पानी के टैंकर भी लगातार पानी की आपूर्ति करते रहे। कच्चा व तैयार माल जलकर नष्ट हो चुका है।

## चिंतन

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंक पर भारत का करारा प्रहार

भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों के नौ ठिकानों को ध्वस्त करके पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर के जरिये अपना शौर्य दिखाया और पाकिस्तान की सीमा में घुसे बगैर पिन प्वाइंट करके टार्गेट पर सटीक हमला किया। ये हमले पीओके और पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों पर किए गए। इनमें कई आतंकियों की जान भी गई है। भारत ने इस सैन्य ऑपरेशन से आतंकी गुटों और इसके सरपरस्तों को करारा जवाब दिया है कि वे भारत पर हमला करके बच नहीं सकते हैं। नया भारत शांति के पुजारी के साथ-साथ दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने की क्षमता भी रखता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने निहत्थे बेकसूर पर्यटकों के समूह पर धर्म पूछकर हिंदुओं पर हमला किया, जिसमें 26 पर्यटक व एक स्थानीय नागरिक मारे गए। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है। इससे साफ हो गया था कि पहलगाम में टीआरएफ के आतंकी हमले पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों की करतूत है। पाकिस्तान में लश्करे तैयबा, जैश ए मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आधा दर्जन आतंकी गुट पाकिस्तान एटाब्लिशमेंट की सरपरस्ती में भारत में आतंकी हमले में लिप्त है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंक की नस काटने के लिए अनेक कदम उठाए। सिंधु जल संधि को निलंबित किया, चिनाब का पानी रोका, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया, पाकिस्तान के नागरिकों को भेजा, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की, ट्रेड पूरी तरह बंद किया, हवाई क्षेत्र बंद किए, पाक के यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए गए। इसके बाद आखिर में सेना ने पाक स्थित आतंकी अड्डों को एयर स्टाइक करके नेस्तनाबूद किया। इस दौरान भारत ने ध्यान रखा है कि पाक के सामान्य नागरिकों, पाक फौज के क्षेत्र और पाक के सरकारी प्रतिष्ठानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। इसके बाद से बौखलाया पाकिस्तान सीमा पार से एलओसी पर लगातार सीज फायर का उल्लंघन कर गोलीबारी कर रहा है, जिसमें करीब 15 भारतीय नागरिक मारे गए हैं, भारत इस गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। देश इस वक्त हाई अलर्ट पर है और पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस के लिए तैयार है। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमेशा जारी रखेगा और आतंक के आकाओं का खात्मा करता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर, सैयदना बिलाल कैंप, कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप, अब्बास कैंप, भिम्बर का बरनाला कैंप, सियालकोट का सरजल कैंप व हिजबुल महमूना जाया कैंप, मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप, बहावलपुर में जैश का हेडक्वार्टर मस्जिद सुभान अल्लाह जैसे अहम आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके दहशतगर्दी के ढांचे की कमर तोड़ी गई है। आतंक के इन्हीं अड्डों से भारत के खिलाफ आतंकवादी कुकृत्यों को अंजाम दिए जाते रहे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने और भविष्य में ऐसे किसी हमले को रोकने के लिए 'नपी-तुली, टकराव को न बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना' कार्रवाई की। भारत ने आतंकियों को कड़ा सबक सिखाया है। भारत ने मिसाइल हमले कर बता दिया है कि हमारा दायरा सीमित नहीं है, आतंक के खिलाफ हम कहीं भी कार्रवाई कर सकते हैं।

# आतंक के आकाओं को सिखाया सबक



ऑपरेशन सिंदूर
विकेश कुमार बडोला

भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। हमले के चलते पाकिस्तान ने अपने लाहौर व सियालकोट दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है।

पहलगाम नरसंहार के बाद भारतवर्ष के समक्ष अपनी लोकतांत्रिक और सर्वोपरि सैन्य अस्मिता की रक्षा करने की चुनौती थी, जो उसने अपनी वायु सेना के अदम्य पराक्रम की सहायता से मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि के बाद एक बजे पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर के नौ ठिकानों पर हवाई हमला करके समाप्त कर दी। जिन क्षेत्रों पर प्रक्षेपास्त्र अस्त्र छोड़े गये हैं वे बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में स्थित हैं। यही वे ठिकाने हैं जहां से भारत पर आतंकी हमलों का षड्यंत्र किया जा रहा था और यहीं से प्रमुख आतंकवादियों द्वारा आतंकी हमलों के आदेश दिये जा रहे थे। हालांकि पाकिस्तान अखबार डॉन के अनुसार इस हमले में 3 लोगों की मौत हुई है और 12 लोग घायल हुए हैं।

दूसरी ओर कल रात के प्रतिशोधपरक हमले के बाद भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। जिन पाकिस्तानी क्षेत्रों पर हमला हुआ है चूंकि वे लाहौर व सियालकोट एयरपोर्ट के समीप हैं अतः पाकिस्तान ने अपने इन दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है। हमले की प्रतिक्रिया में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि भारत ने पाकिस्तान के पांच स्थानों पर हमला किया है और वे इसका करारा जवाब देंगे। उनके अनुसार उन पर जंग थोपी जा रही है। दोनों देशों के बीच विगत एक पखवाड़े से चली आ रही युद्ध की आशंकाओं के बाद भारत की एयर स्ट्राइक के संबंध में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपने अमेरिकी समकक्ष से भी बात की। इससे पहले शासन ने 6 मई को पाक के साथ भारत के संभावित युद्ध होने की स्थिति में भारत पर शत्रु देश के हमले की स्थिति में सार्वजनिक जनजीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत एक मॉक ड्रिल यानी सुरक्षा संबंधी पूर्वाभ्यास के बारे में भारतभर में जागरुकता संदेश प्रसारित किया है। यह अभ्यास 7 मई को अपराह्न व संध्याकाल में विधिवत ढंग से पूर्ण कर लिया गया है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान तथा उसके आतंकवादियों पर भारतीय जनाक्रोश के बढ़ते रहने के कारण भारत के शासन पर जिस प्रकार शत्रु देश की शरण वाले आतंकवादियों व उनके ठिकानों को खत्म करने का उत्तरदायित्व आ पड़ा था, अंततः शासन ने अपना वह उत्तरदायित्व पूर्ण कर लिया है। इससे पहले एक गणतांत्रिक देश के समीचीन उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते हुए भारत ने पहलगाम में अपने नागरिकों की क्रूरतम हत्याओं के बाद दोषी आतंकी गिरोहों की शरणस्थली में परिवर्तित पाकिस्तान को विभिन्न मोर्चों पर दबाने व अपमानित करने के भरसक प्रयास किये। आरंभ में अटारी-वाघा सीमा बंद करने, सिंधु जल समझौता निरस्त करने, समझौते के तहत निर्धारित



पाकिस्तान के हिस्से वाली नदियों के बांधों पर पानी रोकने, पाक राजनयिकों समेत नागरिकों को भारत छोड़ने और पाक से अपने राजनयिकों व नागरिकों को वापस बुलाने, उसके साथ हर तरह का आयात-निर्यात बंद करने, डाक कूरियर और पत्राचार सेवा बंद करने, अपने हवाई क्षेत्र को उसके लिए पूर्णतः बंद करने, वहां के विवादित यूट्यूब चैनलों सहित कई ट्विटर खातों को भारत में प्रतिबंधित करने, सिनेमा खेल इत्यादि अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक संपर्क विच्छेद करने, इत्यादि अनेक ऐसे निर्णय पहलगाम हमले में दिवंगत अपने नागरिकों के गहन प्रतिशोध को इंगित करते हुए प्रतीत हुए थे। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा की स्थायी व अस्थायी परिषदों में पाकिस्तान को आतंक पोषण-संरक्षण की उसकी करतूतों के लिए पूरी तरह उत्तरदायी ठहराने के बाद उस पर इन ऐसी संस्थाओं द्वारा भविष्य में लगाये जा सकने वाले हरसंभव प्रतिबंध के लिए जमीन तैयार करने के लिए भी भारत ने चाकचौबंद पूर्वव्यवस्था कर दी है। पाकिस्तान की ओर बहने वाली सभी नदियों के बांधों के पानी को रोकने जैसे निर्णय अंततः पाकिस्तान में भयंकर उथल-पुथल मचायेंगे। विगत में 2019 के आसपास भारत ने एफएटीएफ के माध्यम से पाक को उसकी आतंकी करतूतों के लिए ग्रे सूची में डालने में सफलता पाई है, लेकिन एक बार यदि वह ब्लैक लिस्ट हो जाता है, तो दुनिया की किसी भी सार्वजनिक संस्था के माध्यम से उसे कर्ज नहीं मिल सकेगा। जो देश कर्ज के बूते ही किसी तरह अपनी नैया पार लगाने की जुगत में रहा है, उसके लिये यह कार्रवाई पूरी तरह बर्बाद होने की स्थिति ही होगी। फिलहाल पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्की और अजरबेजान के अतिरिक्त कोई अन्य देश खड़ा दिखाई नहीं दे रहा। चीन भी केवल और केवल किंचित न्यून अप्रत्यक्ष रूप में इसलिए पाक के साथ खड़े होने का आभास करा रहा है क्योंकि चीन-पाक आर्थिक गलियारे में चीन द्वारा किये गये निवेश के तहत उसकी अनेक महत्वपूर्ण संरचनाएं पाक में स्थित हैं। चीन को केवल उन संरचनाओं की चिंता है ना कि पाकिस्तान के बर्बाद होने की। अर्थ-व्यापार के लिए भारत पर अत्यधिक निर्भर चीन के लिए संभव नहीं होगा कि वह पाकिस्तान के दीर्घकालीन सैन्य हितों अथवा भारत के साथ युद्ध में उलझने वाले पाकिस्तान के प्रत्यक्ष आर्थिक-सामरिक हितों के लिए उसका सीधा साथ दे सके। तुर्की भी कहीं न कहीं अपने किसी हित के लिए पाकिस्तान के समर्थन में कूदा हुआ है, जो अंततः पाक को पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ा हुआ ही दिखाता है। इसके विपरीत भारत की बढ़ती आर्थिक हैसियत और लगभग हर क्षेत्र में एक गहन उत्तरदायी गणतांत्रिक देश के रूप में प्रतिबिंबित भारतीय छवि के आकर्षण में बंधकर आज रूस, अमेरिका, जापान, फ्रांस बहुत हद तक भारत के साथ हैं। जर्मनी, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कोरिया, कनाडा, इत्यादि देश भी भारत की बढ़ते अर्थप्रभुत्व के कारण भारत के साथ ही हैं। फ्रांस के साथ तो पहलगाम नरसंहार के बाद भारत-पाक के मध्य उभरी युद्धक आशंकाओं के आलोक में भारत ने राफेल विमान खरीदने की 63000 करोड़ की डील को अंतिम रूप भी दे दिया है। रूस से भी भारत को एक मिसाइल प्रौद्योगिकी मिल चुकी है, जो शीघ्र ही भारतीय सैन्य बेड़े में सम्मिलित होगी। रूस के राष्ट्रपति पहलगाम हमले के बाद स्पष्ट रूप में वक्तव्य दे चुके हैं कि वे हर हालत में भारत के साथ हैं।जापान के रक्षा मंत्री ने भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ नई दिल्ली में प्रत्यक्ष भेंटवार्ता करते हुए स्पष्ट किया है कि उनका देश भारतीय हितों के साथ खड़ा है। इन परिस्थितियों में साफ-साफ दिखाई देता है कि पाकिस्तान के साथ चाहे सैन्य युद्ध की परिस्थितियां निर्मित हों चाहे कोई अन्य तरह का तनाव, भारत का पलड़ा बहुत भारी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
विनोद पाठक



# पाक सेना की पकड़ से छूट रहा पाकिस्तान!

नौ मई 2023 का दिन पाकिस्तानी सेना कभी भूलेगी नहीं, उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने पाकिस्तान में उस भ्रम को तोड़ दिया था कि वहां सेना को कोई चुनौती नहीं दे सकता। इमरान समर्थकों ने न केवल 20 से ज्यादा सैन्य और सरकारी भवनों पर हमला किया था, बल्कि रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय में घुसकर तोड़-फोड़ की थी। तब एक तरह से पाकिस्तान की जनता का विश्वास अपनी सेना से उठ गया था। पाकिस्तानी सेना की इज्जत मिट्टी में मिल गई थी। ठीक दो साल बाद 6-7 मई की मध्यरात्रि को भी पाकिस्तान सेना भूलेगी नहीं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के ठीक दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान सेना के चेहरे से एक और नकाब उतार दिया है। यह स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान सेना की और दुर्गति देखने को मिलेगी। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में नागरिक सरकार सिर्फ एक मुखौटा भर है। पाकिस्तान सेना ही देश को चलाती है। अपनी झूठी प्रतिष्ठा को बचाए रखने के लिए पाकिस्तान सेना केवल और केवल प्रोपेगेंडा का सहारा लेती है। 1965 के भारत-पाक युद्ध, जिसमें पाकिस्तान सेना की करारी हार हुई थी, में वो खुद को विजेता घोषित बताती आ रही है। हर वर्ष 6 सितंबर को 'रक्षा दिवस' या 'यौम-ए-दिफा' मनाती आ रही है, जबकि 1965 में तथाकथित मजबूत पाकिस्तान सेना की पोल 1971 में तब खुल गई थी, जब भारतीय सेना ने न केवल उसे पटखनी दी, बल्कि पाकिस्तान के दो टुकड़े भी करा दिए थे। 1971 भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान सेना के जनरल जिया-उल-हक ने मार्शल लॉ लगाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। साढ़े चार दशक से पाकिस्तान की जनता अपनी सेना के झूठ को सच मानकर झूम रही थी, लेकिन अब लग रहा है कि जनता का मन सेना से भर गया है। बलूचिस्तान हो या खैबर पख्तूनख्वा या पाक अधिकृत कश्मीर, हर तरफ से पाकिस्तान सेना के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सेना पर लगातार हमले हो रहे हैं। पाकिस्तानी सैनिक मारे जा रहे हैं। विद्रोह को दबाने के लिए पाकिस्तान सेना ने जुल्म की इंतहां की हुई है। जो कोई पाकिस्तान सेना के खिलाफ कुछ बोलता है, या तो वो जेल में होता है या देश छोड़कर उसे भागने पर विवश होना पड़ता है। पाकिस्तान सेना के कुछ और झूठों पर नजर डालते हैं। 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना की स्ट्राइक को पाकिस्तान सेना ने सिरे से नकार दिया था, जबकि उसे नुकसान हुआ था। 2019 में पुलवामा के बाद जब भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की तो पाकिस्तान सेना ने उसे बिना किसी नुकसान वाला बता डाला था, जबकि बालाकोट में जिस आतंकी ठिकाने पर भारतीय वायुसेना ने मिसाइल गिराई थीं, वहां चार महीने मीडिया को जाने नहीं दिया गया था। भारतीय एयर स्ट्राइक के अगले दिन पाकिस्तान वायुसेना ने जवाबी हमला किया था, जिसमें भारतीय वायुसेवा के पायलट अभिनंदन पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू जहाज का पीछा करते हुए एलओसी पार कर गए थे और उनके मिग-21 बाइसन ने एफ-16 को मिसाइल से शूट कर दिया था। हालांकि, अभिनंदन का विमान भी मिसाइल लगने से क्रैश हो गया था। पाकिस्तान सेना की सोशल मीडिया टीम यह भ्रम फैलाकर अपनी जनता को उल्लू बना रही है कि उसने भारतीय वायुसेवा के लड़ाकू जहाजों को गिराया है, जबकि भारत सरकार और सेना यह साफ कर चुकी है कि सभी पायलट सुरक्षित हैं। कोई जहाज नष्ट नहीं हुआ है। दरअसल, दुनिया में एक मजाक चलता है कि सभी देशों को फौज मिली है, लेकिन पाकिस्तान में फौज को एक देश मिला है। अपने फायदे के लिए पाकिस्तान सेना शुरू से वहां आतंक को पालती आ रही है। पाकिस्तान सेना के जनरलों ने अरबों अमेरिकी डॉलर आतंकवाद के नाम पर डकारे हैं। अब पाकिस्तान सेना का बुरा समय शुरू हो गया है। जिस आतंकवाद रूपी जहरीले सांप को उसने पाला था, वही उसे डस रहा है। पाकिस्तान सेना के खिलाफ देश के भीतर से आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा से बगावत के सुर बुलंद हो चले हैं। पाकिस्तान सेना को वहां के लोग ही उसका असली चेहरा दिखा रहे हैं। भारत के लिए यह सुनहरा अवसर है। भारत को चाहिए कि वो पाकिस्तान सेना की कमर तोड़ दे। ऑपरेशन सिंदूर तक न रुके। जैसा कुछ पूर्व भारतीय जनरल कह रहे हैं कि यह ऑपरेशन सिंदूर का फेस वन है। आवश्यकता पाकिस्तान सेना को हर तरीके से नुकसान पहुंचाने और बेनकाब करने की है। आतंकी पाकिस्तान सेना का फन कुचलने तक भारत को रुकना नहीं चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सिद्धार्थ से बुद्धत्व तक की यात्रा



संकलित
**दर्शन**

जन्म, संबोधि और निर्वाण- बुद्ध के जीवन की ये तीन महत्वपूर्ण घटनाएं वैशाख पूर्णिमा के दिन हुईं। यह सिद्धार्थ के बुद्धत्व तक की यात्रा है, जिसमें उन्होंने जन-कल्याण के लिए महानिर्वाण को भी त्याग दिया। बुद्ध का हृदय करुणाशील था, जैसे उनके हृदय में करुणा का सागर हिलोरें ले रहा हो। यह करुणा ही उनके सूत्रों को मानवता के कल्याण का प्रेरक बनाती है। उनका उद्देश्य केवल बाहरी दुनिया को बदलना नहीं था, बल्कि अंदर की स्थिति को बाहरी जगत से एकीकृत करना था। बुद्ध का एक प्रसिद्ध धम्मसूत्र है- मनुष्य का जीवित रहना भी दुर्लभ है, सद्धर्म का श्रवण करना भी दुर्लभ है और बुद्धों का उत्पन्न होना भी दुर्लभ है। मनुष्य होना इतना आसान नहीं है, इतना सरल नहीं है। हालांकि हमें यही लगता है कि डेढ़ अरब से अधिक जनसंख्या अकेले भारत की ही है। इसका मतलब मानव जन्म सुलभ है, तभी तो सब पैदा हो गए। पर बुद्ध ने कुछ सोच-समझकर ही ऐसा कहा होगा क्योंकि बुद्ध ऐसे व्यक्ति हैं, जो सिर्फ बोलने के लिए कोई बात नहीं बोलते, बल्कि विज्ञान, तर्क, बुद्धि, विवेक आदि का उपयोग करने के बाद ही मुख से वचन निकालते हैं। उनके कहने का अभिप्राय यह है कि सिर्फ मनुष्य का शरीर पाया तो क्या पाया, अगर मनुष्यता नहीं पाई तो मनुष्य कहां से हुआ! मनुष्य शरीर कीमती है, निश्चित ही कीमती है, लेकिन मनुष्य का शरीर मिल गया, अब और कुछ नहीं चाहिए; ऐसा नहीं है। जैसे गुलाब का बीज तुम्हारे हाथ में हो, लेकिन उस बीज को जब तक तुम धरती में नहीं डालो और वह पौधा न बने, उसमें फूल न लगें, तब तक आप उस बीज से निकलने वाले फूलों की खुशबू नहीं ले सकते।

# दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी से बचें



संकलित
**प्रेरणा**

चाणक्य का मानना था कि जीवन में बहुत से लोग होते हैं, जिनका साथ हमारे लिए हानिकारक हो सकता है। विशेष रूप से दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी लोग हमारी मानसिक शांति को भंग कर सकते हैं। आचार्य चाणक्य ने अपनी नीति में दुष्ट लोगों से बचने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया है और इसके लिए उन्होंने सांप की तुलना का प्रयोग किया है। दुष्ट व्यक्ति और सांप की तुलना की जाए तो सांप बेहतर है, क्योंकि सांप एक बार डसता है, जबकि दुष्ट व्यक्ति हर कदम पर धोखा देता है। चाणक्य का मानना था कि दुष्ट व्यक्ति को पहचानना बहुत जरूरी है क्योंकि वह हमें बार-बार नुकसान पहुंचाता है। वे केवल एक बार नहीं, बल्कि हर समय हमें धोखा देने की कोशिश करते हैं। इसके विपरीत, सांप अपनी रक्षा के लिए डसता है, इसलिए हमें सांप से ज्यादा डरने की आवश्यकता नहीं है। चाणक्य का यह संदेश है कि हमें दुष्ट लोगों से हर हाल में बचना चाहिए क्योंकि उनका साथ हमारे जीवन को नष्ट कर सकता है। चाणक्य नीति में कहा गया है कि दुष्ट राजा, मित्र या शिष्य से हमें दूर रहना चाहिए, क्योंकि ये हमारे जीवन की सुख-शांति को भंग कर सकते हैं। एक दुष्ट राजा की तुलना में प्रजा कभी सुखी नहीं रह सकती। इसी तरह, एक दुष्ट मित्र या शिष्य से हमें बहुत कम लाभ मिलेगा। चाणक्य ने मूर्खों, निर्धन लोगों और वेश्याओं से भी दूरी बनाने की सलाह दी है, क्योंकि ये लोग हमेशा किसी न किसी प्रकार से हमारी प्रगति में रुकावट डाल सकते हैं।

## सटका



## आज की पाती

### शादियों में दिखावा, गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए। *-विनय कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### मुक्त व्यापार समझौता



ब्रिटेन के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करके, भारत ने एक मील का पत्थर स्थापित किया है। यह व्यापक भलाई के लिए वैश्विक सहयोग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर अडिग है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना



आईटीआई उन्नयन के लिए राष्ट्रीय योजना और भुवनेश्वर सहित पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना को मंजूरी, कुल 60,000 करोड़ रुपये के परिव्यय से कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को गति मिलेगी।
**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### भारतीय सेना का अभिनंदन



'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर कायर आतंकियों को मिटाने का काम भारत ने करके दिखाया! पहलगाम हमले का पाकिस्तान को करारा और शक्तिशाली जवाब देने के लिए भारतीय सेना को मनःपूर्वक अभिनंदन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभार!
**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**


### योद्धाओं को सलाम



पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर योद्धाओं को गर्व के साथ सलाम। अपनी बहादुरी और सटीकता के साथ उन्होंने एक बार फिर दिखा दिया है कि हमारा देश अपनी रक्षा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ करेगा।
**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

## करंट अफेयर

# सोमनाथ मंदिर के लिए पाक से लाया गया था सिंधु का जल



आजादी के बमुश्किल चार साल बाद प्राचीन सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार से जुड़े एक अनुष्ठान के लिए पाकिस्तान से सिंधु नदी का जल मांगा गया था और वहां तैनात तत्कालीन भारतीय राजनयिक ने नयी दिल्ली को सूचित किया था कि पाकिस्तान सरकार इस पर कोई आपत्ति नहीं करेगी। अभिलेखीय दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। ये दस्तावेज भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के पास हैं। एक प्रमुख भारतीय राष्ट्रीय दैनिक में हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 1951 में तत्कालीन रियासत के प्रमुख ने अनुष्ठान के लिए पाकिस्तान के सिंधु नदी से कुछ जल मंगाने के लिए भारतीय अधिकारियों को अनुरोध भेजा था। यह मंदिर से संबंधित समारोह के लिए विभिन्न स्थानों से जल और मिट्टी एकत्र करने के प्रयासों का हिस्सा था। यह घटना सिंधु जल संधि से नौ साल पहले की है, जिस पर भारत और पाकिस्तान के बीच सितंबर 1960 में कराची में हस्ताक्षर किए गए थे। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद नयी दिल्ली ने इस समझौते को निलंबित कर दिया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। दिल्ली स्थित भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) भारत सरकार के पुराने अभिलेखों का संरक्षक है तथा प्रशासकों और शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए उन्हें रखता है।

## ऑफ बीट

# अंतरिक्ष यात्री शुक्ला को मिलेगा भारतीय भोजन



भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस महीने के अंत में प्रक्षेपित होने वाले एक्सिओम मिशन 4 के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के चावल, मूंग दाल के हलवे और आम के रस का स्वाद ले सकेंगे। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 दिन बिताएंगे। उनके पास नासा द्वारा मिशन के लिए अनुमोदित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा। इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चावल के व्यंजन, मूंग दाल का हलवा और आम का रस सहित अन्य व्यंजन विकसित किए हैं। इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक डी.के. सिंह ने कहा, 'शुक्ला जी को 'घर का खाना' मिलेगा और उनके पास नासा द्वारा अनुमोदित अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा। उन्होंने कहा कि इसरो और डीआरडीओ ने गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खाद्य पदार्थ विकसित किए हैं और नासा की मंजूरी से इन्हें शुक्ला को उपलब्ध कराया जा रहा है। एक्सिओम स्पेस ने पिछले महीने एक्सिओम मिशन 4 के चालक दल के सदस्यों का एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वे आईएसएस के लिए उपलब्ध विभिन्न खाद्य विकल्पों का स्वाद लेते नजर आ रहे थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

जिला अदालत ने निरस्त की अर्जी

# फर्जी डिग्री से डॉक्टर बनने के आरोपित को अग्रिम जमानत नहीं

जबलपुर।

जिला अदालत नेफर्जी डिग्री से डाक्टर बनने के आरोपित जबलपुर निवासी शुभव अवस्थी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। अपर सत्र न्यायाधीश विवेक पटेल की अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। आवेदक के विरुद्ध कोर्ट के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस द्वारा अपराध कायम किया गया है। इसीलिए संभावित गिरफ्तारी से बचने वह अदालत की शरण में आया था। राज्य की ओर से एजीपी प्रमोद पांडे व आपत्तिकर्ता शैलेंद्र बारी की ओर से अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि अदालत के निर्देश पर तलब की गई केस डायरी के अवलोकन व पत्राचार से साफ हो गया है कि रानी दुर्गावती विश्विविद्यालय की ओर से आवेदक को आयुर्वेदाचार्य की कोई डिग्री जारी नहीं की गई थी। चूंकि फर्जी डिग्री बनाकर डाक्टर होने का रूतबा हासिल किया गया, अतः



अग्रिम जमानत नहीं दी जानी चाहिए। इस तरह के गंभीर प्रकरण में किसी तरह की राहत देने से समाज में गलत संदेश जाएगा। फिलहाल, यह पता करना आवश्यक है कि फर्जी डिग्री किस मुद्रक से बनवाई थी। अन्य सहयोगी भी पकड़ में आने चाहिए। इससे बड़ी गैंग का पर्दाफाश तय है। ऐसा होने पर आवेदक सहित अन्य झोलाछाप का सच सामने आना तय है। अदालत ने तर्क से सहमत होकर अर्जी निरस्त कर दी।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा हाईकोर्ट के निर्णय के अधीन, गेस्ट फैकल्टी की उम्मीद जगी

कोर्ट ने कहा- याचिका स्वीकार होने पर करानी पड़ेगी विशेष परीक्षा

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में गेस्ट फैकल्टी की उपेक्षा किये जाने के मामले पर अंतरिम आदेश जारी किया है। जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच ने कहा कि चयन प्रक्रिया के नतीजे इन याचिकाओं पर कोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। यदि याचिकाएं मंजूर होती हैं तो फिर विभाग को विशेष परीक्षा कराकर उनके प्रकरणों पर विचार करना पड़ेगा। जबलपुर की प्रीति त्रिपाठी व 13 अन्य की ओर से याचिकाएं दायर की गईं थीं। कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2023-24 की शिक्षक भर्ती में पहली बार मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने गेस्ट फैकल्टी के अनुभव प्रमाणपत्र को ऑनलाइन आवेदन में अनिवार्य दस्तावेज घोषित कर दिया।लेकिन कई जिलों में प्राचार्य और संबंधित अधिकारी निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र जारी नहीं कर पाए। इसके कारण बड़ी संख्या में योग्य गेस्ट फैकल्टी आवेदन ही नहीं कर सके। इस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई।



# आंधी तूफान के बीच बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने दी अगले 24 घंटों की चेतावनी

जबलपुर।

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम के मिजाज पटरी में नहीं आ पा रहे। पारे में गिरावट के बाद भी बादलों की आवाजाही के बीच भी उमस भरी गर्मी बनी हुई है बीच बीच में तेज धूप भी निकलती है। पिछले 24 घंटों के दौरान बादलों की आवाजाही बनी रही और रात में बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर व्रजपात, झंझावात के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। ऐसे में तापमान स्थिर रहेगा। ये हवाएं मौसम के मिजाज पर आंशिक असर डालेगी। लिहाजा आने वालें दिनों में जिलों में कही-कही तेज हवाओ के साथ गरज चमक के बीच पानी गिर सकता है और बादल छा सकते है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आये चक्रवाती हवाओं के घेरे की वजह से हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना और आसमान पर बादलों ने घेरा डाला और तापमान की रफ्तार पर लगाम लगाई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 51 प्रतिशत और सायंकाल 33 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.32 पर और सूर्यास्त शाम 6.41 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 39.4 डिग्री तापमान खजुराहो, नरसिंहपुर जिले में दर्ज किया गया। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज कि दिन का अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज किया था। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में कहीं कहीं वर्षा या गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ने व तेज आंधी तूफान चलने की संभावना है।

आरोपी छात्रा को ट्रिपल आईटीडीएम ने किया निष्कासित

# न्यूड वीडियो मामले में नए हो रहे खुलासे

जबलपुर।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी डिजाइन व विनिर्माण संस्थान (ट्रिपल आईटीडीएम) जबलपुर में सीनियर छात्राओं के नहाते वक्त न्यूड वीडियो बनाने वाली छात्रा से खमरिया पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। छात्रा ने स्वीकार किया है कि उसने यह वीडियो अपने दिल्ली में बैठे बॉयफ्रेंड आदित्य शर्मा के कहने पर बनाए थे। इसके बाद ट्रिपल आईटीडीमए ने छात्रा को निष्कासित कर दिया।

आरोपी छात्रा को उसके बॉयफ्रेंड ने धमकी दी थी कि जैसा कहो वैसा करो नहीं तो रिलेशन खत्म कर देंगे। छात्रा का कहना है कि वीडियो अपने बॉयफ्रेंड को देने के बाद अपने मोबाइल से वीडियो डिलीट कर देती थी। यहां उल्लेंखनीय है कि यह घटनाक्रम सामने आने के बाद ट्रिपल आईटीडीएम के छात्र-छात्राओं के साथ साथ अखिल विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन कर इस मामलें में कारर्वाई की मांग की थी, इसके बाद प्रबंधन व पुलिस दोनों हरकत में आए और छात्रा को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरु की। पुलिस ने छात्रा के पास से दो मोबाइल और एक लेपटॉप भी जब्त किया है। ट्रिपल आईटीडीएम प्रबंधन ने भी चार सदस्यीय समिति गठित कर 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट मांगी हैं। बताया गया है कि वीडियो बनाने वालें बीटेक द्वितीय वर्ष की छात्रा महाराष्ट्र गोदिया जिले की निवासी है जो यहां दो साल से हॉस्टल में रह रही थी और हॉस्टल की छात्राओं का नहाते समय न्यूड वीडियो बनाकर अपने बॉयफ्रेंड को भेजती थी। कालेज की छात्राओं की शिकायत पर खमरिया पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 354 व आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर लिया है. यहां तक कि छात्रा के मोबाइल व लैपटॉप को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।

खबर है कि आरोपी छात्रा अपने नागार्जुन हॉस्टल से सीनियर छात्राओं के वीडियो बनाने के लिए सरस्वति हॉस्टल मोबाइल लेकर गई थी। वहां पर नल के सहारे खड़े होकर वीडियो बना रही थी, इस दौरान सीनियर छात्राओं ने आहट सुन ली और बाहर निकलकर उसे पकड़कर वार्डन व प्रोफेसर के पास ले गई. सूत्रों का कहना है कि पुलिस छात्रा के बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार करने दिल्ली जा सकती है। मामला बेहद संगीन और संवेदनशील होने के कारण पुलिस हर एंगल से इसकी जांच कर रही हैं। पुलिस का मानना है कि अश्लील वीडियो का कारोबार करने वाला कोई रैकेट इसमें शामिल हो सकता है।

## नारियल मंडी में 1 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर**। लार्डगंज थाना अतंर्गत नारियल मंडी में मादक पदार्थ गांजे के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 230 ग्राम गांजा और नगद 41 हजार 500 रुपए जब्त किए है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर नारियल मंडी में गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे नारियल मंडी लार्डगंज निवासी 26 वर्षीय हर्षित केशरवानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 230 ग्राम गांजा और नगद 41 हजार 500 रुपए जब्त किए है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# मारपीट में आयी चोटों से युवक की मौत

हत्या का प्रकरण दर्ज, 3 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर**। घमापुर थाना अतंर्गत बल्दीकोरी दफाई के पास पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर तीन लोगों ने हमला किया, मारपीट की, इस दौरान युवक के साथी ने बीच बचाव किया उसे भी आतंरिक चोटें आ गई। घटना 3 मई की रात को हुई और 6 मई की रात में बीच बचाव करने वाला युवक उपचार के बाद चल बसा। इस मामलें में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। घटना के संबंध में घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बल्दीकोरी की दफाई निवासी बबलू गोटिया अपनी बस लेकर राम मंदिर खड़ी करने गया था, वहां बस खड़ी करके शुभम गौंड के साथ लौट रहा था। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर शुभम पर तीन आरोपियों अंकित वंशकार , साहिल वंशकार, निक्की उर्फ नीरज उर्फ बहादुर वंशकार ने शुभम के साथ गालीगलौज व मारपीट शुरु कर दी। इस बीच बबलू ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी हाथ मुक्कों के साथ मारपीट कर दी जिससे वह जमीन पर गिर गया और उसके आंख, सिर पर आतंरिक चोटें आ गई। घर आकर उसने अपने बड़े भाई सुनील गोटिया को घटना की जानकारी दी। मूंदी चोट होने के कारण उसे दवाई से आराम नहीं लगा तो उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। इस बीच उसका खाना पीना भी बंद हो गया था और 6 मई की रात 2.30 बजे उसकी घर पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मर्ग कायम कर साक्षियों के कथन लिए। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी अंकित वंशकार , साहिल वंशकार, निक्की उर्फ नीरज उर्फ बहादुर वंशकार राय के खिलाफ धारा 103(1), 296, 115(2), 118(1), 315, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण लागू करवाने और 13 प्रतिशत होल्ड पदों को अनहोल्ड कराने सुप्रीम कोर्ट की शरण

**जबलपुर**। मप्र में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के लिए 27 फीसदी आरक्षण लागू करवाने और 13 प्रतिशत होल्ड पदों को अनहोल्ड कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। मामले पर जल्द सुनवाई होगी।दरअसल, ओबीसी आरक्षण से जुड़े अधिकतर मामले सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित हो गए हैं। बचे हुए शेष मामलों में भी हाईकोर्ट में सुनवाई पर रोक है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी प्रदेश में ओबीसी को 14 फीसदी आरक्षण देते हुए सभी नियुक्तियों में 13 फीसदी पद होल्ड किए जा रहे हैं। सरकार का यह कहना है कि कोर्ट की रोक के कारण ऐसा किया जा रहा है। एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 21 मार्च 2025 को सरकार को यह स्वतंत्रता दी थी कि वह चाहे तो अलग से याचिका दायर कर सकती है। ऐसा नहीं होने पर ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में उक्त मांग को लेकर याचिका दायर की है।




# अंतर्राज्यीय ट्रांसमिशन लाइनों का शिफ्टिंग कार्य पूर्ण : तोमर


## 79 लाख की लागत से स्थापित किए गए 6 विशेष तकनीक के टावर

जबलपुर।

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि वर्ष 2021 में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित श्योपुर जिले के सीप नदी क्षेत्र में अंतर्राज्यीय 132 केवी श्योपुर–सबलगढ़ टेप–खंदार (राजस्थान) डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन में टावरों के संशोधन एवं स्थानांतरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

यह कार्य विद्युत पारेषण व्यवस्था को बाढ़ जैसी आपदाओं में भी सुदृढ़ और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया। इसके तहत पुराने टावरों के फाउंडेशन को विशेष आधुनिक तकनीक से पुनर्निर्मित किया गया, तथा कुछ टावरों को नदी के समीप सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर नये टावर लगाये हैं।79 लाख रुपये की लागत से हुआ निर्माण

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इस कार्य में 79 लाख रुपये की लागत आई है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा बनाए गए छह नए टावर विशेष डिज़ाइन के फाउंडेशन पर आधारित हैं, जो भविष्य में बाढ़ जैसी



आपदाओं का प्रभाव सहन करने में सक्षम होंगे।श्री तोमर ने कहा कि यह परियोजना न केवल राज्य की विद्युत प्रणाली को सशक्त बनाएगी, बल्कि आपदा प्रबंधन और आधारभूत ढांचे की मजबूती का भी प्रमाण है। उन्होंने एमपी ट्रांसको के प्रयासों की सराहना की।ऊँचाई में वृद्धि और विशेष तकनीक का उपयोगएमपी ट्रांसको, ग्वालियर के अधीक्षण अभियंता श्री अरविंद शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 में बाढ़ और डैम ओवरफ्लो के कारण 132 केवी शिवपुरी–सबलगढ़ टेप–खंदार ट्रांसमिशन लाइन के छह टावर क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी और अंतर्राज्यीय विद्युत का आदान-प्रदान भी प्रभावित हुआ था। एम पी ट्रांसको द्वारा भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचाव हेतु स्पेशल ओपन कास्ट फाउंडेशन तकनीक का उपयोग करते हुए टावरों का पुनर्निर्माण, संशोधन और स्थानांतरण किया गया है।श्री शर्मा ने यह भी बताया कि सीप नदी के जलभराव की आशंका को देखते हुए तहसील मानपुर के ग्राम कोटरा क्षेत्र में टावरों की ऊँचाई बढ़ाई गई है। साथ ही, नदी के कटाव से सुरक्षा के लिए कुछ टावरों को नए स्थानों पर स्थापित किया गया है। इससे ट्रांसमिशन लाइन की स्थिरता और विद्युत आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित हो सकेगी।

## शिव समाराधना महा यज्ञ का सानंद समापन हुआ

# तन मन धन से देश की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य : इंद्रेश महाराज

जबलपुर।

स्वामी महेंद्रानन्द महाराज के नेतृत्व में चल रहे शिव समाराधना महा यज्ञ का सानंद समापन हुआ। वृंदावन धाम से पधारे इंद्रेश महाराज ने सबसे पहले कहा देश में युद्ध की स्थिति बन रही है हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि किसी बहन का भाई, किसी पत्नी का पति न कोई किसी मां का लाल, न कोई और की क्षति हो। भगवान भारत के हमारे नौजवानों को सामर्थ्य दें कि वह देश की रक्षा कर सके। और स्वामी महेंद्रानंद के पूछे बिना हम इस यज्ञ का जो पूर्ण फल हुआ है वह है राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित करते हैं। यदि देश को हमारे सब लोगों की आवश्यकता पड़े तो सभी को सजग और तैयार रहना है। तन मन धन से देश की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। गीता में भगवान ने कहा अर्जुन से युद्ध के लिए तत्पर हो जाए बहुत अत्याचार भारत के साथ हो रहा है।

आतंकवादी निरंतर भारतवासियों को निशाना बनाते रहते हैं अब मौका आ गया है और भारत को पीछे नहीं हटना है। भारत अहिंसक है, धार्मिक है परंतु जो आतताई है, वह वध के योग्य होते हैं ऐसा भागवत में कहा गया है। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं हमारे



देश की रक्षा हो ,हमारे तीर्थ की रक्षा हो और हमारे धर्म की रक्षा हो। फिर उन्होंने भागवत कथा का वाचन करते हुए सुदामा चरित्र सुनाया भगवान श्री कृष्ण चंद्र ने 16108 विवाह किए। भौमासुर ने 16100 कन्याओं को बंदी बना लिया था और वह उनसे विवाह करना चाहते थे ।जब भगवान कृष्ण को पता चला वह गए और भौमासुर का वध करके कन्याओं को मुक्त किया। कन्याओं से कहा आप अपने-अपने घरों को चली जाओ। उन कन्याओं ने कहा हमारा संसार में कोई नहीं ।क्योंकि भले हम पवित्र हैं लोग हम पर विश्वास नहीं करेंगे और यही कहेंगे कि वही कन्याएं हैं जो भौमासुर के यहां रहकर आई वह कन्याओं ने कहा की प्राणनाथ अब आप ही हमें स्वीकार करिए। जिसका कोई नहीं होता है संसार में उसके आप होते हैं। इसलिए 16000 कन्याओ के रक्षक बनते हुए, समाज में उन्हें सम्मान दिलाने के लिए, उनसे श्रीकृष्ण ने विवाह किया।भागवत कथा के श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और यह जो पवई धाम में अनुष्ठान चला , इसमें हनुमत सरकार की बहुत बड़ी कृपा है। यह क्षेत्र जो है बहुत पुण्य तीर्थ है बहुत प्राचीन तीर्थ है। यहां अनेक सिद्धों का निवास है , इसका पुनरुद्धार स्व. पंडित श्री हर प्रसाद जी पचौरी पटेल एवं स्व.श्रीमति शांति देवी ने किया है उनकी आत्मा को भगवान सदा अपने चरणों में रखें ।

उनकी संतति और क्षेत्र के जितने लोग हैं सभी लोगों ने इस कार्यक्रम में जिन्हें सहयोग किया उनके लिए सबके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।नित्य प्रातःकालीन सत्र में 8 बजे से 12 बजे तक युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी द्वारा श्री शिवसमाराधन अनुष्ठान में 51 यजमानों से रुद्राभिषेक व शिव पूजन कराया जाता है व पूण्य आहुति कर यजमानो का व श्रद्धालुओ का प्रसादी भोज हुआ । भक्तो ने ऋचाजी से कुण्डली परामर्श कराकर अधिकांश भक्त लाभान्वित हुए ।सर्वेश पचौरी (पटेल) की मुख्य यजमान ने भागवत कथा श्याम मनोहर पचौरी मुख्य यज्ञ यजमान,सह यजमान लाल सिंह यादव, राकेश पचौरी, योगेश गोर मथुरा इन्द्र सिंह यादव, प्रमोद पलहा, बलराम यादव आयोजन प्रभारी, हरकृष्ण पचौरी अध्यक्ष आयोजन समिति, जितेंद्र पचौरी मीडिया प्रभारी, नवनीत माहेश्वरी , विष्णु शंकर जी पटेल गोरी शंकर तिवारी, मुकुल पचौरी,मदन मोहन पचौरी, मनोज पटेल, देवेंद्र सिंह, गोविंद सिंह, दीपक सेठी, राजेन्द्र श्रोती, प्रवीण भुर्रक, निदेश यादव, आदि ने श्रीमद्भागवत पूजन किया।

## कलयुग केवल 'नाम' अधारा

# भगवान के नाम जप व कीर्तन का महत्व समझना जरूरी : सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि, जबलपुर।

कलयुग में जीव की मुक्ति का एकमात्र साधन भगवान श्री कृष्ण के नाम का जाप और कीर्तन करते हुए उनकी भक्ति में लीन रहना है। इस कलयुग रूपी भवसागर से भगवान के नाम रूपी नौका के सहारे ही पार उतरा जा सकता है। इसलिए सभी लोगों को भगवान के नाम जाप और कीर्तन के महत्व को समझना जरूरी है। वेद, पुराण, उपनिषद् और शास्त्रों में भगवान के नाम जप एवं कीर्तन की अपार महिमा का बखान किया गया है। चाहे श्रीमद् भागवत महापुराण हो या श्री राम चरित मानस, सभी में भगवान के नाम जप, कीर्तन को ही कलयुग में जीव के कल्याण का साधन बताया गया है। इससे कलयुग के दोषों का नाश हो जाता है और जीव भगवत प्राप्ति तथा मोक्ष को प्राप्त हो जाता है।उक्त उद्गार पंजाब बैंक कालोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में व्यासपीठ से शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक कथावाचक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने व्यक्त किए।कथा के पूर्व देवी देवताओं का पूजन अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने संपन्न कराया। शिवा विश्वकर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान अहिल्या



शुक्ला, प्रगति तिवारी, पुरन खंपरिया, हरीश पांडे, रेवांश, शांतनु, जागृति, अर्पित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बुद्ध जयंती पर पद यात्रा आज

**जबलपुर**। बाबा साहेब आम्बेडकर जनसेवा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 08 मई को प्रातः 09 बजे लालकुंआ पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड से महिला प्रकोष्ठ की महिलाओं द्वारा बुद्ध जी का छायाचित्र लेकर शांतिपूर्वक पदयात्रा निकाली जाएगी। महिलाओं ने अनुरोध किया है कि बुद्धजी ने जो ज्ञान दिया है हमें उन्हें भूलना नहीं चाहिए, ऐसे महापुरुष की जयंती हमें एकजुट होकर मनाना चाहिए। मंच की मीनाबाई, रामबाई, सीताबाई, रामकली, चंदाबाई, नरबद बाई, लक्ष्मीबाई, श्यामाबाई, गुड्डीबाई, द्रोपदीबाई, मोनू चौधरी, वाल्मीकि चौधरी, राहुल चौधरी, रामलाल साकेत ने इस कार्यक्रम में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### भावनाए की मासिक बैठक आज

**जबलपुर**। भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसियेशन जबलपुर की मासिक बैठक हरिशंकर परसाई भवन में 08 मई को शाम 05 बजे आयोजित है, बैठक में कोर्ट केस, इंक्रीमेंट और ओव्हर टाइम के एफीडेविट विषय पर जानकारी दी जाएगी। बैठक में उपस्थिति की अपील अध्यक्ष टीक रायघटक, महामंत्री डीके सिंह, एसके श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, एचएल जांगड़े, दिनेश चौरे, आरबी शाह, अर्जुन कुमार, आरआर दुबे, विनायकराव सोरते, दिलीप कुंडे, नंदलाल कोष्टा, हरिसिंह, महेन्द्र नामदेव, रमाकांत कटियार, शंकरलाल विनोदिया, नारायण दाहिया, एनपी सिंह, प्रीतम यादव, एस बोस, नरेश कुमार नेमा सहित अन्य ने की है।



## सुलिपि के साथ चित्रकला में महारत हासिल कर रहे बच्चे

**जबलपुर**। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में रामपुर स्थित मशाल परिसर में आयोजित 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर ड्राइंग.पेंटिंग व कैलीग्राफी प्रशिक्षण शिविर केजी से ले कर कक्षा बारहवीं तक के 75 विद्यार्थी जहां एक ओर सुलिपि का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, वहीं वे वाटर व आइल कलर पेंटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर चित्रांकन में भी महारत हासिल कर रहे हैं। शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को फोल्डिंग टेबल भी प्रदान किए गए। शिविर की प्रशिक्षक संपदा बनोधा, निधि बेन व अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी से पुरस्कृत चित्रकार पल्लवी वर्मा बच्चों को ड्राइंग.पेंटिंग व कैलीग्राफी का प्रशिक्षण दे रहे हैं। संपदा बनोधा ने जानकारी दी कि कैलीग्राफी के प्रति विद्यार्थियों में उत्साह है। बच्चे गर्मी के अवकाश का सदुपयोग हस्तलिपि सुधारने में कर रहे हैं। प्रत्येक अभिभावक चाहता है कि उनके बच्चे की हस्तलिपि बेहतर रहे और वे ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग कर उनके बच्चे अच्छी हेंड राइटिंग में अपना विद्यालयीन कार्य करने लगें। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारी एससी घोष ने कहा कि यदि बुनियादी स्तर से विद्यार्थी अपनी सुलिपि की ओर विशेष ध्यान दें तो यह जीवन भर के लिए वरदान बन जाता है। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का संयोजन व समन्वय परिषद के कार्यालय प्रभारी अजय उशकरवार, राकेश यादव व राकेश स्वामी कर रहे हैं।

## 70 बटुक आज धारण करेंगे यज्ञोपवीत संस्कार

**सिहोरा**। ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वाधान में आज माता महाकाली मंदिर खितौला में 70 बटुक यज्ञोपवीत संस्कार धारण करेंगे। यह संस्कार आचार्य सुरेंद्र दास महाराज जी द्वारा वैदिक मंत्रों के मध्य कराया जाएगा। ब्राह्मण समाज सिहोरा ने सभी विप्रो से उपस्थिति की अपील की है। ब्राह्मण समाज का यह लगातार 13वां संस्कार है।

# खराब रखरखाव के कारण बार-बार फूट रही रमनगरा पाइप लाइन

**जबलपुर**। आज तीन-चार दिनों से आधे से ज़्यादा शहर फिर पानी के लिए त्राहिमाम कर रहा है। कारण है रमनगरा पाइप लाइन का फिर से फूटना। ग़ौरतलब है कि रमनगरा पाइप लाइन अपनी खराब गुणवत्ता और खराब रखरखाव के चलते किसी न किसी कारण आये दिन जनता के लिए मुसीबत का सबब बनकर खड़ी हो जाती है। ऐसा लगता है मानो रमनगरा पाइप लाइन के भाग्य में जैसे दरार, जंग, लीकेज और फूटना ही बसा है।

नगर निगम में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि जब भी पाइप लाइन फूटती या खराब होती है उस समय न तो उसे बनाने के दौरान कोई गुणवत्ता का ध्यान रखा जाता है और न ही विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में दक्ष इंजीनियर्स के द्वारा क्वालिटी वर्क कराने की ओर किसी का कोई ध्यान रहता है। यही कारण है कि जब देखो तब रमनगरा पाइप लाइन या तो खराब हो जाती है या फिर फूट जाती है और सामना जनता को करना पड़ता है। इसी को लेकर पूरे कांग्रेस के जनप्रतिनिधि इस मुसीबत की घड़ी में जनता के साथ खड़े हैं और हर गली मोहल्ले में पानी के टैंकर से पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। इसी तरह कई वर्षों में हर गली, हर मोहल्ले से सैय्यद ताहिर अली, सांसद प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद के द्वारा लोगो को टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाया गया।



# पुलिस अधीक्षक को सौंपी हिन्दू किन्नरों के शोषण की शिकायत



**जबलपुर**। महंत मनीषादास किन्नर ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मुस्लिम किन्नरों द्वारा हिन्दू बहुल क्षेत्रों में दुआ-बद्दुआ का डर दिखाकर अवैध वसूली तथा हिन्दू किन्नरों का शोषण करने का आरोप लगाया है। बताया गया विगत करीब एक वर्ष से घमापुर, लालमाटी, कांचघर, शोभापुर, उदयनगर क्षेत्र में गलगला टोरिया से आने वाली दिया खान व मुस्कान कुरैशी द्वारा क्षेत्र में बधाई के नाम पर दुआ-बद्दुआ का डर बनाकर अवैध वसूली की जा रही है, जिससे क्षेत्रीय लोगों में किन्नरों के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। महंत मनीषादास ने बताया कि मैं बरउ मोहल्ला लालमाटी में निवास करती हूं तथा जबलपुर साधु मंडल की सक्रिय सदस्य हूं, मुझे जब क्षेत्र के हिन्दू किन्नरों द्वारा जानकारी लगी कि कि उन्हें इस क्षेत्र में बधाई देने से रोका जा रहा है, तो मैंने हिन्दू किन्नरों के साथ मिलकर इसका विरोध किया तब मुस्लिम किन्नरों द्वारा मुझे धमकाया जा रहा है तथा मुझे इस विरोध के लिए रोका जा रहा है। इन मुस्लिम किन्नरों ने पूरे जबलपुर को अपने ही छह गुटों में मांगने के लिए बांट रखा है जिसके चलते हिन्दू किन्नरों का अस्तित्व खतरे में है। अतः ज्ञापन के माध्यम से हिन्दू किन्नर गुहार लगा रहे हैं कि इन पर न्यायिक एवं कानूनी कार्यवाही की जाए, अन्यथा किसी भी प्रकार की हिन्दू किन्नरों को क्षति पहुंचने पर सारे मुस्लिम किन्नर जिम्मेदार होंगे।

# टेबल टेनिस से आ रही एकाग्रता



जबलपुर।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मशाल परिसर में आयोजित ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिये एकाग्रता के माध्यम के रूप में विकसित हो रहा है। शिविर में प्राप्त कर रहे 25 लड़के व लड़कियों का मानना है कि जब से उन्होंने टेबल टेनिस खेलना शुरु किया है, उनकी एकाग्रता का स्तर पूर्व की तुलना में ज्यादा अच्छा हो गया है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव खेल एससी घोष, सचिव कार्यालय आलोक श्रीवास्तव व सचिव वित्त देवेन्द्र चढ़ोकार ने गत दिवस टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन कर नवोदित टेबल टेनिस खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। प्रातः कालीन सत्र में नवोदित टेबल टेनिस खिलाड़ी एमपी पावर के वरिष्ठ खिलाड़ी हितेश परमार, महेश चंद बालोदी व पंकज खत्री से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# मैथिल समाज ने मनाई जानकी नवमीं



**जबलपुर**। संस्कारधानी जबलपुर में रह रहे प्रवासी मैथिल समाज द्वारा जानकी नवमी मिथिला मैथिल मंच के तत्वावधान में जेके सेलिब्रेशन, जबलपुर में मनाई गई। इस अवसर पर सभी मिथिलावासी पारंपरिक परिधान धोती, कुर्ता और पाग में पहुंचे। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथिगण, महापौर जबलपुर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक कैंट अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, पूर्व नगर निगम आयुक्त वेद प्रकाश शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विशेषकर महिला प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कार्यक्रम अति सराहनीय रहा। इस मौके पर समिति के संरक्षक नारायण झा, अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष शंभू झा, सचिव उदय नाथ पाठक, कोषाध्यक्ष दीपक मिश्रा, संयोजक सरोज झा एवं समस्त संस्थापक सदस्यों का योगदान रहा।

## प्रशासन ने मार्कडिल कर किया जागरूक

# मॉकड्रिल: झंडा बाजार में एयर स्ट्राइक, 2 घायल



**सिहोरा**। पाकिस्तान द्वारा आज शाम पांच बजे झंडा बाजार में एयर स्ट्राइक करने से लगभग दो लोग घायल हैं गये इससे कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया घायलों को तत्काल पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह हकीकत नहीं बल्कि प्रशासन एंव पुलिस द्वारा नागरिकों को जागरूक करने एंव किसी भी हमले जैसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए की गई थी जिसमें सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिला। मार्कडिल के दौरान दो लोगों के घायल होने की स्थिति में कैसे उनको झंडा बाजार स्थित पलक मेडिकल में बने अस्पताल में स्ट्रेचर न होने पर जागरुक लोगों ने एक चादर में लिटाकर ले जाया गया और भी महत्वपूर्ण कार्य इस दौरान किए गये जैसे रेत से आग बुझाना लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना आदि शामिल था। विदित हो पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव की स्थिति बनी हुई है केन्द्र सरकार के निर्देश पर इस दौरान किसी भी हमले से बचने के लिए यह मार्कडिल की गई। एसडीएम,एडीशनल एसपी एंव अस्पताल प्रभारी ने लोगों को बचने एंव मदद करने के लिए भी जागरूक किया। इस अवसर पर एसडीएम रुपेश सिंघई,एडीशनल एसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा,तहसीलदार शंशाक दुबे, सीएमओ शैलेन्द्र कुमार ओझा, सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह, खितौला थाना प्रभारी अर्चना सिंह,सुनील लटियार सिविल अस्पताल प्रभारी सहित अनेक जागरूक नागरिक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

केन्द्र सरकार के निर्देश पर सिहोरा खितौला में टोटल ब्लैक आउट रहा लोगों ने घरों की बिजली बंद रखी तथा सभी प्रतिष्ठानों बाजार की बिजली भी बंद थी सड़क पर चल रहे लोगों ने भी सहयोग किया और अपने वाहनों की लाइट बंद कर ली।चारों ओर अंधेरा ही अंधेरा छाया रहा।

## निधन

**श्रीमती पद्मा दीक्षित**- साईं कॉलोनी संचार नगर निवासी श्री नरेंद्र दीक्षित की धर्मपत्नी श्रीमती पद्मा दीक्षित (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती भवानी बाई**- सिद्धबाबा वार्ड शारदा मंदिर के पास निवासी श्री छवि लाल की धर्मपत्नी श्रीमती भवानी बाई (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बबलू कोल**- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री पूरन लाल कोल के पुत्र श्री बबलू कोल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरि लाल पटेल**- गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री हरि लाल पटेल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मेवा लाल पटेल**- हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री मेवा लाल पटेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा पाठक**- आनंद कॉलोनी बल्देवबाग निवासी श्री वासुदेव प्रसाद पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा पाठक (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुषमा केवट**- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री किशन लाल केवट की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा केवट (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लीलावती सिंह**- 301, आरबी श्री रेल सौरभ कॉलोनी निवासी श्री मथुरा प्रसाद सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती लीलावती सिंह (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या दुबे**- नानक नगर इंदिरा आवास कॉलोनी रांझी निवासी श्री सुरेश दुबे की धर्मपत्नी श्रीतमी कौशल्या दुबे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मालती सक्सेना**- शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री द्वारका प्रसाद सक्सेना की धर्मपत्नी श्रीमती मालती सक्सेना (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x5 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x5 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति दिनांक के माह से दिया जाए पूर्ण वेतन

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बताया कि कुछ वर्षों पूर्व मध्यप्रदेश शासन द्वारा नवनियुक्त कर्मचारियों को स्टायफंड व्यवस्था लागू की गई है जिसके तहत नवनियुक्त कर्मचारियों को प्रथम वर्ष मूल वेतन का 70 प्रतिशत वेतन, द्वितीय वर्ष 80 वेतन एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत वेतन उपरांत चतुर्थ वर्ष 100 प्रतिशत वेतन और भत्ते दिए जाते हैं जो की सीधे-सीधे कर्मचारियों का शोषण है, जबकि केंद्र तथा अन्य राज्यों में वर्तमान में पूर्ण वेतन प्रतिमाह नियमानुसार दिए जाने का प्रावधान है, सिर्फ प्रदेश में यह व्यवस्था लागू की गई है ।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, KAJAL CHANDRA KAR is legally Father of No 15433062A Rank HAV Name PRASENJIT KAR presently, residing at VILL-HURA, TEH- PURULIA, PO-HURA, DISTT-PURULIA (WB)- 723130 I, have changed of my name and date of birth from name KAJAL CH KAR and date of birth 27/05/1960 (name and date of birth as per my SON, Army service records) to name KAJAL CHANDRA KAR and date of birth 01/01/1965 (name and date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 06/05/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME
KAJAL CHANDRA KAR
CORRECT DATE OF BIRTH 01/01/1965
INCORRECT NAME
KAJAL CH KAR
INCORRECT DATE OF BIRTH
27/05/1960

**नाम सुधार सूचना**

मैं किरण कुमार वाते पिता स्वर्गीय भास्करराव वाते निवासी-एमआईजी 11 शाही नाका रोड रॉयल विद्यालय के पास श्री परिसर शाही नाका रोड गढ़ा जबलपुर मध्य प्रदेश 482 003 कथन करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर एम 0644689 में मेरा नाम किरण वाते पिता भास्करराव वाते लिखा है । जिसे मैंने बदलकर किरण कुमार वाते पिता स्वर्गीय भास्करराव वाते कर लिया है, अत: मुझे किरण कुमार वाते पिता स्वर्गीय भास्करराव वाते नाम से जाना व लिखा जावे।

शपथकर्ता

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया नीति संवाद-2025 श्रृंखला का शुभारंभ

# नई शिक्षा नीति एक दस्तावेज ही नहीं, सांस्कृतिक चेतना और स्वाभिमान को पुनः स्थापित करने का माध्यम भी है

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि औपनिवेशिक उद्देश्यों से लागू लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति के दुष्प्रभावों से समाज और आगामी पीढ़ी को मुक्त कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई। यह शिक्षा नीति केवल एक दस्तावेज नहीं अपितु भारत की सांस्कृतिक चेतना और स्वाभिमान को पुनः स्थापित करने का माध्यम है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उसे अपने गौरव का बोध कराना भी है।

भारतीय ज्ञान परम्परा व्यक्तिगत प्रसंगों से नैतिक मूल्यों को विद्यार्थियों में विकसित करने को विशेष महत्व देती है। डॉ. यादव मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित नीति संवाद- 2025 श्रृंखला के अंतर्गत सशक्त भारत और समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए मूल्य आधारित और रोजगारोन्मुखी शिक्षा विषय पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित संवाद श्रृंखला को संबोधित कर रहे थे।

### मूल्य आधारित और रोजगारोन्मुखी शिक्षा विषय पर हुई चर्चा



### संस्कार और जीवन मूल्य लाते हैं परिवर्तन: डॉ. इंद्रेश

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ शिक्षा विचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि संस्कार और जीवन मूल्य ही व्यक्ति में वास्तविक परिवर्तन लाते हैं। मनुष्य को हिंसा, अशिक्षा और विकार से मुक्त कर और समाज में सदभाव, समता और एकता का वातावरण निर्मित कर अनेक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उनका मंत्रिमंडल और लोक सेवक मध्यप्रदेश को आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। सम्पूर्ण टीम का यह प्रतिबद्ध प्रयास प्रदेश को विश्व के मस्तक पर हीरे के रूप में चमकाएगा।

### प्रदेश में शिक्षा नीति के सभी आयामों का क्रियान्वयन: देवड़ा

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन की ओर अग्रसर होने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने नेतृत्व में प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी आयामों का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। उन्होंने 276 सीएम राइज स्कूलों का नाम संदीपनी विद्यालय करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना।

### प्रेरणादायक शिक्षाओं को वर्तमान शिक्षा प्रणाली में शामिल करना आवश्यक

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पन्ना धाय और रानी दुर्गावती जैसे ऐतिहासिक प्रसंगों का समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसी प्रेरणादायक शिक्षाओं को वर्तमान शिक्षा प्रणाली में शामिल करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीति संवाद पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल और अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला उपस्थित थे।*

---

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने किया शीला दाहिमा को सम्मानित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवाचार के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2022-23 से उप सचिव सहकारिता सुश्री शीला दाहिमा को मंत्रालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सुश्री दाहिमा को माध्यमिक शिक्षा मंण्डल की अतिरिक्त सचिव रहते हुए किए गए नवाचार के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ। मण्डल में पदस्थापना के दौरान सुश्री दाहिमा ने परीक्षा की तैयारी के लिए मोटिवेशनल वीडियो बनाकर यूट्यूब और माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट पर अपलोड किए, जिससे छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने में काफी मदद मिली।

### बीयू में रैगिंग, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में सामने आए रैगिंग के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि सीनियर स्टूडेंट द्वारा जूनियर स्टूडेंट्स को हॉस्टल में बुलाकर उनके साथ रैगिंग की घटना सामने आई है।

---

### डॉ. यादव ने कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

# मुख्यमंत्री ने कहा, अपराधों पर नियंत्रण के लिए सख्त एक्शन लें पुलिस अधिकारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सामान्य अपराधों और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के मामलों में सख्त एक्शन लिया जाए। जो पुलिस अधिकारी प्रभावी कार्रवाई नहीं करेंगे, वे अधिकारी मैदान में नहीं दिखेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा केंद्रों पर विशेष सावधानी की आवश्यकता है।

स्कूल और कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शिक्षण केंद्र स्तर पर अराजक तत्वों को रोकने की पुख्ता कार्रवाई के लिए नजदीकी थाने में तत्काल सूचना दें। छेड़खानी करने वाले युवकों को शिक्षण केंद्र के स्तर पर भी बिल्कुल नहीं बख्शा जाएं। पुलिस द्वारा ऐसे दर्ज मामलों और निरीक्षण के उपरांत सख्त कार्रवाई की जाए। साइबर अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एक्शन लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बैठक में प्रदेश के पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिए और की जा रही कार्रवाई का नियमित प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

*कार्रवाई न करने वाले अधिकारी नहीं दिखेंगे मैदान में*



### अधिकारियों से ली नए कानूनों के क्रियान्वयन की जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में इलेक्शन गतिविधियों के नियंत्रण और नए आपराधिक कानून के संबंध में क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण से संबंधित प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति, नक्सल गतिविधियों के नियंत्रण, पुलिस द्वारा सुशासन क्षेत्र के प्रयास और नए कानूनों के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा कर निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने बैठक में दिए ये भी निर्देश

- *प्रदेश में विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर छात्राओं और सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध घटित करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो।*
- *प्रदेश में एक समेकित अभियान संचालित कर छात्राओं और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाया जाए और नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।*
- *नए कानून के क्रियान्वयन के प्रति गंभीर रहें।*
- *प्रदेश में न्याय श्रुति सॉफ्टवेयर के माध्यम से थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था को सशक्त बनाया जाए।*
- *देवास जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट, विधि विज्ञान रिपोर्ट और ई-अभियोजन के कार्य में लगभग 20 हजार मानव घंटे की बचत का कार्य सराहनीय है। अन्य जिले भी इस मॉडल पर कार्य करें।*

---

### महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस भी रहेंगे मौजूद

# 10 को ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के लिए होगा एमओयू

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश शीघ्र ही तीसरी नदी जोड़ो परियोजना के क्रियान्वयन की ओर अग्रसर हो रहा है। यह परियोजना महाराष्ट्र के सहयोग से क्रियान्वित की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की नदी जोड़ो परियोजना की संकल्पना को क्रियन्वित करने में मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी रहा है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बाद महाराष्ट्र के साथ ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के लिए एमओयू होने जा रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी 10 मई को भोपाल में मौजूद रहेंगे। दोनों राज्यों में सिंचाई क्षेत्र के विस्तार और पेयजल उपलब्धता को सुगम बनाने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे गुजरात भी लाभान्वित होगा। मुख्यमंत्री ने समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह जानकारी दी।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीएसटी में 96 हजार करोड़ का राजस्व लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र में पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीएसटी में रिकार्ड राजस्व हासिल हुआ है। यह अब तक का सर्वाधिक राजस्व है। इसके साथ ही आबकारी, पंजीयन में भी रिकार्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वाणिज्यिक कर विभाग ने जीएसटी, वैट, प्रोफेशनल टैक्स, आबकारी व पंजीयन में 10 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी के साथ लगभग 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 96 हजार करोड़ रुपए का राजस्व का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश में 5 वर्ष पहले तक में वाणिज्यक कर विभाग को कुल 25 से 30 हजार करोड़ रुपए तक का ही राजस्व मिला करता था। अब पांच वर्षों में ही दोगुना से भी ज्यादा राजस्व मिलने लगा। प्रदेश के टैक्स इतिहास में यह अब तक का रिकार्ड है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले जीएसटी में वर्ष 2024-25 में करीब 24 फीसदी और पंजीयन में 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। टैक्स में पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष काफी अधिक बढ़ोतरी के साथ राजस्व प्राप्त हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि 15 फीसदी बढ़ोतरी के साथ लक्ष्य हासिल हो जाएगा।

### वाणिज्यिक कर को 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीएसटी, वैट और प्रोफेशनल्स टैक्स से कुल करीब 55,500 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। इसी तरह आबकारी से करीब 15,200 करोड़ रुपए और पंजीयन से करीब 11000 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। लगभग 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व 29 मार्च तक प्राप्त हुआ। वाणिज्यक कर विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष के लिए कुल 75 हजार करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा था। बाद में रिवाइज कर इसे 82 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया। किंतु यह 29 मार्च तक के आंकड़ों में ही आ गया।

#### 2025-26 के लिए लक्ष्य तय

वाणिज्यिक कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल करीब 96 हजार करोड़ रुपए राजस्व लक्ष्य तय किया है। वर्ष के अंत तक में रिवाइज टारगेट के साथ एक लाख करोड़ रुपए तक जा सकता है। विभागीय अधिकारियों खासकर मैदानी अधिकारियों से कहा गया है कि वे अभी से मासिक लक्ष्य बनाकर टैक्स वसूली पर ध्यान दें। टैक्स चोरी रोकने से लेकर टैक्स में हेराफेरी करने वाले कारोबारियों पर अंकुश लगाने को कहा गया है। टारगेट के अनुसार पंजीयन में 13900 करोड़ जीएसटी में 42,140 करोड़, आबकारी में 17,500 करोड़ रुपए, वैट में 22,698 करोड़ तथा प्रोफेशनल टैक्स में 372 करोड़ का राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य है।

---

### आरोपी कार चालक गिरफ्तार, गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

# मॉर्निंग वाक पर निकली युवतियों को कार ने ठोका, एक 25 फीट उछली, मौत

हरिभूमि न्यूज:रायपुर



आरोपी

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वाक पर निकली तीन युवतियां शुक्रवार तड़के पांच बजे हिट एंड रन का शिकार हो गईं। इनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। दो महिलाएं घायल हैं। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि कार चालक से विवाद होने पर गर्लफ्रेंड ने स्टेयरिंग खींच दी, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार दोनों नशे में थे। दोनों पूरी रात वीआईपी रोड में घूम-घूमकर शराब पी रहे थे, ऐसी जानकारी आई है।हिट एंड रन के आरोप में पुलिस ने अमित सिंह चौहान को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हादसे में मूलतः मुंगेली निवासी प्रिया साहू की मौत हुई है। प्रिया दो अन्य रिया बंजारे, ललिता साहू के साथ तेलीबांधा थाना के सामने सुबह साढ़े पांच बजे के करीब वाक करते हुए मरीन ड्राइव की तरफ जा रही थी। इसी दौरान अटल एक्सप्रेस वे के नीचे सर्विस रोड पर वीआईपी रोड की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कार के चालक ने तीनों को चपेट में ले लिया। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है।



### एक्सीडेंट के बाद हंस रहे थे

घायल ललिता ने पुलिस को बताया है कि एक्सीडेंट के बाद अमित ने कार रोकी, इसके बाद कार से अमित तथा युवती बाहर निकले। अमित तथा युवती उनकी मदद करने के बजाय उन्हें देखकर हंसने लगे और कुछ देर रुकने के बाद अमित और युवती कार में बैठे और मौके से फरार हो गए। अमित के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है।

### लहराते हुए कार चला रहे थे

कार में अमित के साथ सामने सीट में एक युवती तथा पीछे की सीट में एक अन्य युवक बैठा था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमित लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार कार को लहराते हुए चला रहा था। कार चलाते हुए अमित का युवती के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद होने पर युवती ने कार का स्टेयरिंग खींच दिया। स्टेयरिंग खींचने से गाड़ी का बैलेंस बिगड़ा और मॉर्निंग वाक पर निकली महिलाएं कार की चपेट में आ गईं।

---

# 15 दिन में 1.17 लाख यात्रियों का सफर हर हफ्ते 12 से 13 हजार की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही हवाई ट्रैफिक भी काफी बढ़ गया है। पिछले महीने भर में ही स्वामी विवेकानंद विमानतल से आने-जाने वाले हवाई यात्रियों की संख्या में प्रति सप्ताह 12 से 13 हजार की बढ़ोतरी हो गई है। वहीं बीते 15 दिनों में रायपुर विमानतल से अभी तक 1.17 लाख से ज्यादा यात्रियों की आवाजाही हो चुकी है।

### टिकटों के बढ़े दाम

शादी सीजन होने के साथ ही गर्मी की छुट्टियां भी लग गई है, ऐसे में हवाई यातायात काफी बढ़ गया है। बढ़ते ट्रैफिक के कारण रायपुर से दिल्ली, मुंबई, इंदौर, बैंगलुरू, हैदराबाद, कोलकाता आदि क्षेत्रों के किराए में सामान्य दिनों की तुलना में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है। इन क्षेत्रों की फ्लाइटें अभी हाउसफुल जा रही है। जल्द शुरू होगी कार्गो सेवा रायपुर विमानतल से जल्द ही कार्गो सेवा शुरू होने वाली है।

### 58899 यात्रियों की आवाजाही

*रायपुर विमानतल से मिली जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक 404 उड़ानों का संचालन हुआ और 58899 यात्रियों की आवाजाही हुई। इसी प्रकार 28 अप्रैल से लेकर चार मई तक 444 उड़ानों का संचालन हुआ और 58951 यात्रियों की आवाजाही हुई। इस प्रकार कुल एक लाख 17 हजार 850 यात्रियों की आवाजाही हुई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देखा जाए तो साल भर में रायपुर विमानतल से 24 लाख से ज्यादा हवाई यात्रियों की आवाजाही हुई है। विमानतल अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में रायपुर विमानतल में यात्रियों की सुविधाओं में और बढ़ोतरी की जा रही है। नए फूड सेंटर के साथ ही शॉपिंग सेंटर भी खोले जाने की तैयारी है।*

---

### डॉ. मोहन ने की प्रदेश के गेहूं उपार्जन की समीक्षा

# कोई किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित न रहे सभी का किया जाए गेहूं उपार्जित : मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गेहूं उपार्जन के लिए कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित न रहे और बुकिंग वाले सभी किसानों का गेहूं उपार्जित किया जाए। किसानों को कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब तक 8 लाख 87 लाख से हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 76.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित हुआ है। किसानों को 5 मई तक 16 हजार 472 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।



### प्रदेशवासियों को अन्नदाताओं पर गर्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए इस वर्ष 81 लाख मीट्रिक टन गेंहू उपार्जन लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। यह प्रदेश के किसानों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को अन्नदाताओं पर गर्व है। डॉ. यादव रबी उपार्जन अंतर्गत गेहूं उपार्जन की समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025-26 में 34 लाख 93 हजार एकड़ रकबे में हुए गेंहू उपार्जन के लिए 15 लाख 44 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया। प्रदेश में 3 हजार 620 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए। स्लॉट बुकिंग से शेष किसानों की बुकिंग के लिए पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन किसानों से गेंहू का उपार्जन 9 मई तक किया जाएगा।

# शराब का अवैध कारोबार: तीन आबकारी सर्किल के प्रभारी अधिकारी निलंबित, 6 को नोटिस दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आबकारी विभाग ने शराब के अवैध परिवहन, संग्रहण और कारोबार पर रोक लगाने में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य स्तरीय उडऩदस्ते के औचक निरीक्षण में बलौदाबाजार, महासमुंद और राजनांदगांव जिले में अवैध शराब का मामला पकड़ में आने पर तीन सर्किल अधिकारियों को निलंबित करने के साथ ही आबकारी विभाग के 6 वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब तलब किया गया है।

आबकारी आयुक्त ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के मामले में लापरवाही और उदासीनता बरतने के मामले में बलौदाबाजार जिले के वृत्त प्रभारी मोतिन बंजारे को निलंबित करने के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह, सहायक आबकारी अधिकारी व मंडल प्रभारी जलेस सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।




### पिछले माह 104 पेटी विदेशी मदिरा जब्त की थी

राज्य स्तरीय उड़नदस्ते ने बलौदाबाजार जिले के ग्राम बनसांकरा में अप्रैल माह में की गई छापामार कार्रवाई में मध्यप्रदेश राज्य की 104 पेटी विदेशी मदिरा जब्त की गई थी। इस मामले में उक्त अधिकारियों को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए यह कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार 3 मई 2025 को महासमुंद जिले के बागबाहरा में 14 पेटी देशी शराब, 8 पेटी गोवा, 14 पेटी उड़ीसा राज्य की बीयर एवं 13 नग विदेशी मदिरा के जब्ती के मामले में वृत्त बागबाहरा के प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है, जबकि वहां पर जिला आबकारी अधिकारी निधिश कोष्ठी और मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### छापे में विदेशी शराब की 432 पेटी मिली

*राजनांदगांव जिले के आबकारी वृत्त डोंगरगढ़ स्थित ग्राम करवारी लतमर्रा मार्ग के एक फार्म हाउस में पुलिस द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में 432 पेटी विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब और भारी मात्रा में खाली बोतल, ढक्कन, लेबल एवं 4 हजार नग होलोग्राम जब्त किया गया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए वृत्त डोंगरगढ़ के प्रभारी अनिल कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है, जबकि राजनांदगांव के तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त यदुनंदन राठौर एवं मंडल प्रभारी संदीप सहारे को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है। सीएम साय ने कड़ाई से रोक के दिए निर्देश मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में शराब के अवैध परिवहन, संग्रहण एवं कारोबार पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि आबकारी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सख्ती से इस पर प्रतिबंध लगाएं और इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करें। इस मामले में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साय ने कहा है कि राज्य में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा और इस दिशा में 'जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।*

## खबर संक्षेप



### रेडिको खेतान के मुनाफे में 70.8 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** शराब निर्माता कंपनी रेडिको खेतान का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 70.8 प्रतिशत बढ़कर 92.07 करोड़ रुपये हो गया है। मात्रा में बढ़ोतरी से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। रेडिको खेतान ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में 53.91 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। मार्च तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 15.16 प्रतिशत बढ़कर 4,485.42 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 3,894.63 करोड़ रुपये था।

### पेटीएम का घाटा कम होकर 545 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड की मालिक वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का घाटा



पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में कम होकर 545 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 551 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय मार्च तिमाही में 15.7 प्रतिशत घटकर 1,911.5 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 2,267.1 करोड़ रुपये थी।

### जीसीपीएल को चौथी तिमाही में 412 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने मार्च, 2025 में समाप्त



बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 411.9 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) की एक नियामकीय सूचना के अनुसार, एक साल पहले जनवरी-मार्च की अवधि में इसे अपने अफ्रीका (स्ट्रेंथ ऑफ नेचर सहित) कारोबार में नुकसान के कारण 1,893.21 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

### हिंदुस्तान पेट्रोलियम का मुनाफा बढ़ 3,415 करोड़

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की




जनवरी-मार्च की चौथी तिमाही में 26 प्रतिशत बढ़ा है। ऊंचे रिफाइनिंग मार्जिन ने बकाया एलपीजी सब्सिडी को खत्म करने में मदद की, जिससे इस दौरान कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 3,415.44 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,709.31 करोड़ रुपये था।

### बीएसई का चौथी तिमाही का मुनाफा चार गुना से अधिक




**नई दिल्ली।** प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ चार गुना से अधिक होकर 494 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बीएसई ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को यह जानकारी दी। एक साल पहले की समान अवधि में एनएसई का शुद्ध लाभ 107 करोड़ रुपये रहा था। जनवरी-मार्च अवधि में एनएसई की कुल आय एक साल पहले के 543.3 करोड़ रुपये से बढ़कर 926.4 करोड़ रुपये हो गई।

# एमजी ने विंडसर ईवी प्रो की लांच, शुरुआती कीमत 17.49 लाख रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने बुधवार को भारतीय बाजार में अपनी बेस्ट सेलिंग इलेक्ट्रिक कार एमजी विंडसर के नए अवतार 'एमजी विंडसर ईवी प्रो' को लांच किया।

आकर्षक लुक और दमदार इलेक्ट्रिक मोटर से लैस इस कार को कंपनी ने बड़े बैटरी पैक के साथ पेश किया है। इसके अलावा इस कार में कुछ ऐसे एडवांस फीचर्स को भी शामिल किया गया है जो इसे और भी बेहतर बनाते हैं। कंपनी ने इस इलेक्ट्रिक कार को इंट्रोडक्ट्री प्राइस के साथ लांच किया है, जो केवल शुरुआती कुछ यूनिट्स पर ही लागू होगा।

## कंपनी ने कार को बड़े बैटरी पैक के साथ किया पेश

### कार की कीमत

नई विंडसर प्रो की शुरुआती कीमत 17.49 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है। ये कीमत केवल शुरुआती 8,000 यूनिट्स के लिए ही लागू होगी। यानी भविष्य में कंपनी इस कार की कीमत में इजाफा करेगी। वहीं बैटरी एज-ए-सर्विस स्कीम के तहत इस इलेक्ट्रिक एमपीवी की शुरुआती कीमत 12.50 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है। इस स्कीम के तहत ग्राहकों को बैटरी का रेंटल चुकाना होता है। इस स्कीम में बैटरी की लागत शामिल नहीं है और इसे वाहन मालिक द्वारा चलाए गए किलोमीटर के आधार पर मासिक तौर पर चार्ज किया जाता है।



### डिज़ाइन

विंडसर ईवी प्रो मूल रूप से एक नया वेरिएंट है, इसलिए इसमें कोई बड़ा कॉस्मेटिक बदलाव नहीं किया गया है। इसमें केवल 18 इंच के अलॉय व्हील्स के लिए नया डिज़ाइन दिया गया है जो एमजी हेक्टर की याद दिलाता है। इसके अलावा, विंडसर ईवी प्रो में मौजूदा मॉडल के समान ही स्टाइलिंग एलिमेंट्स दिए गए हैं। जैसे आगे और पीछे कनेक्टेड एलईडी लाइटबार के साथ स्प्लिट हेडलाइट सेटअप, रिट्रैक्टेबल फ्लश डोर हैंडल, बड़ा विंडो एरिया इत्यादि। हालांकि कंपनी ने इसे 3 नए कलर ऑप्शन के साथ बाजार में उतारा है।

**फीचर्स:** नई एमजी विंडसर ईवी प्रो में कंपनी ने कुछ ख़ास फीचर्स को शामिल किया है। इसमें वी2वी (व्हीकल टू व्हीकल) और वी2एल (व्हीकल टू लोड) जैसी सुविधा दी गई है। इन फीचर्स की मदद से आप एक इलेक्ट्रिक कार से दूसरी इलेक्ट्रिक कार को चार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा अपनी इलेक्ट्रिक कार से दूसरे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज को भी पावर दे सकते हैं।

**रेंज:** नए एमजी विंडसर प्रो में सबसे बड़ा बदलाव बैटरी के तौर पर देखने को मिलता है। कंपनी ने इस कार में 52.9केडब्ल्यूएच की क्षमता का लिथियम आयरन फॉस्फेट बैटरी बैटरी पैक का इस्तेमाल किया है। कंपनी का दावा है कि सिंगल चार्ज में ये बैटरी कार को 449 किलोमीटर तक की ड्राइविंग रेंज देती है।

## विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपना निवेश जारी रखा, निफ्टी में मामूली बढ़त दर्ज

# पाक के आतंकवादी ठिकानों पर हमले से शेयर बाजार में रहा उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स 106 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को कारोबार बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। हालांकि, मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

■ बाजार शुरुआती दौर में आई बड़ी गिरावट से उबरने में सफल रहा

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के अंत में 105.71 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 80,746.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 80,844.63 अंक के ऊपरी स्तर तक गया और 79,937.48 अंक के निचले स्तर तक आया।

### निफ्टी में एक फीसदी का उछाल

*निफ्टी भी 34.80 अंक बढ़कर 24,414.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 24,449.60 के उच्च स्तर और 24,220 के निम्न स्तर के बीच घूमता रहा। व्यापक बाजार के सूचकांक भी शुरुआती दौर में आई बड़ी गिरावट से उबरने में सफल रहे और एक प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए।*

### डिफेंस शेयर खरीदने की होड़

भारतीय डिफेंस कंपनियों के शेयरों में नया जोश दिख रहा है. मझगांव डॉक शपबिल्डर्स में 2 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में एक प्रतिशत और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयर करीब एक प्रतिशत तक उछल गया. निफ्टी डिफेंस इंडेक्स भी एक प्रतिशत ऊपर चढ़ा. इसके अलावा, भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के शेयर भी फोकस में है.



### नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा बाजार- रेलिगेयर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'आतंकवादी हमले का जवाब सैन्य कार्रवाई से देने के बाद कारोबारी सत्र की शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। लेकिन बाद में यह तेजी से नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा और बढ़त के साथ बंद हुआ।'

### टाटा मोटर्स व अदाणी पोर्ट्स में रही तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, आईटीसी, नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट देखी गई।

### बाजार में बना रह सकता है उतार-चढ़ावः मेहता इक्विटीज

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''भले ही सीमापार आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के बाद बाजार में कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन अंत में अनिश्चितता दूर करने में कामयाब मिली। अगले कुछ दिनों में शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के साथ बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।''

### एफआईआई ने की खरीदी

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,794.52 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा,''भारतीय बाजारों ने भारत-पाक तनाव के बीच काफी जुझारूपन दिखाया।

### मिडकैप व स्मालकैप में रही तेजी

बीएसई का मिडकैप सूचकांक 1.36 प्रतिशत चढ़ा जबकि स्मालकैप सूचकांक में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में वाहन खंड 1.74 प्रतिशत बढ़त के साथ सबसे आगे रहा जबकि उपभोक्ता खंड 1.21 प्रतिशत और धातु खंड 1.19 प्रतिशत चढ़ा।

### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट, और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि जापान के निक्की 225 सूचकांक में गिरावट रही। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में गिरावट रही थी।

## भारत का निजी इक्विटी उद्यम पूंजी बाजार बढ़कर 43 अरब डॉलर पहुंचा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी (पीई-वीसी) निवेश वर्ष 2024 में नौ प्रतिशत बढ़कर लगभग 1,600 सौदों के साथ 43 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

■ निवेश वर्ष 2024 में नौ प्रतिशत बढ़ा

वैश्विक प्रबंधन सलाहकार बैन एंड कंपनी की 'इंडिया प्राइवेट इक्विटी रिपोर्ट 2025' में बुधवार को यह जानकारी दी गई। इस रिपोर्ट को भारतीय उद्यम एवं वैकल्पिक पूंजी संघ (आईवीसीए) के सहयोग से जारी किया गया। इसके मुताबिक वर्ष 2025 में भी पीई-वीसी के लिए संभावनाएं आशावादी बनी हुई हैं।

### भारत की स्थिति हुई मजबूत

इस तेजी में पारंपरिक क्षेत्रों का विशेष योगदान रहा।'' इस सुधार ने एशिया-प्रशांत के दूसरे सबसे बड़े पीई-वीसी गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया, जिसने कुल निवेश का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया। भारत की कुल वृद्धि मुख्य रूप से वीसी और वृद्धि निवेशों के जरिये हुई, जबकि पीई निवेश 29 अरब अमेरिकी डॉलर पर स्थिर रहा।

# भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड डील के बाद कार व्हिस्की से लेकर वाइन तक हो सकती हैं सस्ती

समझौते के बाद सामानों के ऊपर से सीमा शुल्क को कम कर दिया गया

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारत-ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर मुहर लगने के बाद कई चीजों की कीमतें कम हो सकती है। एक समझौते के तहत कई सामानों के ऊपर से सीमा शुल्क को कम कर दिया गया है, जिनमें ब्रेटिन के स्कॉच व्हिस्की से लेकर डायमंड, गोल्ड, सिल्वर और पेट्रोलियम शामिल है। साथ ही, भारत से निर्यात होने वाले फुटवियर और गारमेंट के ऊपर से सीमा शुल्क में ब्रिटेन कटौती कर सकता है, जिसकी वजह से इसका एक्सपोर्ट और बढ़ जाएगा।

■ भारत से निर्यात होने वाले फुटवियर और गारमेंट पर सीमा शुल्क में ब्रिटेन कटौती कर सकता है

इसके अलावा, फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का बड़ा फायदा देश के यूथ को भी हो सकता है। इसकी वजह है ब्रिटेन में इनकी पढ़ाई और जॉब आसान हो जाएगा। हालांकि, इस समझौते पर अभी चर्चा होनी बाकी है। इस एग्रीमेंट के बाद साल 2030 तक दोनों इकॉनोमी के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जबकि ब्रिटेन छठे। ऐसे में इस समझौते के बाद व्यापार को बूस्ट मिलेगा।



### फ्री ट्रेड से कई चीजें सस्ती

इस समय ब्रिटेन से भारत में आने वाली कारों पर 100 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाया जाता है, लेकिन दोनों देशों के बीच एफटीए पर मुहर के बाद ये सस्ती हो सकती है। वाइन और स्कॉच विस्की के अलावा ब्रिटेन से निर्यात होने वाली जगुआर लैंड रोवर की कीमतें भी अब कम हो सकती है। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में 21.34 अरब डॉलर रहा था।

# मूडीज ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने 2025 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से घटाकर मंगलवार को 6.3 प्रतिशत कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिकी नीति अनिश्चितता और व्यापार प्रतिबंधों के कारण वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव पड़ेगा। अपने 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक'' 2025-26 (मई संस्करण) में मूडीज ने कहा कि भारत तथा पाकिस्तान के बीच जारी तनाव जैसे भू-राजनीतिक तनावों से भी उसके आधारभूत वृद्धि पूर्वानुमानों पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। मूडीज ने कहा कि निवेशकों तथा व्यवसायों की लागत बढ़ने के आसार हैं क्योंकि वे निवेश, विस्तार और/या माल के स्रोत का फैसला करते समय नए भू-राजनीतिक विन्यासों को ध्यान में रखते हैं। मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए भारत के वृद्धि अनुमानों को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया, लेकिन 2026 के लिए इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

■ वर्ष 2025 के लिए घटाकर किया 6.3 प्रतिशत




# सीमापार तनाव के बीच सोना एक बार फिर एक लाख रुपए के पार पहुंचा

## सोना 1000 रुपए चढ़कर 1,00,750 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने से मांग में आई तेजी के बीच सोने की कीमतें राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 1,000 रुपये चढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गईं।

■ चांदी की कीमतें भी 440 रुपए बढ़कर 98,940 रुपए प्रति किलोग्राम

अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि दिल्ली के बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को यह 99,750 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। सोना इसके पहले 22 अप्रैल को भी 1800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना भी शामिल है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले महीने हुए आतंकवादी हमले के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत ये हमले किए गए। इस आतंकी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की जान गई थी। वहीं, बुधवार को 99.5 प्रतिशत की शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,050 रुपये बढ़कर 1,00,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।



### वैश्विक स्तर पर सराफा में रही तेजी

यह पिछले सत्र में 99,300 प्रति 10 ग्राम पर रही थी। इसके अलावा, चांदी की कीमतें भी 440 रुपये बढ़कर 98,940 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को यह 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 62.12 यानी 1.8 प्रतिशत बढ़कर 3,369.65 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं हाजिर चांदी का भाव 1.24 प्रतिशत से घटकर 32.81 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# मार्च तिमाही में घरों की औसत कीमतें स्थिर रहीं : रिपोर्ट

## ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर ने जारी किए आंकड़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई और पुणे में घरों की औसत कीमतें पिछली तिमाही की तुलना में जनवरी-मार्च में स्थिर रहीं। रियल एस्टेट ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर के आंकडों के अनुसार, बेंगलुरु और हैदराबाद में कीमतों में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि अहमदाबाद तथा कोलकाता में यह चार-चार प्रतिशत बढ़ी। प्रॉपटाइगर, आरईए इंडिया का हिस्सा है। आरईए इंडिया के पास हाउसिंग डॉट कॉम का भी स्वामित्व है।

कंपनी ने कहा कि आवासीय संपत्ति की कीमतें सालाना आधार पर बढ़ती रही हैं, लेकिन हाल के तिमाहियों में वृद्धि की गति स्पष्ट रूप से मध्यम रही है। हाउसिंग डॉट कॉम एवं प्रॉपटाइगर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव अग्रवाल ने कहा, '' पिछली कुछ तिमाहियों में देखी गई कीमत में मध्यम वृद्धि स्थिर बाजार को इंगित करती है..'' उन्होंने कहा, ''... संरचनात्मक बुनियादी बातों को मजबूत करने और स्थिर, स्थायी वृद्धि को सक्षम बनाने के लिए 2025 में बाजार के और समेकन से गुजरने के आसार हैं।'' आंकड़ों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई और पुणे बाजारों ने औसत कीमतों में कोई वृद्धि नहीं देखी। ये क्रमशः 12,600 रुपये, 8,106 रुपये, 7,173 रुपये और 7,109 रुपये प्रति वर्ग फुट रहीं।



### अहमदाबाद में कीमतें मामूली बढ़ी

अहमदाबाद में औसत मूल्य 4,402 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 4,568 रुपये हो गया। बेंगलुरु में कीमतें 7,536 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 7,881 रुपये फुट हो गईं। हैदराबाद में आवास की कीमत 7,053 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 7,412 रुपये फुट हो गई जबकि कोलकाता में 5,633 रुपये प्रति वर्ग फुट से 5,839 रुपये वर्ग फुट हो गई।

# स्टारलिंक की मंजूरी अंतिम चरण में

**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने मौजूदा दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए किसी भी खतरे की आशंकाओं को दूर करते हुए कहा कि एलन मस्क के नेतृत्व वाली उपग्रह इंटरनेट प्रदाता स्टारलिंक को मंजूरी देना एक जटिल मुद्दा है, लेकिन यह अंतिम चरण में है। भारत टेलीकॉम कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैटकॉम के लिए सरकार के सुरक्षा मानदंड, खासकर वर्तमान परिदृश्य में महत्वपूर्ण हैं, जब शत्रु देश पाकिस्तान, भारत की प्रणाली को हैक करने का प्रयास कर रहा है। मंत्री ने कहा, "यह थोड़ा जटिल मुद्दा है (स्टारलिंक के लिए परमिट)। हमें कई कोणों से देखना होगा। सुरक्षा उनमें से एक है। निश्चित रूप से, चूंकि यह अंतिम चरण में है, इसलिए हम इस पर फिर से विचार करेंगे।"




## घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी की रिपोर्ट

# सस्ती सब्जियों से अप्रैल में भोजन की लागत मामूली घटी

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल अप्रैल में सब्जियों की कीमतों में नरमी से घर में बने भोजन की लागत में कमी आई है। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई ने अपनी रिपोर्ट 'रोटी चावल कीमत' में कहा कि अप्रैल में एक सामान्य शाकाहारी थाली की लागत सालाना आधार पर चार प्रतिशत और मासिक आधार पर एक प्रतिशत कम होकर 26.3 रुपए रह गई। सब्जियों की कीमतों में तेज गिरावट के कारण भोजन सस्ता हुआ। इस दौरान टमाटर 34 प्रतिशत, आलू 11 प्रतिशत और प्याज छह प्रतिशत सस्ता हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि उच्च आयात शुल्क के कारण वनस्पति तेल की कीमतों में 19 प्रतिशत और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में छह प्रतिशत की वृद्धि ने थाली की लागत में गिरावट को सीमित किया।

■ मासिक आधार पर शाकाहारी थाली की कीमत एक फीसदी कम हुई



### पॉल्ट्री की कीमतों में कमी से मांसाहारी थाली सस्ती

इसके मुताबिक, मांसाहारी थाली की कीमत में सालाना आधार पर चार प्रतिशत और मासिक आधार पर दो प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 53.9 रुपए प्रति थाली पर आ गई है। रिपोर्ट कहती है कि मांसाहारी भोजन की कीमत में गिरावट सब्जियों और पॉल्ट्री की कीमतों में कमी के कारण हुई, जो कुछ प्रायद्वीपीय राज्यों में बर्ड फ्लू के कारण मांग प्रभावित होने के कारण अधिक आपूर्ति के कारण प्रभावित हुई है।

### गेहूं और दालों की कीमतों में नरमी की उम्मीद

क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा, आने वाले दिनों में मजबूत घरेलू उत्पादन के बीच गेहूं और दालों की कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है। वैश्विक आपूर्ति में तेजी आने से खाद्य तेल की कीमतों में भी अगले 2-3 महीनों में नरमी आ सकती है।

### फल निकाल रहे आम आदमी का 'जूस'

थोक मूल्य सूचकांक में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 24.38 प्रतिशत है। मार्च में इनकी महंगाई दर घटकर 4.66 प्रतिशत रही, जबकि फरवरी में ये 5.94 प्रतिशत थी। अनाजों की महंगाई दर भी 6.77 प्रतिशत से घटकर 5.49 प्रतिशत हो गई। हालांकि, फल कीमतें अब भी नियंत्रण से बाहर नजर आ रही हैं। मार्च में इनकी दर 20.78 प्रतिशत रही, जो फरवरी के लगभग बराबर (20.88%) है।

## खबर संक्षेप



### जनपद कक्ष बड़वारा में कंट्रोल रूम स्थापित

**बड़वारा।** जिले में मॉकड्रिल आयोजित किया गया है। बड़वारा जनपद पँचायत में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। अधिकारी शासन के निर्देश के तहत सायं 07 बजे से सायं 7 : 45 बजे तक अपनी ड्यूटी में कार्यरत रहेंगे। प्रभारी उदयभान सिंह दाहिया खण्ड पँचायत अधिकारी, उदयराम बैगा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, गोविंद सिंह ठाकुर सहायक लेखाधिकारी एवम सत्येंद्र सिंह सेंगर पँचायत सचिव की ड्यूटी लगाई गई है ये सभी अधिकारी बड़वारा जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश में कार्य करेंगे।

### जिले में समग्र ई-केवायसी कार्य 61.53 फीसदी पूरा

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में समग्र ई-केवायसी अभियान के तहत आधार के लिंकिंग का कार्य चल रहा है। उन्होंटने समग्र ई-केवायसी कार्य में प्रगति लाने घर-घर जाकर ई-केवायसी कराने की हिदायत दी है। समग्र ई-केवायसी करने के मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद जिले में अव्वरल है। जहां अब तक लक्ष्यन का 75.20 फीसदी समग्र ई-केवायसी का कार्य पूरा हो चुका है।। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 29 हजार 129 लोगों का समग्र ई-केवायसी सत्यौपित हो सका है। जो लक्ष्यग का मात्र 35.57 फीसदी है। इसी प्रकार जनपद पंचायत कटनी ने अब तक 71.55 प्रतिशत, नगर परिषद विजयराघवगढ़ ने 69.46 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। जबकि जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा ने 68.20 और जनपद पंचायत रीठी ने 67.85 फीसदी प्रगति की है। इसके अलावा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ ने 69.18 प्रतिशत तथा नगर परिषद बरही ने 62.54 प्रतिशत एवं जनपद पंचायत बड़वारा ने 63.37 फीसदी ई-केवायसी सत्योपन का कार्य किया है। जबकि नगर परिषद कैमोर ने समग्र ई-केवायसी को आधार से जोड़ने के कार्य में लक्ष्य का 50.36 प्रतिशत प्रगति हासिल की है।

### उमरियापान की भूमिका का प्रदेश में दसवां स्थान



**उमरियापान।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में उमरियापान की बेटी भूमिका कटारिया ने प्रदेश की मैरिट सूची में दसवां स्थान अर्जित कर जिले व क्षेत्र का नाम बढ़ाया है। छात्रा ने 500 में से 491 अंक (98.2%) प्राप्त किए है। भूमिका आगे की पढ़ाई कर सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट)बनना चाहती है। छात्रा के पिता संतोष कटारिया व्यवसायी जबकि माता रजनी कटारिया गृहिणी हैं। छात्रा ने सफलता का श्रेय परिवारजनों और शिक्षकों को दिया है। छात्रा की सफलता पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी,मंडल महामंत्री अंकित झारिया, उपाध्यक्ष प्रमोद असाटी ,समाजसेवी कालूराम चौरसिया, जयप्रकाश चौरसिया,हर्ष द्विवेदी, प्रदीप चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने छात्रा के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रा को पुरुस्कृत भी किया।

### हर्षिता तिवारी ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**ढीमरखेड़ा।** सिलौड़ी की बेटी हर्षिता तिवारी ने कक्षा दसवीं में 90.4 % (500/452) अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा के पिता विजय शंकर तिवारी का प्लम्बर का काम करते है जबकि मां सत्यवती गृहिणी है।होनहार छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता के साथ शिक्षकों को दिया है।छात्रा ने बताया कि उसने कठिन परिश्रम के बाद सफलता हासिल की।

दसवीं में तीन विद्यार्थियों ने मारी बाजी

# जिले की मैरिट सूची में भी छाया रहा सिहोरा

सिहोरा कक्षा 10 वीं के होनहार छात्र छात्रा



प्रज्ञा पटेल 97.9% आजाद सिंह 97.8% विराज साहू 97.6%



नमन कुर्मी 96.2% प्रियांश तिवारी 96% आयुष शुक्ला 89%

सिहोरा कक्षा 12 वीं होनहार छात्र छात्रा



पल्ल्वी परौहा 95% ध्रुव मिश्रा 95%

**सिहोरा।** विगत दिनों घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के परीक्षा परिणाम में जिले की मैरिट सूची में भी सिहोरा छाया रहा है। दसवीं जिले की सूची में शालेम इंग्लिश मीडियम स्कुल से दो एंव मिस्पा मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कुल की एक छात्रा ने सफलता हासिल की है।

### आजाद सिंह दसवीं जिले में दुसरा स्थान

शालेम इंग्लिश मीडियम स्कुल के दसवीं के छात्र आजाद सिंह पिता समर बहादुर सिंह माता सीमा सिंह वार्ड क्रमांक 12 खितौला ने 97.8 प्रतिशत 500 में से 489 अंक हासिल कर विद्यालय के साथ नगर का नाम रोशन किया है।

### विराज साहू दसवीं जिले में तीसरा स्थान

शालेम इंग्लिश मीडियम स्कुल के ही दसवीं के छात्र विराज साहू पिता संदीप साहू माता नर्मता साहू वार्ड 12 खितौला ने 97.6 प्रतिशत 500 में 488 अंक हासिल कर स्कुल के साथ नगर को गौरवान्वित किया है।

### प्रज्ञा पटेल दसवीं जिले में दुसरा स्थान

मिस्पा मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कुल दसवीं की छात्रा प्रज्ञा पटेल पिता रवि कुमार पटेल माता पुष्पलता पटेल ग्राम गुरदा मझौली ने 97.9 प्रतिशत 500 में 489 अंक हासिल कर विद्यालय के साथ परिवार को गौरवान्वित किया है।

### प्रियाश तिवारी दसवीं 96 प्रतिशत

मिस्पा मिशन स्कुल कक्षा दसवीं के छात्र प्रियांश तिवारी पिता सुनील तिवारी सिहोरा ने दसवीं में 96 प्रतिशत 500 में 480 अंक हासिल कर परिवार को गौरवान्वित किया है ।

### धृव मिश्रा बारहवीं 95 प्रतिशत

मिस्पा मिशन स्कुल बारहवीं के छात्र धृव मिश्रा पिता परमानंद माता माधुरी मिश्रा ग्राम पोंडा ने 95 प्रतिशत 500 में 474 अंक हासिल किए हैं।

### पल्लवी परोहा बारहवीं 95 प्रतिशत

शालेम स्कुल की बारहवीं की छात्रा पल्लवी परोहा पिता धनंजय परोहा माता सरपंच मोनू परोहा ने 95 प्रतिशत 500 में 474 अंक हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया है।

### वेदांस परोहा दसवीं 91.8 प्रतिशत

शालेम स्कुल कक्षा दसवीं के छात्र वेदांस परोहा पिता धनंजय माता सरपंच श्रीमती मोनू परोहा ने 91.8 प्रतिशत 500 में 459 अंक हासिल किए हैं।

### आयूष शुक्ला दसवीं 89 प्रतिशत

शालेम स्कुल सिहोरा के कक्षा दसवीं के छात्र आयूष शुक्ला पिता सरपंच आशीष वीरु शुक्ला ग्राम दिनारी खम्हरिया ने 89 प्रतिशत 500 में 441 अंक हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया है।

### नमन कुर्मी को गणित में 100 में से 100 अंक मिले

शालेम स्कुल दसवीं के छात्र नमन कुर्मी ने 96.2 प्रतिशत 500 में 481अंक प्राप्त किए तथा गणित में 100 नम्बर हासिल किए वे आशीष कुर्मी नीतू पटेल के सुपुत्र है एंव सेवानिवृत्त प्राचार्य एम डी पटेल के नाती है।

### एपीएन स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं हाई स्कूल एवं कक्षा 12वीं हायर सेकेण्ड्री स्कूल का परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें शाला के छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। संस्था अध्यक्ष श्री चमन श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को लगन एवं जिम्मेदारी से अध्यापन कार्य करवाया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप मण्डल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में हमारी शाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शाला के प्राचार्य श्री अजय कुमार वर्मा उप-प्राचार्या मनु श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



### साहिल सेन का सुयश

**जबलपुर।** सिम्बोयोसिस सीनीयर सेकेंडरी स्कूल महाराजपुर के छात्र साहिल सेन ने कक्षा दसवी में 75 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने माता पिता व स्कूल का नाम रोशन किया।



# 130 कृषकों से 7 लाख रूपये से अधिक की हुई वसूली, 45 एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा फसल अवशेष नरवाई संबंधी जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाही करते हुए अब तक 45 प्राथमिकी जिले के अलग-अलग पुलिस थानों में दर्ज कराई जा चुकी है। साथ ही 130 किसानों से कुल मिलाकर 7 लाख 2 हजार 500 रूपये का अर्थदंड भी वसूला गया है। इस प्रकार नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने का सिलसिला लगातार जारी है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने खेतों में खड़े डंठलों, फसल अवशेष नरवाई को न जलायें। नरवाई जलने से उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत व अन्य तरीकों से अग्नि की दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा खेत में नरवाई जलाने से बड़ी मात्रा में धुआं उत्पन्न होता है। जिससे पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है। साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है इसलिए किसान भाई नरवाई न जलायें।

### नरवाई जलाने पर अर्थदंड

कोई किसान या व्यक्ति यदि नरवाई में आग लगाता है तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति स्वरूप अर्थदंड के तय प्रावधान के तहत जुर्माना लगाया जाता है। फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के विरूद्ध 2 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 2500 रूपये का अर्थदंड प्रति घटना और 2 एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 5 हजार रूपये का अर्थदंड प्रतिघटना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को नरवाई में आग लगाने की प्रति घटना पर 15 हजार रूपये का अर्थदंड का प्रावधान है।

# आपात स्थिति एवं आपदा से बचने के लिए छात्राओं को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय, परिसर मे एन.सी.सी. अधिकारियों हवलदार गुरप्रीत सिंह एवं हवलदार पंकज वासनिक द्वारा छात्राओं के लिए मॉक ड्रिल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य हवाई हमले जैसी आपात स्थिति में सुरक्षा उपायों और बचाव की जानकारी प्रदान करना था। एन.सी.सी. अधिकारियों ने छात्राओं को मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा से निपटने के व्यावहारिक तरीके सिखाए, जिसमें सुरक्षित स्थानों पर आश्रय लेना, आपातकालीन संकेतों को समझना और त्वरित प्रतिक्रिया शामिल थी। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बुधवार शाम 4 बजे से 8 बजे तक ब्लैकआउट की सूचना जारी की गई है। इस दौरान हवाई हमले की स्थिति में सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल का अभ्यास किया जाएगा। छात्राओं को न केवल स्वयं सुरक्षित रहने, बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी जागरूक करने की सलाह दी गई।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, "आपदा के समय सतर्कता और जागरूकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।" इस प्रशिक्षण में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपात स्थिति में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाने में सहायक रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ के अतिरिक्त अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

*निगमायुक्त की मौजूदगी में व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों की हुई बैठक*

# आपातकालीन स्थिति से निपटने और व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आपातकालीन स्थिति से निपटनें हेतु नागरिकों को तैयार करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखनें के उद्धेश्य से बुधवार को शासन एवं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर नगर में विभिन्न चरणों में आयोजित होने वाली मॉकड्रिल की सूचना नागरिकों को प्रदान कर उनसे सहयोग प्राप्त करने आयुक्त नीलेश दुबे की मौजूदगी में नगर निगम कटनी के मेयर इन काउन्सिल सभागार में बुधवार को नगर के विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा बैठक में उपस्थित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को नागरिक सुरक्षा हेतु आयोजित की जाने वाली मॉकड्रिल के विभिन्न चरणों की जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। निगमायुक्त श्री दुबे नें ब्लैक आउट के दौरान निर्धारित समय 7:30 बजे से 7:42 बजे तक अपने-अपनें घर, दुकान, आफिस, संस्थान आदि की लाईट बंद रखकर प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। निगमायुक्त ने उपस्थित जनों से निर्धारित ब्लैक आउट समय के दौरान अपने घरों पर ही रहनें खिडकियों एवं दरवाजों को पर्दे से ढ़ककर रखनें सहित अन्य आवश्यक जानकारियां प्रदान की जाकर उपस्थित जनों से किसी भी तरह से पेनिक नहीं होने का आग्रह भी किया गया।

बैठक में उपायुक्त शैलेष गुप्ता एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित अध्यक्ष सब्जी मंडी विक्रेता संघ, सह सचिव चैंबर ऑफ़ कामर्स लक्ष्मीचंद डोडानी, हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति से बरियल दास, अध्यक्ष मेन रोड व्यापारी संघ संजय गुप्ता, मोहन टॉकीज व्यापारी संघ रमाकांत पप्पू दीक्षित, सहित संजय बेबू चैदहा, मोहन सचदेवा, विपुल कोटक, आशीष कंदेले, संजय बरसैंया, संदीप श्रीचंदानी, डॉ प्रेम जसूजा, यश अग्रवाल, मुकेश तिवारी, अमित सिंघई, ईशान जैन, नीलेश विश्वकर्मा, जग्गू ठाकुर सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यो एवं अन्य नगारिकगणों की मौजूदगी रही।

पर्यावरण के साथ ही मवेशियों के लिए बेहद खतरनाक है सिंगल यूज प्लास्टिक

# सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध के बाद भी बेरोकटोक बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद भी जिले भर में बेरोकटोक बिक्री हो रही है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 आइटम्स को पर्यावरण संरक्षण एक्ट के तहत प्रतिबंधित किया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। उपयोग में बेहद आसान लेकिन पर्यावरण, जमीन और मवेशियों के लिए लिये अमानक पालीथिन खतरनाक है। पर्यावरण के लिये खतरा बनी पालीथिन का उपयोग बेरोकटोक हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचाव, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के उद्देश्य को शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी कर दिया गया है। जागरूकता के अभाव और अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना प्रयास के कारण शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बेरोकटोक अमानक पालीथिन का उपयोग किया जा रहा है। लोग आम दिनों की तरह सब्जी, राशन सहित अन्य सामग्री के लिए बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ खरीदारी और बिक्री करते देखे गए। हानिकारक प्रभाव और दूरगामी दुष्प्रभाव से बेपरवाह लोग जागरूकता के अभाव में इस पर ध्यान नहीं दे रहे, इसलिए बाजारों में अभी सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के बावजूद उपयोग में लाया जा रहा है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग तथा स्वच्छता जैसी समस्याओं को जड़ से मिटाने के प्रयास में सबसे बड़ी बाधा सिद्ध हो सकता है।

धरती को क्लीन और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लोगों को यह छोटा सा निजी जिम्मेवारी निभाना आवश्यक है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बावजूद इसका उपयोग करने पर व्यक्ति दंड का भागी बन सकता है। स्थानीय प्रशासन द्वारा टीम गठित कर इसे जन जागरूकता अभियान के द्वारा प्रतिबंध को लागू करने तथा इस्तेमाल कर रहे लोगों को पूर्ण रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक दंड को लागू करने का निर्देश दिया गया है।

पालीथिन जितना पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक हैं, मवेशियों के लिये पॉलीथिन जहर की तरह होती है। खाने पीने की बची हुई सामग्री पालीथिन में भरकर फेक देने से मवेशी उसे खा लेते हैं । मिटटी में जाकर जहां यह पौधो की वृद्धि में बाधा बन जाती है। जानकारों के अनुसार पालीथिन एक पेट्रो केमिकल उत्पाद है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है जो कि सभी के लिये हानिकारक माना जाता है। जानकारो के मुताबिक प्लाटिक के थैलों के निर्माण में कैडमियम व जस्ता जैसी विषैली धातुओं का उपयोग होता है। यह धातु खतरनाक मानी जाती है जो जानवरों के पेट में जाकर उनकी मेटाबालिज्म प्रक्रिया को प्रभावित कर देती है। इससे पेट फूलने के साथ ही जानवर की भी मौत हो जाती है। यह विषैला तत्व खाद्य पदार्थो को विषैला बना देता है। कैडमियम के कारण उल्टियां आने लगती है।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में मवेशियों को चरने के लिये छोड़ा जाता है गाय, बैल, सड़क किनारे सब्जी मंडी, दुकानों के आसपास व अन्य जगहो पर पड़ी पालीथिन को खा लेने से असमय ही मौत को दावत देते है। इस बारे में वेटनरी डाक्टरो का कहना है कि पालीथिन जानवरो के लिये बेहद घातक है। इसको खाने से जानवरों की मौत तक हो जाती है। कई बार ऐसे केस आते है जब गाय, बकरी के पेट से बड़ी मात्रा में पालीथिन पाई गई। आदमी खुद पालीथिन का प्रयोग करके गौमाता को बेमौत मार रहे है। कई बार हमने ऐसी गायों का आपरेशन करवाकर जान बचाई।

# सूने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात किये पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक सूने घर को निशाना बनाते हुए चोरो ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और लाखों रूपए कीमती जेवरात पार कर दिया। चोरी की यह वारदात एनकेजे के सांईपुरम में हुई। चोरों ने सरकारी स्कूल की प्राचार्या के घर में चोरी की वारदात की। पड़ोसियों ने चोरी की जानकारी उन्हें दी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर एनकेजे पुलिस हरकत में आए और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम सहित अफसरों ने घटनास्थल का जायजा लिया। एनकेजे पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार रोशनगर क्षेत्र की सांईपुरम कालोनी में एनके श्रीवास्तव निवास करते हैं। उनकी पत्नी अलका श्रीवास्तव कैमोर स्थित सरकारी स्कूल में प्राचार्य के पद पर पदस्थ है। 1 मई को वे परिवार सहित एक समारोह में शामिल होने के लिए नरसिंहपुर गए थे। सोमवार की सुबह उनके पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि घर का लॉक टूटा हुआ है और अंदर चोरी हो गई है। सूचना पाकर पीड़ित परिवार घर पहुंचा तो अलमारी व कवर्ड में रखे लाखों के जेवर गायब थे।

अलका श्रीवास्तव ने बताया कि चोरों ने 2 बड़े एक छोटा सोने का हार कुल छह तोला, तीन मंगलसूत्र, तीन तोले का सोने का ब्रेसलेट, दो तोले की सोने की चेन, तीन सोने की अंगूठी, तीन जोड़ी कान के रिंग सहित अन्य सोने का सामान व करीब 15 हजार रुपए चोरी कर लिए हैं।

चोरी की वारदात के शिकार पीड़ित परिवार को एफआइआर दर्ज कराने भी परेशान होना पड़ा। शिक्षिका करीब तीन घंटे तक थाना में बैठी रही। हालाकि देरशाम पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली।



# पाकिस्तान में फूटे बम, भारत में आतिशबाजी, सेना के पराक्रम से देशभर में जश्न का माहौल, मिठाइयां बांटीं

*लोगों ने इस कार्रवाई की तारीफ करते हुए कहा कि जैसा भारतीय सेना से उम्मीद थी, उन्होंने वैसा ही कर दिखाया। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी और हमारी सेना ने जो किया, वह देश के हर नागरिक के दिल की आवाज थी। पहलगाम में जिन बहनों का सिंदूर उजड़ा, उनके बदले का नाम ही*

ऑपरेशन सिंदूर जीत का शंखनाद

**जीत पर तिरंगा लहराया**



बिहार के पटना में स्कूली छात्राओं ने तिरंगा लहराकर जीत का जश्न मनाया

**मुस्लिम समाज भी साथ में**



मौलाना अब्दुल बारी फारंगी ने स्थानीय बच्चों के साथ तिरंगा लहराया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में राष्ट्रभक्ति का माहौल है। देशभर में आम नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतर आए। लोगों ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटीं और भारत माता की जय के नारे लगाए। लोगों का कहना था कि भारत सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर सबक सिखाया है। देश में कई जगहों पर उत्सव जैसा नज़ारा रहा। स्थानीय लोगों ने आतिशबाजी करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी को सलाम किया। लोगों ने कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर दिखा दिया कि यह 'नया भारत' है, जो बात कम और कार्रवाई ज्यादा करता है।

लोगों ने इस कार्रवाई की तारीफ करते हुए कहा कि जैसा भारतीय सेना से उम्मीद थी, उन्होंने वैसा ही कर दिखाया। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी और हमारी सेना ने जो किया, वह देश के हर नागरिक के दिल की आवाज थी। पहलगाम में जिन बहनों का सिंदूर उजड़ा, उनके बदले का नाम ही 'ऑपरेशन सिंदूर' है। भारत अब झुकने वाला देश नहीं है। यह वही देश है, जो अब दुश्मन के एक वार पर दस जवाब देने की क्षमता रखता है। लोगों ने पीएम मोदी और सेना को धन्यवाद दिया कि उन्होंने आतंकियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी, जिनकी जानें पहलगाम हमले में गई थीं। रिटायर्ड सैनिकों ने कहा कि हालांकि पहलगाम हमले का बदला ले लिया गया है, लेकिन भारतीय सशस्त्र बल सतर्क हैं।

**भारतीय सेना पर गर्व**



बेंगलुरु में लोगों ने भारतीय सेना के पराक्रम पर गर्व करते हुए जय हिंद के नारे लगाए।

## ऑपरेशन सिंदूर पर पहलगाम पीड़ितों की प्रतिक्रियाएं

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए ऑपरेशन सिंदूर काफी मायने रखता है। सभी पीड़ित केंद्र सरकार के इस कदम की सराहना की और ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ करते हुए मोदी सरकार का आभार भी जताया।

**सरकार का शुक्रिया**



पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए संतोष जगदाले की पत्नी प्रगति जगदाले ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह हमारी बेटियों के सिंदूर मिटाए, उसके बाद यह करारा जवाब है। इस ऑपरेशन का नाम सुनते ही मेरी आंखों में आंसू आ गए। मैं सरकार का तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं।

**पति को सच्ची श्रद्धांजलि**



शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी ने कहा कि मैं पीएम मोदी, मंत्रियों और वायुसेना और सेना प्रमुख जनरल सहित सशस्त्र बलों के प्रमुखों को मेरे पति की मौत का बदला लेने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। जिस तरह से उन्होंने (पाकिस्तान को) जवाब दिया, उसने हमारा भरोसा कायम रखा।

**प्रतिशोध लिया ये सही**



कौस्तुभ गणबोटे की पत्नी संगीता गणबोटे ने कहा कि भारत सरकार और सेना ने जो कार्रवाई की है वो एकदम सही किया है और ऑपरेशन का नाम सिंदूर देकर महिलाओं को सम्मान भी दिया है। बेटे कुणाल गणबोटे ने कहा कि हमने जो प्रतिशोध लिया है ये एकदम सही है और ये होना ही चाहिए था।

**ऐसे ही बदला लेते रहें**



विनय नरवाल की मां आशा ने कहा कि ये बहुत ही अच्छी बात है कि जो पीएम मोदी ने बदला लिया है मैं उनके साथ हूं, जनता और हमारा पूरा परिवार उनके साथ है। सेना के जवानों को मैं संदेश देना चाहती हूं कि वो आगे बढ़ते रहें और ऐसे ही बदला लेते रहें कि ऐसी घटना दोबारा न घटे।

## आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए पाक सेना के अधिकारी

**लाहौर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के ताबड़तोड़ हमलों से पाकिस्तान में खौफ का माहौल है। वहीं, पाकिस्तानी सेना के जवान और मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा के सदस्य बुधवार को तीन लोगों के जनाजे में शामिल हुए। ये तीनों बुधवार को मुरीदके में भारतीय सेना के हवाई हमले में मारे गए। मुरीदके लाहौर से करीब 40 किलोमीटर दूर है। जमात उद-दावा के राजनीतिक संगठन पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के प्रवक्ता ताबिश कय्यूम ने कहा कि कारी अब्दुल मलिक, खालिद और मुदस्सिर को कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज-ए-जनाजा अदा की गई। कय्यूम खुद भी जनाजे में मौजूद थे। इस जनाजे में नागरिक प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हुए।

**दहशत में पाक आर्मी**



मुदरीके में आंतकियों को बचाने दौड़ पड़े आर्मी के टैंक

**सेना की कार्रवाई में आंतकियों की मौत**



आतंकियों को नमाज-ए-जनाजा अदा की



## भारत के बदले तेवर देख विश्व के नेता बोले संयम बरतें

*पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर तबाई मचाने वाले भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर दुनियाभर से प्रतिक्रिया आ रही है। इजरायल ने इस मुद्दे पर भारत का खुलकर साथ दिया है। वहीं अन्य देशों ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने का आग्रह किया है।*

### भारत की आत्मरक्षा का स्वागतः इजराइल

भारत में इजरायल के राजदूत रुवेन अजार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हम भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का हम समर्थन करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से छिपने की कोई जगह नहीं है।

## उम्मीद है जल्द ही चीजें सामान्य होंगीः अमेरिका

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव को लेकर उम्मीद जताई कि जल्दी ही चीजें सामान्य हो जाएंगी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।*

### दोनों देश शांति बनाए रखेंः चीन

चीन ने दोनों देशों से शांति बनाए रखने की अपील की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत और पाकिस्तान पड़ोसी देश हैं, हम दोनों से शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देने और संयमित रहने की अपील करते हैं। हम ऐसी कार्रवाई से बचने का आह्वान करते हैं।

### संयम बरतें दोनों देशः रूस

*रूस के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव को लेकर उनका देश चिंतित है।*

## शांति का रास्ता प्रभावी तरीकाः यूएई

*संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और तनाव को बढ़ने से रोकने का आग्रह किया है। यूएई के विदेश मामलों के उप-प्रधानमंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने कहा कि कूटनीति और बातचीत संकटों को*

### हम दोनों देशों के मित्र ब्रिटेन ने कहा

ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि हम दोनों देशों के मित्र हैं, साझेदार हैं। हम दोनों देशों का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। दोनों देशों की क्षेत्रीय स्थिरता, वार्ता और तनाव कम करने में गहरी रुचि है और हम इसके समर्थन में जो कुछ भी कर सकते हैं,

## शांति और चर्चा से स्थिति को स्थिर करेंः जापान

*जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि हमें इस बात की बहुत चिंता है कि आगे की जवाबी कार्रवाई एक पूर्ण सैन्य संघर्ष में बदल जाएगी। हम भारत और पाकिस्तान से दृढ़तापूर्वक आग्रह करते हैं कि वे संयम बरतें और दक्षिण एशिया की शांति एवं*

### संघर्ष छोड़ें, शांति से बात करेंः स्कॉटलैंड

स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री जॉन स्विनी ने कहा कि मैं कश्मीर में हुई घटनाओं से बहुत चिंतित हूं और संघर्ष से बचने के लिए शांति व बातचीत का आग्रह करता हूं। स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री का पद प्रधानमंत्री के समकक्ष होता है

## सैन्य टकराव बर्दाश्त नहींः यूएन

*संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भारत और पाकिस्तान से 'अधिकतम सैन्य संयम' बरतने का आह्वान करते हुए कहा कि दुनिया दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि महासचिव नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान किया है। दुनिया भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती।*

## अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान में अमेरिका के मिशन ने बुधवार को एक सुरक्षा अलर्ट जारी कर अमेरिकी नागरिकों को संघर्ष वाले क्षेत्र छोड़ने की सलाह दी है। अमेरिकी मिशन ने कहा कि वह पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद 'घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है'। 'सैन्य गतिविधि और बंद हवाई क्षेत्र' शीर्षक वाली सुरक्षा चेतावनी में कहा गया है कि भारत-पाकिस्तान सीमा और नियंत्रण रेखा के आस-पास के क्षेत्रों के लिए 'यात्रा नहीं करें'। पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी कि 'यदि वे सुरक्षित रूप से कर सकते हों तो सक्रिय संघर्ष वाले क्षेत्रों को छोड़ दें, या किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें।' यदि स्थानांतरित नहीं हो सकते हैं तो आश्रय लें, व्यक्तिगत सुरक्षा योजना की समीक्षा करें, खामोशी से रहें, आस-पास के वातावरण से अवगत रहें, पहचान पत्र साथ रखें और अधिकारियों के साथ सहयोग करें।'

# 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाक की निकली हेकड़ी

भारत की ओर से आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की सार हेकड़ी निकाल दी है। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को कहा कि अगर भारत तनाव कम करता है तो पाकिस्तान भी ऐसा करने के लिए तैयार है। हम पिछले पखवाड़े से लगातार कह रहे हैं कि हम भारत के खिलाफ कभी भी कोई शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करेंगे।



- रक्षा मंत्री बोले- हम तनाव कम करने को तैयार

शरीफ ने फिर बड़बोलापन दिखाया

### हम अपने दुश्मन से निपटना जानते हैं

इससे पहले बड़बोलापन दिखाते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि उनके सशस्त्र बल दुश्मन से निपटने का तरीका अच्छी तरह जानते हैं। भारत द्वारा किए गए युद्ध के इस कृत्य का मुंहतोड़ जवाब देने का पाकिस्तान को पूरा अधिकार है।

पाक ने बंद किया एयरस्पेस

### अगले 48 घंटों तक रहेगा नो फ्लाई जोन

अब पाकिस्तान ने पूरे एयर स्पेस को बंद करने का ऐलान किया है। पहले सिर्फ भारतीय विमानों के हवाई क्षेत्र बंद किया था, लेकिन भारत एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के आलाकमान ने सभी देशों के लिए एयर स्पेस बंद कर दिया।

### पाक में मंथन...कैसे दें जवाब?

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के साथ बैठक की है, जिसमें यह तय करने की कोशिश की गई कि पाकिस्तान को अब क्या जवाब देना चाहिए।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद धर्मशाला में आईपीएल नहीं!

ऑपरेशन सिंदूर का असर आईपीएल 2025 पर भी पड़ा है। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना के सफल ऑपरेशन के बाद पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस का मैच धर्मशाला से वानखेड़े स्टेडियम शिफ्ट कर दिया गया है।

### भारत-पाकिस्तान के बीच अब तक हुए सैन्य संघर्ष

| साल | युद्ध | शुरू हुआ | खत्म हुआ | दिन |
|---|---|---|---|---|
| 1947-48 | भारत-पाक पहला युद्ध | अक्टूबर 1947 | जनवरी 1949 | |
| 1965 | भारत-पाक दूसरा युद्ध | 5 अगस्त | 23 सितंबर | 100 |
| 1971 | बांग्लादेश मुक्ति युद्ध | 24 नवंबर | 6 दिसंबर | 13 |
| 1999 | करगिल युद्ध | 3 मई | 26 जुलाई | 85 |
| 2016 | उरी हमला व सर्जिकल स्ट्राइक | 18 सितंबर | 28-29 सितंबर | 10 |
| 2019 | पुलवामा हमला व बालाकोट एयरस्ट्राइक | 14 फरवरी | 26 फरवरी | 14 |
| 2025 | पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर | 22 अप्रैल | 7 मई | 16 |

## ऑपरेशन सिंदूर पर वर्ल्ड मीडियाः भारत ने खुद को साबित किया

ऑपरेशन सिंदूर पर विदेशी मीडिया ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर गहराई तक पहुंचकर आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया। यह कार्रवाई भारत की सैन्य क्षमताओं को दर्शाती है और आतंकवाद के खिलाफ उसकी दृढ़ता को स्पष्ट करती है। इस प्रकार, भारत ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने के लिए तैयार है। अमेरिका में प्रकाशित न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा है कि दो न्यूक्लियर पावर के बीच जंग का खतरा, नहीं रुका तो खतरनाक नतीजें होंगे। वहीं, वॉशिंगटन पोस्ट ने लिखा कि भारत का पाक पर हमला, जंग की आशंका बढ़ी। बीबीसी ने लिखा, भारत बोला- पाकिस्तान और पीओके पर हमले किए हैं। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने इसे 'कश्मीर क्राइसिस' कहा है। अखबार ने हमले से पहले मोदी के उस बयान को प्रमुखता से छापा है जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान की सीमा में बहने वाला पानी बाहर नहीं जाएगा। द डेली मेल ने लिखा कि 2 न्यूक्लियर पावर देश जंग की कगार पर पहुंचे। सीएनएन ने कहा कि पर्यटकों की हत्या के बाद भारत का पाकिस्तान पर हमला। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि भारत का पाकिस्तान के 6 ठिकानों पर 2 मिसाइल से हमला।

ब्रिटेन में पाकिस्तानियों की नौकरी-पढ़ाई मुश्किल!

# वर्क-स्टडी वीजा के 'गलत' इस्तेमाल पर लगाएगा रोक

एजेंसी ▶▶ लंदन



दुनिया के कई देशों में लोग वर्क और स्टडी वीजा का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार ने कहा है कि वह उन विदेशी नागरिकों पर नजर रखने वाली है, जो पढ़ाई या नौकरी के वीजा पर आते हैं और फिर देश में शरण मांगते हैं।

ब्रिटिश सरकार ने बताया कि ऐसे लोगों में पाकिस्तानी नागरिक सबसे ज्यादा हैं। सरकार इस महीने के आखिर में 'इमिग्रेशन व्हाइट पेपर' लाएगी, जिसमें योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में शरण मांगने वालों में पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। पिछले साल यह संख्या 79% बढ़कर 10,542 हो गई। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "हम उन विदेशी नागरिकों की जानकारी जुटा रहे हैं, जो काम और पढ़ाई के वीजा पर आते हैं और फिर शरण मांगते हैं। हम ऐसे लोगों को जल्दी पहचानने के लिए काम कर रहे हैं।" प्रवक्ता ने आगे कहा, "हम वीजा सिस्टम पर लगातार नजर रख रहे हैं। अगर हमें लगता है कि कोई हमारी इमिग्रेशन नियमों का गलत इस्तेमाल कर रहा है, तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे।

भारत-यूके में मुक्त व्यापार समझौता

# हीरे-चांदी समेत कई सामानों पर शुल्क में कोई छूट नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत कुछ सामानों पर ब्रिटेन के उद्योगों को शुल्क में कोई छूट नहीं देगा। जिन सामानों पर शुल्क में छूट नहीं दी जाएगी, उनमें हीरे, चांदी, स्मार्टफोन और ऑप्टिकल फाइबर आदि शामिल हैं। वहीं समझौते के तहत ब्रिटेन से आयात होने वाले पेट्रोल और डीजल इंजन वाहनों पर भी शुल्क में सीमित छूट मिलेगी। दोनों देशों के बीच इस पर सहमति बनी है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन से रियायती सीमा शुल्क दर पर आयात होने वाले ब्रिटिश इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के आयात का कोटा भी केवल कुछ हजारों तक सीमित है। वहीं संवेदनशील औद्योगिक उत्पादों जैसे प्लास्टिक, हीरा, चांदी, स्मार्टफोन, टेलीविजन कैमरा ट्यूब, ऑप्टिकल फाइबर बंडल और केबल को भी एफटीए से बाहर रखा गया है। इसके चलते इन सामानों के आयात पर भारत द्वारा ब्रिटेन को कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। एफटीए के तहत भारत के ऑटो सेक्टर को खोला गया है।

देश के अंदर नक्सलवाद पर स्ट्राइक

# छत्तीसगढ़ में 18 नक्सली ढेर, सर्च अभियान जारी

एजेंसी ▶▶ बीजापुर



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के करेंगुट्टा की विशाल और दुर्गम पहाड़ियों में पिछले दो सप्ताह से सुरक्षा बलों द्वारा बड़े स्तर पर नक्सल-विरोधी ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार देर रात एक बड़ी मुठभेड़ हुई है, जिसमें सुरक्षा बलों ने 18 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया है। नक्सलियों के मारे जाने का आंकड़ा बढ़ सकता है। मारे गए नक्सलियों के पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। यह ऑपरेशन पिछले 15 दिनों से लगातार चलाया जा रहा है। जिसमें कई नक्सलियों को मार गिराया जा चुका है। करेंगुट्टा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए तलाशी अभियान को चुनौतीपूर्ण बताया जा रहा है, लेकिन सुरक्षाबल के जवान तलाशी और गश्त अभियान चला रहे हैं। इस क्षेत्र में कुछ शीर्ष नक्सली नेताओं और बटालियन नंबर एक की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिली थी। जिसके आधार पर ऑपरेशन को तेज किया गया। संभावना जताई जा रही है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या अभी और बढ़ सकती है।

# 40 लाख आवेदनों में मांगें ज्यादा हैं, शिकायतें कम, यह प्रदेश में सुशासन का प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हमारे सुशासन तिहार में 40 लाख आवेदन आए हैं। पहली नजर में यह बहुत ज्यादा दिखते हैं। लेकिन जब इनका अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि इसमें मांग के आवेदन ज्यादा हैं और शिकायतें कम। यह इस बात का प्रमाण है प्रदेश में सुशासन है। शासन और प्रशासन को लेकर शिकायतें कम होना अच्छी बात है। जो आवेदन आएं हैं उनमें सबसे ज्यादा पीएम आवास, उज्जवला योजना और पेयजल से जुड़े हैं। हमारी सरकार सभी आवेदनों का निराकरण करने का काम करेगी। सुशासन तिहार के व्यस्ततम दौरे के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सार्थक संवाद संवाद किया। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश।

खास खबर

## प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सार्थक संवाद

- *लोग इतनी गर्मी में विदेश यात्रा की योजना बनाते हैं, आपने गांव की यात्रा की योजना बनाई और पूरे मंत्रिमंडल को भी झोंक दिया, आखिर इसके पीछे का कारण क्या है?*

- *पिछले चुनाव में भाजपा पर भरोसा करके जनता से बहुत बड़ा जनादेश दिया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से कहा था, भाजपा की सरकार बनाएं आपके सब काम होंगे। अब हम सब कामों को करने का काम कर रहे हैं। हमने अपने वादों को मोदी की गारंटी का नाम दिया था। डेढ़ साल हुए हैं हमारी सरकार को, इस समय में हमने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है। हमने अधिकांश बड़े-बड़े वादे पूरे करने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास, किसानों*



*का 31 सौ में धान खरीदने का काम, किसानों को दो साल का बोनस देना, पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच, महतारी वंदन में महिलाओं को एक हजार रुपए देने का काम, तेंदूपत्ता की कीमत बढ़ाई है। बोनस भी दे रहे हैं। हम सुशासन की बात करते हैं। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां पर सुशासन अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। हम पारदर्शी सरकार चलाना चाहते हैं, उसका क्रियान्वयन निचले स्तर से होना चाहिए। इसलिए हम लोग भरी गर्मी में भी गांवों तक जाकर देख रहे हैं। शासन-प्रशासन देख रहा है कि गांव तक योजना किस तरह से पहुंच रही है।*

- जब आपने अभियान की योजना तैयार की तो आपके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने क्या कहा?

- भाजपा जो कहती है वह करती है। पहले भी लगातार 15 साल तक भाजपा की सरकार में मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह भी सुराज अभियान चलाते थे। डा. रमन भी भरी गर्मी में जाते थे, कहीं भी बिना बताए जाते थे। इसका बड़ा फर्क पड़ता है, हम लोग योजनाओं को गांवों तक पहुंचाने में सफल होते हैं। उसी परंपरा को हम निभा रहे हैं।

- डेढ़ साल में सुशासन के माध्यम से क्या कर पाए जो लगा अब सुशासन तिहार मना सकते हैं?

- सबसे बड़ी बात यह है कि हमने मोदी की गारंटी के सभी बड़े वादे पूरे कर दिए हैं। इसके पहले कांग्रेस की सरकार थी, उसको भी बड़ा जनादेश मिला था। कांग्रेस ने बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन अपने वादों को पूरा नहीं किया। उनके घोषणापत्र में 36 वादे थे, लेकिन इसमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया। छत्तीसगढ़ की जनता के साथ धोखा तो किया है, साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ को अपराध गढ़ बना दिया। भ्रष्टाचार का भी गढ़ बना दिया। उसके पांच साल के शासनकाल में अनेकों घोटाले हुए। कोयला, शराब, महादेव से लेकर घोटाले ही घोटाले किए। उनके कई नेता और सहयोगी आज जेल में हैं।

# करेंगुट्टा मुठभेड़ के 15वें दिन मारी गई एक और महिला नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले में फोर्स द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल आपरेशन के दौरान सोमवार को एक और वर्दीधारी महिला नक्सली को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मार गिराया। इससे पूर्व 24 अप्रैल को सुरक्षाबलों ने 24 लाख के इनामी 3 वर्दीधारी महिला माओवादियों को मार गिराया था। गौरतलब है कि तेलंगाना-बीजापुर के सरहद स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ में पिछले 15 दिन से नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया है।

- 303 रायफल व अन्य सामान बरामद



### कई नक्सलियों के मारे जाने व घायल होने की खबर, सैकड़ों बंकर नष्ट


आईजी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से मिले निशान से और भी माओवादियों के मारे जाने एवं घायल होने की प्रबल संभावना है। छग-तेलंगाना के सरहद स्थित अंतरराज्यीय सीमा के जिला बीजापुर में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों में अब तक कई मुठभेड़ों के बाद 4 माओवादियों के शव और अनेक हथियार बरामद किए गया जा चुके है। वहीं अभियान के दौरान अब तक सैकड़ों नक्सली ठिकाने और बंकर नष्ट किए जा चुके हैं।

### नक्सलियों ने उपसरपंच को उतारा मौत के घाट

सुकमा जिले के धुर नक्सल प्रभावित जगरगुण्डा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम तारलागुड़ा के उपसरपंच की नक्सलियों ने सोमवार को दिनदहाड़े घर से बाहर निकालकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद नक्सली जंगल की ओर भाग निकले। हालांकि मौके पर किसी तरह का नक्सल पर्चा नहीं मिला है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। उपसरपंच की हत्या की जानकारी लगने के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

### वक्फ पर अब 15 मई को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर 15 मई को न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई तय की। सीजेआई संजीव खन्ना ने सुनवाई टालते हुए कहा कि इस मामले पर अंतरिम आदेश पारित करने से पहले लंबी सुनवाई की जरूरत है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई अगली तारीख तक के लिए टाल दी. सीजेआई खन्ना 13 मई को रिटायर हो रहे हैं। ऐसे में अगले सीजेआई बीआर गवई इस मामले में सुनवाई करेंगे। जस्टिस बीआर गवई 14 मई से सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ लेंगे।



## तीन माह पहले ही हो चुका था एक्सपायर

# सिविल अस्पताल सुपेला में मरीज को चढ़ा दिया एक्सपायर्ड ग्लूकोज, शिकायत पर डाक्टर ने कहा- मरा नहीं तो नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में सीनियर नर्स की बड़ी लापरवाही सामने आई है। उन्होने एक मरीज को एक्सपायरी ग्लूकोज चढ़ाने का मामला सामने आया है। मरीज को जब खुजली और जलन होने लगी तो परिजनों ने इसे चेक किया। तब इसका खुलासा हुआ कि जो ग्लूकोज की सलाइन चढ़ाई गई है वह तीन महीने पहले ही एक्सपायर हो चुकी है। डॉक्टर से इसकी शिकायत करने के बाद उन्होने मरीज के परिजनों से यह कह दिया कि मरीज मरा तो नहीं है, ये ठीक है। शिकायत के बाद इस मामले की जांच के लिए अस्पताल प्रभारी ने टीम गठित कर दी है।





### जांच टीम गठित

हमने मरीज को एक्सपायरी सलाइन चढ़ाने की शिकायत पर जांच टीम बैठा दी है। जो नर्स एक्सपायरी सलाइन चढ़ाई है वह सीनियर नर्स है और बेहद गंभीरता से कार्य करती रही है। लेकिन यह चूक कैसे हुई इसकी जांच करवाई जा रही है। जांच के बाद ही आगे कार्रवाई तय हो सकेगी। **-डॉ. पियम सिंह**, प्रभारी चिकित्सक, सुपेला

### दर्द की वजह से अस्पताल में हुआ भर्ती

मरीज छावनी निवासी दीपक कुमार है। वह छावनी में एक रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। परिजनों ने बताया कि दीपक को रविवार की रात हाथ-पैर में दर्द हुआ। चक्कर आने लगे। तबियत अचानक बिगड़ने की वजह से उसे सुपेला सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। रात ड्यूटी में डॉ. मंजू राठौर थी। उन्होने मरीज को भर्ती किया। डॉ. मंजू ने मरीज को जनरल वार्ड में भर्ती करवाया और डेक्सट्रोज इंजेक्शन आई चढ़ाने के लिए लिखा। नाइट ड्यूटी में नर्स की ड्यूटी थी उसे दवा काउंटर से सलाइन लेकर मरीज को चढ़ाया।

## छत्तीसगढ़ की दो महिला खिलाड़ियों में गजब का हौसला

# 67 और 70 साल की दादी ने जीते उम्र से अधिक पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

जिस उम्र में बुजुर्ग महिलाएं ठीक से चल फिर नहीं पातीं, उस उम्र में छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले की दो दादी खिलाड़ी अम्मा बनकर मैदानों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। दोनों के घर रखे मेडल और सम्मान पत्र बताते हैं कि उम्र के इस पड़ाव में भी ये दादी अम्मा अपनी उम्र से भी ज्यादा पदक जीत रही हैं। आज विश्व एथलेटिक्स दिवस पर हरिभूमि में पढ़िए 70 वर्षीय एथलेटिक्स शकुंतला सिंह और 67 वर्षीय एथलेटिक्स कलमा देवी मंगतानी की कहानी।

विश्व एथलेटिक्स दिवस विशेष

### कुछ दिन बैसाखी के सहारे चली उम्र की संख्या से दोगुने मेडल जीते

कमल देवी मंगतानी, उम्र 67 साल



*मनेन्द्रगढ़ के बस स्टैंड इलाके के वार्ड क्रमांक 11 में रहने वाली कमला देवी मंगतानी की उम्र 67 साल है। 40 साल से वे डायबिटीज की मरीज हैं। एक समय ऐसा था जब कमला देवी मंगतानी को चलने के लिए बैसाखी का सहारा लेना पड़ता था, यहां तक कि डॉक्टरों ने उन्हें घुटना बदलने तक कि बात कह दी थी, लेकिन कमला देवी मंगतानी के हौसले के आगे बैसाखी पीछे चली गई और वो रोज मैदान में घण्टों समय बिताने लगी, फिर जिम ज्वाइन किया।*

### नर्स की नौकरी से लेकर गोल्ड मेडल एथलेटिक्स

शकुंतला सिंह, उम्र 70 साल



*मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 में रहने वाली 70 वर्षीय महिला रिटायरमेंट लेने के बाद जो कर रही हैं वह किसी हैरत से कम नही है। इस उम्र में भी रोजाना मैदान में जाकर 2 घंटे की प्रेक्टिस जिसमें 1400 मीटर की दौड़ करने के बाद नियमित अभ्यास करती हैं। सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन से वे अपना अभ्यास जारी रखे हुये हैं। एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के साऊथ झगराखाण्ड चिकित्सालय में नर्स की नौकरी से रिटायरमेंट के बाद भी इन्होंने खेल जारी रखा और शॉटपुट, हैमर थ्रो, भाला फेंक, जेवलिन थ्रो जैसे खेलों में कई मेडल जीते। देश के बाहर नेपाल में भी इन्होंने मेडल जीता।*

# अटके वेतन के लिए मांगी रिश्वत, धरा गया बाबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

माध्यमिक विद्यालय के एक दैनिक वेतनभोगी भृत्य का तीन साल से अटका हुआ वेतन भुगतान करने के नाम पर 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग करने वाले हेड क्लर्क को बिलासपुर की एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में कार्यरत हेड क्लर्क एमएस फारुखी ने खरसिया क्षेत्र स्थित हालाहुली माध्यमिक शाला में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी भृत्य उसुराम केंवट के साल 2014 से 2017 तक के रूके हुए वेतन का भुगतान करने एवज में पहले 20 हजार रुपए देने की बात कही। किंतु उसुराम ने इतनी राशि देने में असमर्थता व्यक्त की, क्लर्क ने 15 हजार रुपए देने को कहा। बताया जा रहा है कि उसुराम ने पहले ही 5 हजार रुपए क्लर्क को दे दिए थे। किंतु इसके बाद भी क्लर्क ने वेतन का भुगतान नहीं किया। ऐसे में इससे परेशान होकर दूसरी किश्त देने से पहले उसने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत कर दी।

### काट रहा था चक्कर

बताया जा रहा है कि भृत्य काफी समय से अपने लंबित वेतन को प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग के चक्कर काट रहा था।जबकि उसने लंबित वेतन को प्राप्त करने उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी और इस याचिका पर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने शिक्षा विभाग को तत्काल वेतन जारी करने का आदेश भी जारी किया था।

### सोशल मीडिया में अश्लील पोस्ट दो गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने सोशल मीडिया में अश्लील पोस्ट करने के आरोप में एक नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अश्लील पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने सुशांत कोले के साथ एक 16 वर्षीय किशोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आया किशोर अपने पिता का सिम कार्ड लेकर पड़ोसी के वाईफाई का पासवर्ड हासिल कर सोशल मीडिया में अश्लील पोस्ट करता था।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789


## राशिफल

**मेष** - वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** - आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** - आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** - मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** - आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** - पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** - आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** - व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।


**मकर** - मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** - स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।


**मीन** - शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

# सत्व सुकुन ने 74.5% की वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** घरेलू साज-सज्जा और सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई: 539519) ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और बारह महीनों के लिए मजबूत वित्तीय परिणाम दर्ज किए हैं। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 74.5% बढ़कर 84.22 लाख रुपए हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 48.19 लाख था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में परिचालन से आय 6% बढ़कर 105.16 लाख रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 99.23 लाख रुपए थी। सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मीत तरूणकुमार ब्रह्मभट्ट ने कहा कि कंपनी की सफलता नवाचार-संचालित उत्पाद विकास, विनिर्माण क्षमताओं में निवेश और एक विस्तारित ग्राहक आधार के संयोजन से प्रेरित है, जो दीर्घकालिक टिकाऊ विकास की दिशा में अपना रास्ता मजबूत करता है।




## शब्द पहेली - 5860



**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरूर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -5859 का हल



## सूडोकु नवताल - 5870

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5869 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |



## डॉक्टर सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब रात में न आए नींद



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मुझे रात को गहरी नींद नहीं आती है, जिसकी वजह से पूरे दिन सुस्ती और आलस छाया रहता है। सिर में भी हल्का-हल्का दर्द होता रहता है। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं रात को गहरी नींद सो सकूं।**

**-विकास, रायपुर**

यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, इस बात पर गौर करें। इस दौरान ऐसा क्या हुआ है, जो बात या घटना आपके दिमाग में बार-बार घूम रही है। कई बार ऐसी कोई घटना हो जाती है, जो लगातार मन में आती रहती है और नींद डिस्टर्ब होती है। कोई समस्या है तो आप उसका समाधान खोजें, न कि नींद की दवा लें। अगर कोई कारण आपको समझ मे नहीं आ रहा है तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। नींद की दवा लेने से आपको बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरे हाथ-पैर की त्वचा पर काले दाग-धब्बे दिख रहे हैं। ऐसा किस वजह से हो सकता है? कृपया बताएं कि ऐसा क्यों है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-प्रतीश, दुर्ग**

आप ध्यान दें कि ये स्पॉट केवल हाथ-पैर में हो रहे हैं या पूरे शरीर में? क्योंकि अगर पूरे शरीर में हो रहे हैं तो इसका कारण इंफेक्शन भी हो सकता है। लेकिन अगर केवल हाथ-पैर में हो रहे हैं तो आप इस बात पर गौर करें कि क्या कुछ दबाव पड़ने पर या चोट लगने से हो रहा है या बगैर किसी कारण के हो रहा है? हालांकि बगैर देखे कुछ भी कहना मुश्किल है। अगर ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो आप एंटी एलर्जी दवा ले सकते हैं लेकिन एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क जरूर करें, वे चेकअप के बाद उनका प्रॉपर ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। छह महीने पहले मेरे पैर में फ्रैक्चर हुआ था। फिजियोथेरेपिस्ट की मदद से कुछ हफ्तों तक एक्सरसाइज भी किया था। अब भी वहां पर दर्द होता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रीतपाल, महेंद्रगढ़**

क्या फ्रैक्चर वाले स्थान पर फिर से चोट लगी थी? कई बार चोट लगने की वजह से दर्द शुरू हो जाता है। अगर ऐसा है तो आपको थोड़ा बचाव करना चाहिए। अगर इसके बाद भी दर्द नहीं जाता है तो जरूर दोबारा आपको एक्सरे करा लेना चाहिए। कई बार हड्डी ठीक से ना जुड़ने की वजह से भी इस तरह की समस्या देखी जाती है। फिलहाल दर्द वाले स्थान पर गर्म पानी से सिकाई करें।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मेरी आवाज अकसर बैठ जाती है। गले में खराश और दर्द भी रहता है। गर्म पानी, काढ़ा पीने से थोड़ी राहत तो मिलती है, लेकिन ये सब छोड़ते ही प्रॉब्लम फिर से बढ़ जाती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई परमानेंट सॉल्यूशन बताएं।**

**-कमल, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको टांसलाईटिस की समस्या है। सबसे पहले आप फ्रिज में रखी ठंडी और खट्टी चीजें खाना बंद कर दें। बाजार का दही और छाछ भी नहीं खाना है। ठंडा पानी भी पीना बंद करें। इसके अलावा सुबह उठकर और रात में सोने से पहले नमक वाले पानी से गरारा करें। इस तरह आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं और वहां की स्किन भी सूजी हुई लगती है। कृपया इन समस्याओं को दूर करने का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-रजत, बिलासपुर**

आंखों के नीचे डार्क सर्कल कई बार शरीर में खून की कमी की वजह से होते हैं। इसके लिए सबसे पहले आप शरीर में खून की जांच यानी एचबी की जांच कराएं। अगर एचबी नॉर्मल है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। फिजिकल एग्जामिनेशन के बाद ही कारण बताया जा सकता है। जिसके बाद उसका ट्रीटमेंट शुरू होगा। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए आप कोई भी मेडिसिन ना खाएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डाइट एडवाइस

**डॉ. चेतना बंसल**
क्लीनिकल न्यूट्रीशनिस्ट, नई दिल्ली

ओल्ड एज में अनेक शारीरिक समस्याओं के साथ ही मसल्स लॉस होना भी एक कॉमन प्रॉब्लम है। इस वजह से बुजुर्ग व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन अगर डाइट का ध्यान रखा जाए और यहां बताए जा रहे प्रोटीन-मिनरल्स युक्त फूड्स को डाइट में शामिल किया जाए तो काफी राहत मिल सकती है।

# बढ़ती उम्र में मसल्स लॉस
# रेग्युलर लें न्यूट्रिशस डाइट

उम्र बढ़ने के साथ मसल्स कमजोर होना कॉमन समस्या है। आमतौर पर जिसका कोई लक्षण नजर नहीं आता, व्यक्ति को इसका अहसास तब होता है, जब उसका कुर्सी से उठना भी मुश्किल हो जाता है। असल में प्रोटीन, मिनरल्स जैसे पोषक तत्वों की कमी के कारण 60 साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते व्यक्ति के शरीर की मसल्स का आकार छोटा यानी तकरीबन 33 प्रतिशत कम हो जाता है। मेडिकल भाषा में इसे सार्कोपीनिया कहते हैं, जिससे खान-पान का ध्यान रख कर बचा जा सकता है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में हुई एक रिसर्च से पता चला है कि कुछ खाद्य पदार्थों में ऐसे प्रोटीन-रिच कंपाउंड या पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो मसल्स का आकार छोटा होने की समस्या को रिवर्स कर सकते हैं।


**ग्रीक योगर्टः** ग्रीक योगर्ट में नॉर्मल दही से दोगुना हाई क्वालिटी प्रोटीन (170 ग्राम योगर्ट में 15 से 20 ग्राम) होता है, जो सीनियर सिटीजन की मांसपेशियों की मेंटेनेंस के लिए जरूरी होता है। खासकर इसमें मौजूद कैसीन, धीरे-धीरे डाइजेस्ट होता है और कई घंटों तक आपकी मांसपेशियों के लिए अमीनो एसिड रिलीज करता रहता है। एक्सपर्ट्स इसे शाम के समय या रात को सोने से एक घंटा पहले खाना बेस्ट मानते हैं। चूंकि रात के समय खाली पेट होने की वजह से शरीर में मसल ब्रेकडाउन काफी तेजी से होता है। ग्रीक योगर्ट खाकर सोने से मांसपेशियों को लगातार अमीनो एसिड मिलता रहता है, जिससे मसल ब्रेकडाउन में कमी आती है।



ग्रीक योगर्ट में कैल्शियम, विटामिन डी और फॉस्फोरस भी भरपूर मात्रा में होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने और मांसपेशियों को सुचारु रूप से कार्य करने के लिए जरूरी हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद प्रोबायोटिक्स, गट हेल्थ को सुधारते हैं, जो शरीर में पोषक तत्वों का अवशोषण बढ़ाने और इंफ्लेमेशन कम करने में सहायक हैं। इससे मसल हेल्थ मेंटेन करने में मदद मिलती है। हफ्ते में तीन से चार बार 170 ग्राम ग्रीक योगर्ट का सेवन करना चाहिए।

**फैटी फिशः** बढ़ती उम्र में मसल ब्रेकडाउन में इंफ्लेमेशन मेन फैक्टर है। फैटी फिश में मौजूद ईपीए और डीएचए फैटी एसिड इस इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद करते हैं। 112 ग्राम फिश में 20 ग्राम कंप्लीट प्रोटीन और विटामिन डी काफी मात्रा में होता है। ये पोषक तत्व उम्र बढ़ने के साथ होने वाले मसल लॉस की रिपेयर करने, रिजनरेट और ग्रोथ करने में मदद करते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रिशन में पब्लिश रिसर्च के अनुसार सप्ताह में दो बार फैटी फिश खाने वाले बुजुर्गों का मसल लॉस कम होता है।

**दालें और बींसः** एक कटोरी पकी हुई दालों और बींस में 15 ग्राम प्रोटीन होता है। इनके अंदर एक खास तरह की स्टार्च होती है, जो गट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाती है। ये बैक्टीरिया मसल्स लॉस करने वाली इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।



शरीर में ब्लड शुगर लेवल ज्यादा हो तो उसे कंट्रोल करने के लिए पैंक्रियाज को अधिक मात्रा में इंसुलिन रिलीज करना पड़ता है। लेकिन इंसुलिन स्पाइक्स से मसल्स लॉस की संभावना रहती है। दालों में मौजूद फाइबर ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है और इंसुलिन स्पाइक्स नहीं होने देता। बींस में मौजूद पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन जैसे मिनरल्स भी होते हैं, जिनकी कमी होने पर मसल्स में ऑक्सीजन सप्लाई ठीक तरह से नहीं हो पाती और मसल्स लॉस का खतरा रहता है। अमेरिका की टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के ह्यूमन न्यूट्रीशियन रिसर्च सेंटर ऑन एजिंग के अनुसार, हफ्ते में चार बार बींस और लेग्यूम्स का सेवन करने से मसल्स का आकार सही बनाए रखने में मदद मिलती है।

**ऑलिव ऑयलः** इसमें मौजूद ओलियोकैंथल कंपाउंड इबोप्रोफिन दवाई की तरह काम करता है। यूनिवर्सिटी ऑफ लजियाना में हुई एक रिसर्च के अनुसार ओलियोकैंथल कंपाउंड मसल्स में मौजूद प्रोटीन को तोड़ने और मसल्स को नुकसान पहुंचाने वाले एंजाइम को बढ़ने से रोकता है। ऑलिव ऑयल में मौजूद मोनो अनसेचुरेटेड फैट टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाती है, जिसकी कमी से मसल्स ब्रेकडाउन होता है और मसल्स का साइज छोटा होने लगता है। एक अध्ययन के हिसाब से हर रोज कम से कम 2 चम्मच ऑलिव ऑयल का सेवन करते हैं, उनकी मसल्स ज्यादा ताकतवर होती हैं।

**नट्स-सीड्सः** इनमें प्रोटीन, हेल्दी फैट और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो मसल्स के डेवलपमेंट और स्ट्रेंथ में सहायक होते हैं। प्रोटीन और मैग्नीशियम से भरपूर बादाम, मसल्स का आकार छोटा होने से रोकने में मदद करता है। मसल्स के आकार को छोटा करने वाले फैक्टर्स, इंफ्लेमेशन को अखरोट में मौजूद अल्फा लिनोलिनिक एसिड दूर करता है। उम्र बढ़ने के साथ टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन की कमी हो जाती है, जिससे मांसपेशियों का आकार छोटा होने लगता है। कद्दू के बीज में मौजूद जिंक टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन के निर्माण प्रक्रिया को बढ़ाता है। अमेरिका की टफ्ट्स यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च के अनुसार जिन सीनियर सिटीजंस के खून में विटामिन ई का लेवल ज्यादा होता है, उनमें मसल लॉस कम होता है। लिहाजा उम्र बढ़ने पर होने वाले मसल लॉस को रोकने के लिए दिन में एक मुट्ठी मिक्स नट्स और सीड्स जरूर खाने चाहिए।



**अंडेः** एक बड़े आकार के अंडे में 6 ग्राम प्रोटीन, विटामिन डी और कोलाइन, ल्यूसिन जैसे अमीनो एसिड होते हैं, जो प्रोटीन सिंथेसिस को स्टीमुलेट करने का काम करते हैं। यानी, उम्र बढ़ने के साथ मसल्स में होने वाली प्रोटीन की कमी को दूर कर मसल्स को मजबूती प्रदान करते हैं।



यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय अर्बानाशैंपेन की रिसर्च के अनुसार उम्रदराज व्यक्ति अगर अंडे के सफेद भाग के बजाय साबुत अंडा खाते हैं, तो उनकी मसल्स ग्रोथ 40 प्रतिशत बढ़ जाती है। साथ ही उनका कोलेस्ट्रॉल लेवल मेंटेन रहता है और दिल की बीमारी होने का खतरा कम होता है।

**बेरीजः** उम्र बढ़ने के साथ शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस ज्यादा हो जाता है, जो मसल्स ब्रेकडाउन को बढ़ा देता है और मसल्स-रिकवरी को स्लो कर देता है। स्ट्रॉबेरीज, मेलबेरीज, शहतूत जैसी बैरीज में मौजूद पॉलीफिनोल्स ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पैदा करने वाले फ्री-रेडिकल्स को खत्म कर देते हैं। एक रिसर्च के मुताबिक बेरीज खाने से मसल्स की रिकवरी जल्दी होती है और वे मजबूत होते हैं।

**व्हे-प्रोटीनः** दूध का कंसंट्रेटेड फॉर्म ही व्हे-प्रोटीन कहलाता है। इसमें किसी भी नेचुरल फूड के मुकाबले ज्यादा ल्यूसिन अमीनो एसिड ज्यादा होता है। जो मसल्स में प्रोटीन के इस्तेमाल को बढ़ाता है। यह शरीर में बहुत तेजी से अवशोषित हो जाता है। मसल्स ग्रोथ दुबारा शुरू हो जाती है। जर्नल ऑफ अमेरिकन मेडिकल डायरेक्टर्स एसोसिएशन की एक रिसर्च के अनुसार प्रोटीन-रिच खाद्य पदार्थों की अपेक्षा व्हे-प्रोटीन के सेवन से मसल्स 40 प्रतिशत अधिक हेल्दी होते हैं। व्हे-प्रोटीन में बायो एक्टिव पेप्टाइड होते हैं, जो मसल्स में ब्लड फ्लो को बढ़ाते हैं, इंसुलिन सेंसिटिविटी को इंप्रूव करते हैं और इंफ्लेमेशन कम करते हैं। व्हे-प्रोटीन में मौजूद सिस्टीन शरीर में जाकर ग्लटाथायोन एंटीऑक्सीडेंट बनाता है, जो उम्र बढ़ने पर मसल्स को होने वाले नुकसान से बचाता है। यहां बताए गए किसी भी प्रोटीन रिच फूड आइटम का सेवन करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### हरी पत्तेदार सब्जियां



**हरी पत्तेदार** सब्जियों में नाइट्रेट काफी मात्रा में मिलता है, जिसे हमारा शरीर नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह नाइट्रिक ऑक्साइड एक ऐसा कंपाउंड है, जो मसल्स में ब्लड फ्लो को बढ़ा देता है, जिससे मसल्स को न्यूट्रिएंट्स ज्यादा मात्रा में मिलते हैं। अध्ययनों से साबित हुआ है कि नाइट्रेट खाने से बड़े बुजुर्गों की मांसपेशियां ज्यादा अच्छे ढंग से काम करती हैं। अगर ब्लड फ्लो कम हो जाए तो मांसपेशियों की परफॉर्मेंस कम हो जाती है और मांसपेशियों की रिकवरी जल्दी नहीं होती।

हरी पत्तेदार सब्जियों में कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम होता है। इनकी जरूरत मांसपेशियों के संकुचन के लिए होती है। एक कटोरी पकी हुई पालक में दिन की जरूरत का 40 प्रतिशत मैग्नीशियम होता है। इन मिनरल्स की अगर बॉडी में कमी हो जाए तो इससे मसल क्रैंप्स पड़ने लगते हैं, मसल्स कमजोर हो जाते हैं और आकार छोटा होने लगता है। 2015 में जर्नल्स ऑफ जेरेंटोलॉजी में एक स्टडी से पता चला कि जो सीनियर सिटीजन विटामिन-के ज्यादा खाते हैं, उनमें उम्र बढ़ने पर मसल लॉस कम होता है।

## सजेशन / राजकुमार 'दिनकर'

# सुपर ड्रिंक है नारियल पानी



हालांकि नारियल पानी कभी भी पीना फायदेमंद होता है, लेकिन चिलचिलाती गर्मियों में सुबह-सुबह पीया गया एक ग्लास नारियल पानी, हमें न केवल दिनभर हाइड्रेट रखता है बल्कि एनर्जी से भी लबालब रखता है। इसीलिए इसे सेहत का सुपर ड्रिंक कहते हैं। नारियल एक ऐसा नेचुरल ड्रिंक है, जिसमें स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद करीब-करीब सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं।

**मिनरल्स का खजानाः** नारियल पानी में कई विटामिंस, खनिज और इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे पोटैशियम, सोडियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम होते हैं, जो गर्मी में पसीने से खोए मिनरल्स को पूरा करते हैं।

**डिहाइड्रेशन से राहतः** नॉर्मल पानी के मुकाबले यह ज्यादा तेजी से हमारे शरीर को हाइड्रेट करता है। नारियल पानी हमें थकावट, चक्कर आने और लू लगने से बचाता है। यह लो कैलोरी और नो फैट ड्रिंक है यानी इसके पीने के बाद वजन नहीं बढ़ता। एक ग्लास नारियल पानी में सिर्फ 40-50 कैलोरी ही होती है।

**पेट के लिए अच्छाः** चिलचिलाती गर्मियों में नारियल पानी पेट के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह न सिर्फ शरीर को तुरंत ठंडक देता है, बल्कि पेट से जुड़ी कई तरह की समस्याओं में भी तुरंत राहत दिलाता है। मसलन पेट की जलन, अपच और एसिडिटी में इन दिनों नारियल पानी रामबाण है। दस्त या उल्टी के बाद कमजोरी से लड़ने में भी मदद करता है।

यह अधिकतर लोगों को सूट करता है। हालांकि यदि आप किडनी के मरीज हैं तो बिना डॉक्टर की सलाह के इसे न पीएं। इसी तरह यूं तो डायबिटिक पेशेंट्स को ताजा नारियल पानी ठीक रहता है, लेकिन सीमित मात्रा में। गर्मियों में सुबह खाली पेट नारियल पानी पीना सबसे ज्यादा फायदेमंद है। तेज धूप से कहीं लौटने के बाद के बाद यदि थकान और कमजोरी महसूस हो रही हो, उस समय भी नारियल पानी पीना बहुत फायदेमंद है। यदि हल्का सिरदर्द या थकान महसूस हो रही है, उस समय भी नारियल पानी पीना फायदेमंद है। भोजन के बाद नारियल पानी पीना हो तो कम से कम 1 घंटे का अंतराल रखें। *

## अवेयरनेस

**सृजन अरोड़ा**

वैसे तो बच्चे को अपने मां-पिता से बहुत सारे गुण मिलते ही हैं, लेकिन वैज्ञानिक शोधों से ज्ञात हुआ है कि बच्चे में बहुत सारे हेल्थ इश्यूज, उसे अपनी मां से मिलते हैं। इस बारे में सभी पैरेंट्स जानना चाहेंगे।

# मां से बच्चे में ट्रांसफर होते हैं कई हेल्थ इश्यूज



बच्चे की सूरत का अपनी मां के समान होना, सामान्य माना जाता है। वास्तव में बच्चे की शक्ल-सूरत ही नहीं, सीरत और उसकी सेहत कैसी होगी, इसमें भी मां की भूमिका अहम होती है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि मां की हेल्थ अगर अच्छी रहेगी, वह अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखे तो उसके बच्चे भी कई बीमारियों से बचे रहेंगे।

**माइटोकांड्रियल डीएनएः** शरीर की हर कोशिका में माइटोकांड्रिया होता है। किसी भी उम्र में व्यक्ति माइटोकांड्रियल डीएनए संबंधी बीमारियों का शिकार हो सकता है। मांसपेशियों की कमजोरी, तंत्रिका संबंधी समस्याएं, दृष्टि और सुनने में कमी तथा लैक्टिक एसिडोसिस मेटाबॉलिक डिसऑर्डर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनका स्थाई इलाज न होने की वजह से केवल इनके लक्षणों को नियंत्रित कर जटिलताओं से बच सकते हैं।

**आंखों से जुड़ी बीमारियां:** कई नेत्र रोग जैसे पैथोलॉजिकल मायोपिया (गंभीर निकट दृष्टि दोष) के जीन मां से विरासत में मिलते हैं। इसमें आंखों की संरचना में बदलाव आते रहते हैं। जिससे पर्मानेंट विजन लॉस होने की आशंका भी रहती है।

**बुद्धिमत्ताः** माना जाता है कि बुद्धिमत्ता परिवार में चलती है। लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार ऐसा मां के जीन के कारण होता है क्योंकि बुद्धिमत्ता से जुड़े जीन X क्रोमोसोम में पाए जाते हैं। चूंकि महिलाओं में दो X क्रोमोसोम होते हैं, इसलिए अधिकांश बच्चों की मानसिक बुद्धिमत्ता और सोचने-समझने का तरीका मां से मिलता-जुलता होता है।

**स्लीप-पैटर्नः** बच्चे की नींद संबंधी आदतें तय होने में आनुवांशिक जीन का योगदान होता है। अध्ययनों के अनुसार बच्चों में अनिद्रा के 31 से 58 प्रतिशत मामले मां से विरासत में मिलते हैं।

**एजिंग प्रोसेसः** मां से मिलने वाला माइटोकांड्रियल डीएनए, बच्चे में भी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को प्रभावित करता है। डीएनए में होने वाले म्यूटेशन से कोशिकीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता में कमी और ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ सकता है। यानी, शरीर में हानिकारक फ्री-रेडिकल्स जमा होने लगते हैं। यह धीरे-धीरे कोशिकाओं की कार्यक्षमता को घटाता है, जिससे बुढ़ापा जल्दी आने लगता है। अगर मां के माइटोकांड्रियल डीएनए में पहले से कुछ दोष या म्यूटेशन हैं, तो वही दोष बच्चे को भी मिलते हैं, जिससे उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज हो सकती है।

**एडीएचडीः** बच्चे में एडीएचडी विकार (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) माता-पिता किसी से भी विरासत में मिल सकता है। लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि इसमें मातृ जीन की भूमिका ज्यादा होती है। जीन के साथ कई अन्य कारक भी बच्चे में इस विकार की संभावना को बढ़ाते हैं जैसे- गर्भावस्था के दौरान तंबाकू का धुआं, शराब या अन्य मादक पदार्थों का सेवन, विषैले पदार्थों के संपर्क में आना, गर्भावस्था के दौरान मां का तनावग्रस्त रहना। इसके साथ ही जन्म के बाद मां की जीवनशैली, खान-पान का असर भी बच्चे पर पड़ता है।

**मूड डिसऑर्डर्सः** अध्ययनों से साबित हुआ है कि डिप्रेशन के लगभग 40-50 प्रतिशत और बाइपोलर डिसऑर्डर के 60-80 प्रतिशत मामलों के पीछे मातृ जीन का हाथ होता है। लेकिन जीवन में तनाव और अप्रत्याशित दुर्घटना जैसे बाहरी कारक भी बच्चे में मूड डिसऑर्डर विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**ऑटोइम्यून डिजीजेजः** आनुवांशिक तौर पर मां से मिले माइटोकांड्रियल डीएनए की वजह से ल्यूपस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस और रूमेटाइड आर्थराइटिस जैसी ऑटोइम्यून बीमारियां होने का खतरा रहता है। *

**(साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एंडोक्राइन सोसाइटी, इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**



## फिटनेस फंडा

**आरव चौधरी**

सोनी सब के शो 'वीर हनुमान' में हनुमान के पिता केसरी का रोल प्ले कर रहे एक्टर आरव चौधरी अपनी फिटनेस का खास खयाल रखते हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए आरव क्या कुछ करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# कहीं भी रहूं, वर्कआउट जरूर करता हूं

एक्टर आरव चौधरी एक्टिंग के अलावा अपनी फिट बॉडी के लिए भी जाने जाते हैं। चाहे कितना भी बिजी शेड्यूल हो, वे वर्कआऊट के लिए टाइम जरूर निकालते हैं। अपने वर्क और फिटनेस रूटीन के बीच बैलेंस बनाकर चलते हैं, आरव चौधरी। अपने फिजिकल-मेंटल हेल्थ के लिए वे क्या करते हैं, अपनी डाइट और वर्कआउट रूटीन के बारे में डिटेल में यहां बता रहे हैं एक्टर आरव चौधरी।

**वर्कआउट रूटीनः** मेरा वर्कआउट रूटीन सिंपल है। मौसम अच्छा हो, तो दौड़ने चला जाता हूं और मौका मिला तो स्विमिंग भी कर लेता हूं। शूटिंग के दौरान घुड़सवारी अपने आप हो ही जाती है। इसके अलावा मैं चाहे कहीं भी जाऊं, अपने लिए जिम जरूर ढूंढ़ लेता हूं। अगर किसी ऐसे रिमोट एरिया में जाना हुआ, जहां कोई जिम नहीं है तो ऐसे में मैं कोई ऐसा घर ढूंढ़ लेता हूं, जहां दो-चार डंबल्स ही मिल जाएं, मैं उसी से वर्कआउट कर लेता हूं। लेकिन वर्कआउट करता जरूर हूं। मेरी कोशिश होती है कि हफ्ते में कम से कम पांच-छह दिन वर्कआउट जरूर करूं। मैं डेढ़ से दो घंटे एक्सरसाइज करता हूं। अगर समय कम हो, तो भी कम से कम पैंतालीस मिनट से एक घंटा तो डेली वर्कआउट करता ही हूं।

**फॉलो करता हूं हेल्दी डाइट प्लानः** मैं हमेशा सादा खाना खाता हूं। शूटिंग के दौरान भी दाल, रोटी, चावल, राजमा, बिना ग्रेवी वाला पनीर वगैरह साथ रखता हूं। इसके अलावा फ्रूट्स खाता हूं, प्रोटीन लेता हूं, व्हे प्रोटीन पीता हूं और दिन में अंडे खाता हूं। मुझे मीठा खाना बहुत पसंद है, लेकिन पिछले चार महीने से मैंने मीठा नहीं खाया है।

**मेंटल हेल्थ भी जरूरीः** ओवरऑल फिटनेस के लिए फिजिकल फिटनेस के साथ-साथ मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। अच्छी मेंटल हेल्थ के लिए मैं प्रभु का नाम जपता हूं, ध्यान-साधना करता हूं। इसके अलावा मैं हमेशा वर्तमान में यानी आज में, अब में जीने की कोशिश करता हूं। मैं जहां भी रहता हूं, वहां हमेशा हंसी-खुशी, उल्लास, आनंद और प्रेम के साथ सबसे मिलकर रहने की कोशिश करता हूं। साथ ही मेरी कोशिश रहती है कि अपने आस-पास प्यार, हंसी-खुशी और आनंद बांट सकूं।

**मेरे फिटनेस आइडलः** मेरे सबसे बड़े फिटनेस आइडल हैं पवनपुत्र बजरंगबली हनुमान। उनके बाद बहुत से लोग हैं। हमारे ही देश के मनोहर आइच, जो मिस्टर इंडिया, मिस्टर वर्ल्ड और मिस्टर यूनिवर्स रहे हैं। एक सौ एक वर्ष की आयु तक जीवित रहे मिस्टर आइच और इस उम्र तक वे वर्कआउट करते रहे और लोगों को ट्रेन भी करते रहे। उनके अलावा, हॉकी के जादूगर ध्यानचंद, बॉक्सर मोहम्मद अली, हॉलीवुड एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन, अर्नोल्ड श्वार्जनेगर। नेशनली-इंटरनेशनली बहुत सारे लोग हैं, जिनसे फिटनेस की इंस्पिरेशन ली जा सकती है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**








## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
505 रन
बेंगलुरु

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप



### ताइपे ओपन : श्रीकांत आयुष, दूसरे दौर में

**ताइपे।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना अभियान शानदार तरीके से शुरू करते हुए सीधे गेम में जीत दर्ज कर कई अन्य युवा खिलाड़ियों के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने हमवतन संकर सुब्रमण्यम (2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता) को 21-16 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया और अब उनका सामना एक अन्य भारतीय आयुष शेट्टी से होगा। ओरलियंस मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंच आयुष ने चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ली चिया हाओ को 50 मिनट में 21-17 21-18 से शिकस्त दी। वहीं 2023 राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता थारूण मानेपल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान के शोगो ओगाा को 70 मिनट में 21-17 19-21 21-12 से मात दी ।

भारत के कम से कम दो पदक पक्के हो गए

# भारतीय पुरूष, महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें विश्व कप दूसरे चरण के फाइनल्स में

एजेंसी ▶▶ शंघाई

भारतीय पुरूष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें बुधवार को विश्व कप के दूसरे चरण के फाइनल्स में पहुंच गई जिससे भारत के कम से कम दो पदक पक्के हो गए। कंपाउंड तीरंदाजों ने जहां अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं ओलंपिक में शामिल रिकर्व वर्ग में निराशा हाथ लगी।

धीरज बोम्मादेवरा ही शीर्ष दस में जगह बना सके जबकि बाकी का क्वीफाइंग दौर में स्कोर खराब रहा । भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की नंबर एक टीम ने ब्रिटेन को क्वार्टर फाइनल में 239 . 232 से हराया । इसके बाद डेनमार्क को 232 . 231 से मात दी ।

### महिला कंपाउंड में भारत का मुकाबला मैक्सिको से होगा

महिला कंपाउंड वर्ग में भारत की मधुरा धमनगांवकर, चिकिता तानीपर्थी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कजाखस्तान की टीम को क्वार्टर फाइनल में हराया । इसके बाद ब्रिटेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शनिवार को उसका सामना मैक्सिको से होगा ।

### धीरज ने शीर्ष दस में बनाई जगह



### क्वार्टर फाइनल में भारत ने पहली सीरिज गंवाई

ब्रिटेन के खिलाफ पुरूष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में भारत ने पहली सीरिज 59 . 60 से गंवा दी जिसके बाद 60 . 58 से जीता । तीसरी सीरिज में भारत 60 . 57 से विजयी रहा और चौथा सेट भी इसी अंतर से जीता । सेमीफाइनल में भारत ने पहली सीरिज 57 . 60 से गंवाई जबकि दूसरी में स्कोर 58 . 58 रहा ।

### भारत ने कजाक व ब्रिटेन को हराया

तीसरी सीरिज भारत ने 115 . 118 से गंवाई । इसके बाद भारत ने 57 . 56 से जीत दर्ज की। महिला कंपाउंड वर्ग में भारत ने कजाखस्तान को 232 . 229 से और ब्रिटेन को 232 . 230 से हराया ।

### तरूणदीप रिकर्व वर्ग में 28वें स्थान पर

रिकर्व वर्ग में विश्व कप कांस्य पदक विजेता धीरज 677 अंक लेकर क्वालीफाइंग दौर में नौवे स्थान पर रहे । वह शीर्ष दस में रहने वाले एकमात्र भारतीय थे। एशियाई खेल 2010 के रजत पदक विजेता तरूणदीप राय 666 स्कोर करके 28वें स्थान पर रहे । वहीं ओलंपियन अतनु दास 57वें स्थान पर रहे । पुरूष टीम वर्ग में भारत सातवें स्थान पर रहा ।

### महिला वर्ग में दीपिका 12वें स्थान पर रही

महिला वर्ग में दीपिका कुमारी 12वें, अंकिता भकत 17वें और अंशिका कुमारी 29वें स्थान पर रही । धीरज और दीपिका रिकर्व मिश्रित वर्ग में आठवें स्थान पर रहे ।

त्रिकोणीय मुकाबले के फाइनल में होगा श्रीलंका से सामना

# रौड्रिग्स का शतक, भारतीय महिला टीम 23 रन से जीतकर फाइनल में

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

जेमिमा रौड्रिग्स की कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 123 रन की पारी तथा सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (51 रन) और दीप्ति शर्मा (93 रन) के अर्धशतकों की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 23 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना श्रीलंका से होगा।

चौबीस वर्ष की रौड्रिग्स की 15 चौकों और एक छक्के जड़ित 101 गेंद की पारी से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 337 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर अपनी तेज गेंदबाज अमनजोत कौर (59 रन देकर तीन विकेट) और ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (57 रन देकर दो विकेट) की मदद से दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट पर 314 रन ही बनाने दिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनेरी डर्कसेन की 81 रन और कप्तान क्लो ट्रायोन की 67 रन की पारी भी काम नहीं आ सकी। भारत ने रॉउड रॉबिन चरण का अंत चार मैच में छह अंक के साथ समाप्त किया। श्रीलंका के तीन मैच में चार अंक हैं और शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर वह दो अंक और हासिल कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका लगातार तीन मैच गंवाकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जबकि उसे अभी श्रीलंका के खिलाफ एक मैच खेलना है। इससे पहले रौड्रिग्स ने मंधाना के साथ पहले विकेट के लिये 99 गेंद में 88 रन की साझेदारी की । इसके बाद दीप्ति के साथ 115 गेंद में 122 रन जोड़े । भारत के सलामी बल्लेबाज हुए जल्दी आऊट दक्षिण अफ्रीका के लिये तेज गेंदबाज मसाबाता क्लास , एन डि क्लेर्क और स्पिनर नोंकुलुलेको एमब्लाबा ने दो दो विकेट लिये । पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर भारत की सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल (एक) जल्दी आउट हो गई ।

खास खबर

## पंड्या और नेहरा पर लगा जुर्माना



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उनकी टीम पर धीमी ओवरगति के लिये भारी जुर्माना लगाया गया जबकि गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर खेलभावना के विपरीत आचरण के लिये जुर्माना और डिमेरिट अंक लगाये गए । मुंबई को आईपीएल के वर्षाबाधित मैच में गुजरात ने डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर तीन विकेट से हराया। आईपीएल ने एक बयान में कहा ,'' यह आईपीएल आचार संहिता के तहत इस सत्र में उनकी टीम का धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था । पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना और गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है ।''मुंबई की बाकी टीम और स्थानापन्न खिलाड़ियों पर छह लाख रूपये या उनकी मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है। नेहरा की गलती के बारे में विज्ञप्ति में बताया नहीं गया लेकिन बार बार बारिश के कारण मैच रूकने के दौरान उन्हें आपा खोते देखा गया । वह मैदानी अंपायरों से भी बार बार बात कर रहे थे ।

### अब हर मैच को प्लेऑफ की तरह लेंगे

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि उनकी टीम ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान क्रियान्वयन में गलती की और नियंत्रण बनाने के बावजूद हार गए इसलिये पांच बार की चैंपियन अब से बचे हुए प्रत्येक मैच को 'प्लेऑफ' की तरह लेगी। गुजरात टाइटन्स ने बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। गुजरात की टीम ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मुंबई को अब 'प्लेऑफ' के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। जयवर्धने ने मैच के बाद मीडिया से कहा, ''मुझे लगता है कि इस हार से सब पता चल जाता है। दोनों टीमों ने कुछ गलतियां कीं। लेकिन हमने शायद उनसे कहीं ज्यादा गलतियां कीं।'' उन्होंने कहा, ''हम ऐसी स्थिति में थे जब हमारे पास पांच मैच में चार हार और एक जीत थी। लेकिन उसके बाद से हम लगभग हर मैच में जीत की स्थिति में थे। हमने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। ''

### खेलो इंडिया युवा खेलों की लाइव स्ट्रीमिंग

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ हाल ही में हुई साझेदारी को आगे बढाते हुए खेलो इंडिया युवा खेलों का आईओसी के आनलाइन चैनल पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है। खेल बिहार और दिल्ली के पांच शहरों में आयोजित किये जा रहे हैं । ओलंपिक डॉट कॉम ने पहली बार लेह और गुलमर्ग में जनवरी और मार्च में हुए शीतकालीन खेलों के लिये खेलो इंडिया के साथ साझेदारी की थी । इन खेलों के मुख्यांश यूरोस्पोर्ट पर उपलब्ध हैं ।

धर्मशाला हवाई अड्डा बंद!

# आपरेशन सिंदूर से आईपीएल टीमों की यात्रा होगी प्रभावित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/धर्मशाला

पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद होने के कारण आईपीएल टीमों की यात्रा का कार्यक्रम प्रभावित हुआ है जिन्हें वहां खेलना है और बीसीसीआई इस अस्थिर स्थिति से निपटने के लिए अपने विकल्पों पर विचार कर रहा है। धर्मशाला में बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच होना है । इसके बाद 11 मई को पंजाब और मुंबई इंडियंस का मैच वहां खेला जाना है। मुंबई टीम का यात्रा कार्यक्रम भी अभी अनिश्चित है । तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए शाम के मैच में 'फ्लडलाइट्स' का प्रयोग सुरक्षा मुद्दा है और इसका असर इस बात पर पड़ सकता है कि मैच तय कार्यक्रम के अनुसार होगा या नहीं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने बताया, ''हमें बीसीसीआई या केंद्र और राज्य सरकारों से कल के मैच को रद्द करने के बारे में कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। जब तक कोई आधिकारिक निर्देश नहीं मिलता, हम कार्यक्रम के अनुसार ही काम करेंगे। '' रविवार का मुकाबला अभी 'लॉजिस्टिक' चुनौती है क्योंकि एयरपोर्ट के अनिश्चितकालीन बंद होने के कारण मुंबई इंडियंस यात्रा करने की स्थिति में नहीं है। पता चला है कि बीसीसीआई मैच को मुंबई में स्थानांतरित करने के विकल्प पर विचार कर रहा है।

### स्थल परिवर्तन के बारे में नहीं बताया गया : पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स के एक अधिकारी ने कहा, ''हमें अभी तक स्थल परिवर्तन के बारे में नहीं बताया गया है। हम बीसीसीआई के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। '' धर्मशाला पंजाब किंग्स टीम का दूसरा घरेलू मैदान है । पंजाब टीम को यात्रा संबंधी फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि वे इस सप्ताह के अंत तक वहीं रहेंगे । दिल्ली को देखना होगा कि उसके खिलाड़ी वापिस कैसे आयेंगे जिन्हें रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस से खेलना है ।

**E Auction Sale Notice under IBC, 2016**
M/s M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation
CIN : U13100MH2010PTC263990
Liquidator's Office : 1502, Ved Solitaire, Cement Road, Dharampeth Extension, Shivaji Nagar, Nagpur, 440010

Notice is hereby given to the public at large for inviting bids for sale of following immovable properties forming part of the Liquidation Estate of Corporate Debtor viz M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation ('Corporate Debtor'), through e-auction on "as is whereis basis", "as is what is basis", "whatever there is basis" and "without recourse basis". Sale will be done by the undersigned through E-Auction service provider eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com).
The bidding shall take place through online e-auction service provider eBKray.

Amount (in Rs.)

| Sr. No. | Description | Reserve Price | Reserve Price | EMD | Bid Incremental value |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Industrial Land & Building Standing on - Lease hold land at Plot No. 13,14,52,51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India | 7th June 2025. 11.00 A.M. to 01.00 P.M | 1,54,01,377 | 1,54,013 | 50,000 |

**Last date to submit the EOI & all documents as per E-Auction Process document:** 28th May 2025
**Date of Inspection:** Till 31st May 2025 with prior intimation to the liquidator.
**Last date of submission of EMD:** 5th June 2025 till 6.00 P.M.
**Terms & Conditions of the sale is as under:**
(For detail of the assets, refer Annexure-V of the E-auction Process Document).
1. E-auction will be conducted on "AS IS WHEREIS, AS IS WHAT IS, WHATEVER THERE IS BASIS AND WITHOUT RECOURSE BASIS" as such sale is without any kind of warranties and indemnities, through approved service provider eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com)
2. Contact person on behalf of Liquidator: Mr. Suparn Naidu, Email: msmining.cirp@gmail.com, Contact no-+91 9922929919
3. The complete and detailed information about the assets of the company, online e-auction Bid Form, Declaration and Undertaking Form, General Terms and Conditions of online auction sale are available in the "E-Auction Process Memorandum" The sale notice must be read along with the E-Auction Process Memorandum which is available at https://ibbi.baanknet.com
4. Prospective bidders shall deposit the Earnest Money Deposit (EMD) through the e-auction platform https://ibbi.baanknet.com. Account no. 50526421486, Name of the beneficiary: M.S. Mining and Consultancy Pvt Ltd Under Liquidation, with Indian Bank, Gandhibagh Branch, Nagpur. IFSC Code: IDIB000G521. Last date of EMD Payment is 5th June 2025 till 5.00 P.M.
5. Prospective bidders shall submit an undertaking that they do not suffer from any ineligibility u/s 29 A to the extent applicable and if found ineligible at any stage, the earnest money deposited shall be forfeited.
6. Within 3 days of declaring highest bidder, liquidator shall conduct due diligence and verify the eligibility of the highest bidder. In case the highest bidder is found ineligible, the liquidator may, in consultation with SCC, declare next highest bidder as successful bidder.
7. It is clarified that, this invitation purports to invite prospective bidders and does not create any kind of binding obligations on the part of the Liquidator or the Corporate Debtor to effectuate the sale. The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/postpone/cancel/modify/terminate the e-auction at any stage without assigning any reason thereof.

Date: 08/05/2025
Place: Nagpur

CMA Srigini Rajat Naidu,
Liquidator- M.S. Mining and Consultancy Private Limited (under Liquidation)
IBBI Regn. No: IBBI/IPA-003/IP-P00137/2017-2018/11513

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-अनूपपुर (म. प्र. )**
**निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त ) अनूपपुर**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in/ पर अनूपपुर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निविदा के (Bill of Quantity) अनुसार पाईप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन, उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल, एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाऐं निम्नानुसार आमंत्रित हैं । निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | निविदा क्रमांक/दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा सिस्टम ई-टेण्डर नम्बर | ग्राम का नाम | निविदा की लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में.) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार का श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/2025-26 दिनांक 02.05.2025 | 2025_PHED _420672_1 | पोड़ी एवं चोड़ी (विकासखण्ड अनूपपुर ) | 293.72 | 293720/- | 15000/- | 09 माह वषार्काल सहित। | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) मे पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 02/2025-26 दिनांक 02.05.2025 | 2025_PHED _420673_1 | बुढ़ानपुर (विकासखण्ड कोतमा) | 104.14 | 104140/- | 12500/- | 09 माह वषार्काल सहित। | |
| 3 | 03/2025-26 दिनांक 02.05.2025 | 2025_PHED _420907_1 | अल्हवार (विकासखण्ड पुष्पराजगढ़) | 2.24 | 4490/- | 2000/- | 02 माह वषार्काल छोड़कर। | |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 19.05.2025 17.30 बजे, ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 19.05.2025 17.30 बजे, ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि : 21.05.2025 11.00 बजे
निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन माध्यम से ही क्रय किये जा सकते हैं । विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर प्रदर्शित हैं । निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा । समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगें ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अनूपपुर (म.प्र.)

G-12472/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.) लोककर्म विभाग**
N.I.T. NO.:PWD/2025-26/04/E-tendring/PRO-106 Date-07/05/2025
**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समया-वधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_421474_1 08/05/2025 | संभाग क्रमांक -04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत शिव शक्ति धुलाई सेंटर से ट्रांसफार्मर तक कवर्ड आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह रू. 3.34 | 2000/- 3345/- | 19/05/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड WWW.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
संभाग क्रं. 04 ,नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**
Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: cmobijurimpurban.gov.in.
क्र. 81/न.पा./लो.नि./2025 **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** बिजुरी, दिनांक 23.04.2025

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग मे केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD _418735_1 | SOLAR HIGH MASK LIGHT SHOULD BE INSTALLED AT VARIOUS LOCATION IN WARD NUMBER 11 | 02.96 लाख | 2964.00 | 2000.00 | 09-05-2025 (17:30 HRS) |
| 2 | 2025_UAD _418734_1 | CONSTUCTION OF BT ROAD FROM VIKASH SONKAR HOUSE TO CHAURA VIA AMAR SINGH HOUSE AT WARD NO 08 | 33.67 लाख | 25254.00 | 5000.00 | 28-05-2025 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में नि:शुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है 2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है । 3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जायेगा. समाचार पत्र में नहीं ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् बिजुरी जिला अनूपपुर (म.प्र.)

**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)**
**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत अ. डिपो लालपुर खैरबना (कवर्धा) में एकत्रित ईमारती काष्ठ एवं विभिन्न अस्थाई जलाऊ डिपो में एकत्रित जलाऊ चट्टों का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-आक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / काष्ठागार कवर्धा से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 22.05.2025
समय - 9:00 बजे प्रात: से

**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 176.452 | 107 | 129 | 305.313 | 836 | 562 | 481.765 | 943 | 691 |
| साल | 16.189 | - | - | 56.395 | 114 | - | 72.584 | 114 | - |
| बीजा | 2.267 | - | - | 2.536 | 7 | 22 | 4.803 | 7 | 22 |
| तिंसा | 1.330 | - | - | - | 60 | - | 1.330 | 60 | - |
| साजा | 7.680 | - | - | 6.878 | 124 | 11 | 14.558 | 124 | 11 |
| हल्दू | 1.654 | - | - | - | 88 | - | 1.654 | 88 | - |
| धावड़ा | 2.098 | - | - | 2.892 | 78 | - | 4.990 | 78 | - |
| कसही | 0.778 | - | - | - | - | - | 0.778 | - | - |
| अन्य | 112.211 | - | - | 4.522 | 500 | - | 116.733 | 500 | - |
| योग:- | 320.659 | 107 | 129 | 378.536 | 1807 | 595 | 699.195 | 1914 | 724 |

टीप :- (1) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-Auction portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है.
(अ) अ. जलाऊ डिपो रामपुर में साल प्रजाति के 60 चट्टा, अ. डिपो लालपुर खैरबना में मिश्रित प्रजाति के 198 चट्टा, अ. ज. डिपो बोड़ला में सागौन प्रजाति के 08 चट्टा, सलिहा प्रजाति के 05 चट्टा, अ. ज. डिपो बानो में मिश्रित प्रजाति के 10 चट्टा, सलिहा प्रजाति के 74 चट्टा, कुल 355 जलाऊ चट्टा ।
(2) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।
(3) लाट की थप्पीसूची एवं फोटो MSTC E-Auction portal में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है ।
(4) ई-आक्शन में लॉट क्रय करते समय प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा ।

वन मंडलाधिकारी
कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा


जी-252600686/6 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

# एयर स्ट्राईक के बाद हर मुश्किल से निपटने तैयार हैं हम





## मॉक ड्रिल के दौरान जिले में हुआ कम्प्लीट ब्लैक आउट




**जबलपुर।** आपदा की स्थिति में नागरिक सुरक्षा को लेकर शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार आज जबलपुर में चार जगह मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरूक किया गया। गोरखपुर पुराना थाना में शाम 7.30 बजे ब्लैकआउट के साथ मॉक ड्रिल किया गया। ब्लैक आउट शाम 7.30 बजे से 7.42 तक रहा, जिसमें लोगों ने स्वविवेक से अपने-अपने घरों के बाहर की, दुकानों की, सड़क में चल रहे वाहनों की तथा शासकीय-अशासकीय संस्थाओं में निर्धारित समय में लाईट बंद कर दी गई। ताकि आपदा के समय छदम रूप से इसे आवासीय क्षेत्र प्रकट करना नहीं था।

# जिले में चार स्थानों पर की गई आपात परिस्थितियों की मॉकड्रिल

हरिभूमि, जबलपुर।

पाक के नापाक आतंकी ठिकानों को घर में घुसकर तबाह करने की चर्चा सरगर्म रही और लोग सरकार के साहसिक कदम की तारीफ करते नजर आए। इसी बीच केन्द्र सरकार के निर्देश पर जिला, प सैन्य प्रशासन के साथ साथ सिविल डिफेंस टीम फायर ब्रिगेड के संयुक्त अमले द्वारा युध्द की स्थिति में किसी भी आप्रत्याशित हमले से उत्पन्न संकटों से निपटके लिये तैयार रहने का अभ्यास (मॉक ड्रिल) की गई। जिसके के 4 स्थानों समदड़िया माल सिविक सेंटर, रेडीमेड गारमेंट कलस्टर गोहलपुर, पुराना गोरखपुर थाना और जिले के प्रमुख तहसील सिहोरा के व्यस्ततम क्षेत्र झंडा बाजार में रिहर्सल (मॉक ड्रिल) की गई।

वहीं दोपहर बाद प्रशासन की मॉक ड्रिल शुरु हुई। जिसमें जंग आगे बढ़ने की सूरत में किस तरह से रिस्पांड करना है उसका अभ्यास किया गया। वहीं देर शाम पूर्ण ब्लैक आउट का सायरन बजा तो पूरे जिले में अंधेरा छा गया।

### सिविक सेंटर, गोहलपुर और गोरखपुर में ड्रिल

शाम 4 बजे सिविक सेंटर के समदड़िया माल में हवाई हमले के बाद राहत और बचाव कार्य की ड्रिल की गई। जिसमें समदड़िया माल के पास बम गिरा और आग लग गई, धुआ उठने लगा सायरन बजते ही राहत और बचाव दल सक्रिय हो गया। माल में फंसे लोगों को निकालने के लिये और आग बुझाने सिविल डिफेंस की टीम, दमकल गाड़ियां, एम्बुलेंस और पुर मौके पर पहुंचीं। आग बुछाई गई, घायलो को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद शाम 5.15 बजे गोहलपुर स्थित गामेन्ट क्लस्टर में पूरी ड्रिल दोहराइ गई। फिर उसके बाद 6.15 बजे गोरखपुर पुराना थाना में हवाई हमलों और उससे निपटने की मॉक ड्रिल की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी तैयारियों का जायजा लिया गया। सिहोरा में झंडाबाजार में मॉक ड्रिल की गई। यह सब एक ड्रिल थी, लेकिन इसे इतनी दक्षता और तैयारी से किया गया पूरा शहर कुछ देर के लिये ठिठक कर ठहर गया।

### संयुक्त रही मॉक ड्रिल.

मॉक ड्रिल जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, निगमायुक्त प्रीति यादव के नेतृत्व में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में पुलिस, नागरिक सुरक्षा संगठन, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम का अग्निशमन दल, रेडक्रॉस सोसायटी एवं एनसीसी कैडेट्स की भागीदारी भी रही।




आधार आधारित EMI | हायपोथेकेशन नहीं

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices are applicable in Indore. #Cash Bonus Offer Valid on XTREME 125R. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

L&K | SAATCHI & SAATCHI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित I प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240